RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 255
फरीदाबाद, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



फैशनेबल ढंग से करें संवाद
पेज - 11

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 28.01°C
न्यूनतम 18.01°C

## क्विक न्यूज

### टी-20 विश्वकप: भारत के सात विकेट पर 151 रन



**दुबई।** पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्वकप के सुपर 12 चरण के अपने पहले मैच में भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा तथा केएल राहुल सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कप्तान विराट कोहली (57) और ऋषभ पंत (39) ने पारी को संभाला। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने तीन और हसन अली ने दो विकेट लिए।

● विस्तृत खबर पेज-12

### हरियाणा, पंजाब में बारिश होने से गिरा पारा

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में रविवार को बारिश होने से दिन में पारा गिर गया। यहां मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में सुबह भारी बारिश हुई, जिससे पारा कुछ डिग्री तक गिर गया। उन्होंने बताया कि पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यहां बताया कि क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह परिवर्तन आया है।

### एक से बढ़कर दो रुपये हो जाएगी माचिस की कीमत

**चेन्नई।** इस साल एक दिसंबर से माचिस की डिब्बी की कीमत मौजूदा एक रुपये से बढ़कर दो रुपये हो जाएगी। इसकी वजह निर्माण लागत बढ़ने और कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होना है। उद्योग निकाय ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उपभोक्ताओं को दो रुपये में मिलने वाली डिब्बी में 36 की जगह 50 तीलियां होंगी। नेशनल स्मॉल मैचबॉक्स मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन के सचिव वीएस सेतुरतिनम ने कहा कि प्रस्तावित मूल्य वृद्धि 14 साल के अंतराल के बाद होने जा रही है। उन्होंने कहा, कच्चे माल की कीमत में वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन की लागत तेजी से बढ़ी है।

### यूपी: मोदी करेंगे नौ चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यूपी का एकदिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान नौ चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करने के साथ ही वह प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिली जानकारी के मुताबिक, मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए 5200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इस दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित रहेंगे।

# रजनीकांत को आज मिलेगा 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार'

एजेंसी। नई दिल्ली

**अपनी** एक्टिंग की वजह से साउथ फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत सालों से फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। इस अभिनेता ने अपनी शानदार एक्टिंग की वजह से कई अवॉर्ड अपने नाम किए हैं और अब रजनीकांत को भारतीय फिल्म उद्योग में अहम योगदान देने के लिए 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली में सोमवार को अभिनेता को 51वां फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रजनीकांत बीते 5 दशक से सिनेमा पर राज कर रहे हैं।

इस साल ये सिलेक्शन ज्यूरी ने किया है। इस ज्यूरी में आशा भोंसले, मोहनलाल, विश्वजीत चटर्जी, शंकर महादेवन और सुभाष घई जैसे कलाकार शामिल रहे हैं।



### शिवाजी राव गायकवाड़ था असली नाम

रजनीकांत का बचपन मुश्किलों से भरा रहा है। बचपन में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। रजनीकांत का असली नाम 'शिवाजी राव गायकवाड़' था। यही शिवाजी राव आगे चलकर रजनीकांत बने। रजनीकांत पांच साल के थे तभी उनकी मां का निधन हो गया। मां के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधे पर आ गई। रजनीकांत के लिए भी घर चलाना इतना आसान नहीं था। उन्होंने घर चलाने के लिए कुली तक का काम किया। रजनीकांत फिल्मों में आने से पहले बस कंडक्टर की नौकरी करते थे। रजनीकांत ने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में बालचंद्र की फिल्म 'अपूर्वा रागंगल' से एंट्री ली थी। इस फिल्म में कमल हासन और श्रीविद्या भी थे। रजनीकांत ने अपने अभिनय की शुरुआत कन्नड़ नाटकों से की थी। दुर्योधन की भूमिका में रजनीकांत घर-घर में लोकप्रिय हुए थे।

### 2000 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण मिला

रजनीकांत ने अपने एक्टिंग कैरियर की शुरुआत तमिल सिनेमा में 'अपूर्व रागंगल' फिल्म से की थी। इसके बाद उन्होंने 'बाशा', 'शिवाजी' और 'एंथिरन' जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेता ने बॉलीवुड की भी कई फिल्मों में काम किया है। अपने शानदार काम के लिए रजनीकांत को भारत सरकार द्वारा 2000 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है। अभिनेता अपने फैंस के बीच 'थलाइवर' के रूप में माने जाते हैं।

रजनीकांत ने इस पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि, सोमवार का दिन उनके लिए काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। रजनीकांत ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'सोमवार को एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि उन्हें भारत सरकार से सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिलेगा। यह आपके प्यार और सपोर्ट के बिना मुश्किल था।' रजनीकांत के ट्वीट में आगे लिखा, 'दूसरी ओर मेरी बेटी सौंदर्या विशगन ने अपने स्वतंत्र प्रयासों से 'हूट' नामक लोगों के लिए एक बहुत ही उपयोगी ऐप बनाने का बीड़ा उठाया है और वह इसे भारत से दुनिया के सामने पेश करने जा रही है। लोग अब अपनी आवाज के माध्यम से अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, इच्छाओं और विचारों की तरह ही वे अपनी पसंद की किसी भी भाषा में लिखित रूप में करते हैं। मुझे इस अभिनव, उपयोगी और अपनी तरह का पहला 'हूट ऐप' मेरी आवाज (एसआईसी) में लॉन्च करने में बहुत खुशी हो रही है।'

### 'अगले दलाई लामा के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं हो सकती'

**तवांग।** अगले दलाई लामा का चयन करने की प्रक्रिया में चीन को शामिल होने का कोई अधिकार नहीं है। यह बात रविवार को अरुणाचल प्रदेश में स्थित तवांग मठ के प्रमुख ग्यांगबुंग रिंपोचे ने कही। उन्होंने कहा, चीन की सरकार धर्म में विश्वास नहीं करती है और अगले दलाई लामा का चयन तिब्बती लोगों के लिए पूरी तरह से एक आध्यात्मिक मामला है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत और चीन की सीमा के पास स्थित इस लगभग 350 साल पुराने मठ के प्रमुख रिंपोचे ने यह भी कहा, चीन की विस्तारवाद की नीति का मुकाबला करना आवश्यक है और भारत को अपने पड़ोसी देश के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी लगातार बनाए रखनी चाहिए।

### गृहमंत्री शाह का कांग्रेस, फारूक और महबूबा पर सीधा वार, बोले

# अब नहीं चलेगी तीन परिवारों की दादागिरी

**भारतीय संविधान के सभी अधिकार मिल रहे हैं कश्मीर के सभी लोगों को**

एजेंसी। नई दिल्ली

**गृहमंत्री** शाह ने जम्मू-कश्मीर दौरे के दूसरे दिन जम्मू में जनसभा में कहा कि घाटी में विकास का युग शुरू हो गया है। मैं जम्मू-कश्मीर को ये कहने आया हूं कि कश्मीर वालों के साथ अन्याय का समय खत्म हो चुका है। अब कोई आपके साथ अन्याय नहीं कर सकता। अब जम्मू-कश्मीर का विकास होगा और ये प्रदेश, देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देगा। शाह ने कहा, '5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुच्छेद 370 और 35ए को खत्म किया। इससे जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों को अपने अधिकार प्राप्त हुए। अब भारतीय संविधान के सभी अधिकार यहां के सभी लोगों को मिल रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि पहले जम्मू में सिखों, खत्रियों, महाजनों को भूमि खरीदने का अधिकार नहीं था, जो शरणार्थी वहां से यहां आए थे, उनके अधिकार नहीं थे, वाल्मीकि, गुर्जर भाइयों के अधिकार नहीं थे। भारत के संविधान के सभी अधिकार अब मेरे इन भाइयों को मिलने वाले हैं। शाह ने कहा, एक जमाना था कि जम्मू-कश्मीर में कहने को पांच मगर चार ही मेडिकल कॉलेज थे। आज मैं आपको बताने आया हूं कि जम्मू-कश्मीर में अब सात नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हो चुकी है। पहले 500 विद्यार्थी यहां से एमबीबीएस कर सकते थे, अब लगभग 2,000 विद्यार्थी यहां एमबीबीएस कर पाएंगे। अमित शाह ने कहा, ये तीन परिवार वाले मुझसे सवाल पूछ रहे थे कि क्या देकर जाओगे? भाई मैं तो हिसाब लेकर आया हूं कि क्या देकर जाऊंगा। मगर 70 साल तीन परिवार वालों ने जम्मू-कश्मीर में राज किया, आपने क्या दिया इसका हिसाब लेकर आओ। आज जम्मू-कश्मीर हिसाब मांग रहा है। शाह ने कहा, मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 55,000 करोड़ रुपये का पैकेज दिया था। आज 55,000 करोड़ रुपये के पैकेज में से 33,000 करोड़ रुपये खर्च हो चुका है, विकास की 21 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।



### 'यहां का पंच-सरपंच भी आगे चलकर केंद्र में बन सकता है मंत्री'

जम्मू कश्मीर में आज हर गांव में ग्राम पंचायत बनी है, हर तहसील के अंदर तहसील पंचायत बनी है, हर जिले के अंदर जिला पंचायत है। अब यहां तीन परिवारों की दादागिरी नहीं चलेगी। यहां का पंच-सरपंच भी अब आगे चलकर भारत सरकार में मंत्री बन सकता है, जम्मू कश्मीर का मुख्यमंत्री बन सकता है। शाह ने कहा कि बारिश के चलते जम्मू के लोगों से नहीं मिलने की चिंता थी लेकिन वैष्णो माता की कृपा से संभाग के लोगों से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के आने के बाद ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान पूरा हुआ। जम्मू वाले विकास के साथ खड़े हैं। इस दौरान उन्होंने उज्ज्वला योजना, घर-घर बिजली पहुंचाने और नल से जल योजना का जिक्र किया। केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार शाह की जम्मू में पहली बार जनसभा हो रही है। रविवार सुबह से मौसम साफ होने के बाद कार्यकर्ताओं और लोगों के कार्यक्रम स्थल में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। भवगती नगर चौथे पुल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक लगातार चेकिंग की जा रही है।

### आईटीबीपी: नई बटालियनों को मंजूरी देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

**नोएडा।** भारत और चीन के बीच सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की निगरानी के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की नई बटालियनों को अधिकृत करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने रविवार को दी। उन्होंने कहा, सरकार सभी सुरक्षाबलों को परिवहन और रसद की मदद मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

राय, पर्वतीय युद्ध के लिए प्रशिक्षित आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, केंद्र ने पिछले साल 47 नई सीमा चौकियों और एक दर्जन शिविरों (सीमा पर गश्त करने वाले सैनिकों के लिए ऑपरेशनल बेस) को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा, 'आईटीबीपी के लिए मैनपावर और बटालियन उपलब्ध कराने के लिए विमर्श अंतिम चरण में है।' एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि आईटीबीपी को अपनी नई सीमा चौकियों के लिए लगभग आठ हजार कर्मचारियों वाली सात नई बटालियनों की जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार आईटीबीपी की इन नई बटालियन को मुख्य रूप से भारत के पूर्वी हिस्से पर एलएसी के अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में तैनात किया जाएगा।

### पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के बाद अब बांग्लादेश पर चीन की नजर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में चीन ने प्रस्तावित बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट का काम तेजी से शुरू कर दिया है। इस प्रोजेक्ट के तहत चीन ने बांग्लादेश में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शनी केंद्र बनाया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना बीते दिन ने इसका शुभारंभ किया था। बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत बांग्लादेश के कई जिलों में सड़कें और पुल बनना है। इस प्रोजेक्ट में चीन ने अरबों का निवेश किया है। चीन के विशेषज्ञ ही इसका निर्माण करवा रहे हैं। ये पहली बार नहीं है जब चीन ने भारत के पड़ोसी देशों से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश की है। नेपाल, श्रीलंका और भूटान के करीब आने के लिए चीन पहले ऐसी ही चाल चल चुका है। पाकिस्तान तो शुरू से चीन के कर्ज तले दबा हुआ है। वहीं, दूसरी ओर चीन और भारत के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पहले गलवान और फिर डोकलाम। सीमा पर लगातार टकराव की स्थिति कायम है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर भारत से टकराव और पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, म्यांमार और अब बांग्लादेश से चीन की बढ़ती नजदीकियों के क्या मायने हैं? पड़ोसी देशों से चीन के मजबूत होते रिश्तों का भारत पर क्या असर पड़ेगा?

# ग्रामीणों और प्रशासनिक अमले में भिड़ंत पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में दो चोटिल

## एक किसान को आत्महत्या का प्रयास करता देख भड़के ग्रामीण

पायनियर समाचार सेवा। जींद

**जिले** के बराड़खेड़ा गांव में बारिश के पानी की निकासी की समस्या हल करने पहुंची प्रशासनिक टीम की बुआना गांव के ग्रामीणों से झड़प हो गई। इस दौरान पत्थरबाजी और लाठीचार्ज भी किया गया। घटना में दो अधिकारियों को चोट आई और तहसीलदार की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए गए। मामला उस समय भड़का जब ड्रेनेज खोलने का विरोध कर रहे एक किसान ने पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। ग्रामीण इससे भड़क गए और प्रशासनिक अमले पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने जींद-रोहतक मार्ग पर जाम लगा दिया, जोकि शाम तक जारी रहा।



जींद-रोहतक मार्ग पर जाम लगाकर बैठे ग्रामीण।

बराड़खेड़ा गांव के लोग बारिश के पानी की निकासी को लेकर कई दिनों से परेशान थे। गांव में लगभग 300 एकड़ भूमि में फैले पानी की निकासी की मांग करते हुए ग्रामीण एक महीने के दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों सहित जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा, जींद के विधायक डॉ कृष्ण मिड्डा से भी गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों की मांग थी कि उस ड्रेन को खुलवाया जाए, जो पानी निकासी के लिए 1995 बनाया गया था। इसको लेकर बराड़खेड़ा के सैकड़ों महिला और पुरुष जिला सचिवालय पर कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग दो महीने से प्रशासनिक अधिकारियों तथा जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा के यहां चक्कर काट रहे हैं। मगर उनकी समस्या का हल नहीं हुई। जींद के विधायक कृष्ण मिड्डा से भी ग्रामीण मिल चुके हैं। गांववासियों का कहना है कि लगभग 300 एकड़ भूमि में गंदा पानी जमा है, जिसकी निकासी नहीं हो रही। जानबूझकर उस ड्रेन को बंद कर दिया गया है, जो वर्ष 1995 में बनाई गई थी। पूर्व सरपंच बारू राम ने बताया कि समस्या का समाधान नहीं निकल रहा। पूरा गांव इस समस्या से दुखी है। न सरपंच और न ही प्रशासनिक अधिकारी उनकी समस्या के समाधान पर ध्यान दे रहे हैं। ग्रामीणों ने यह चेतावनी भी दी थी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे डीसी कार्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू कर देंगे।

### आईएसआईएस के लिए भर्ती मामले में कथित आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस्लामिक स्टेट के कथित आतंकी को मुसलमानों को बहकाकर भर्ती करने और फिर उन्हें आईएसआईएस में शामिल होने के लिए सीरिया भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एनआईए अधिकारी ने कहा कि 33 वर्षीय मोहम्मद तौकीर महमूद को बीते दिन बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस से संबंध रखने के मामले मे महमूद, जुहाब हमीद, इरफान नसीर और मोहम्मद शिहाब के खिलाफ भादंसं और गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### 10 अतिरिक्त जस्टिस पदोन्नत होकर स्थाई न्यायाधीश बने

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट**

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के दस अतिरिक्त न्यायाधीश रविवार को पदोन्नत कर स्थाई न्यायाधीश बनाया गया है। यह जानकारी कानून मंत्रालय ने दी। मंत्रालय में न्याय विभाग ने न्यायाधीशों के तौर पर पदोन्नत हुए अतिरिक्त न्यायाधीशों की सूची जारी की। जिन न्यायाधीशों को पदोन्नत किया गया है, उनमें तीन अतिरिक्त न्यायाधीश महिलाएं हैं। सामान्य तौर पर अतिरिक्त न्यायाधीशों को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है और फिर उन्हें न्यायाधीश बनाया जाता है।

कानून मंत्रालय की वेबसाइट पर एक अक्टूबर 2021 को उपलब्ध आंकड़े के मुताबिक, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों की संख्या 85 है, लेकिन केवल 45 न्यायाधीश काम कर रहे हैं। जिन दस अतिरिक्त न्यायाधीशों के नाम अधिसूचित किए गए हैं वे हैं न्यायमूर्ति सुवीर सहगल, न्यायमूर्ति अल्का सरीन, न्यायमूर्ति जसगुरप्रीत सिंह पुरी, न्यायमूर्ति अशोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति संत प्रकाश, न्यायमूर्ति मीनाक्षी आई. मेहता, न्यायमूर्ति करमजीत सिंह, न्यायमूर्ति विवेक पुरी, न्यायमूर्ति अर्चना पुरी और न्यायमूर्ति राजेश भारद्वाज।

# हरियाणा में गोवंश के चारे का विकल्प बनेगी 'पराली'

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**राज्य** सरकार की पराली प्रबंधन नीति कारगर साबित हो रही है। इससे प्रदूषण के संकट से निजात भी मिल रहा है। अब पराली को गोवंश के चारे के तौर पर विकल्प ढूंढा जा रहा है। गोशालाओं में चारे की कमी को दूर करने के लिए 500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसको लेकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक की ओर से सभी जिला उपायुक्त और जिला कृषि अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश भर में 582 पंजीकृत सहित कुल 680 गोशालाएं हैं, जिनमें पांच लाख गोवंश है। गोशालाओं को गोवंश के चारे की समस्या से जूझना पड़ता है। खरीफ और रबी सीजन में गोशालाएं चारे का प्रबंध तो करती हैं, लेकिन वह प्रबंध भी केवल सहायता पर ही निर्भर करता है। इसको देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि गोशालाओं को चारे के संकट से न जूझना पड़े, इसको लेकर पराली को विकल्प बनाएंगे। गोशालाओं 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हालांकि यह राशि प्रति एकड़ पराली ढुलाई (परिवहन) के लिए दी जाएगी। सरकार पराली से उत्पाद बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। कृषि विभाग की ओर से प्रदूषण को खत्म करने के लिए तकरीबन 250 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। किसानों को कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी गई है, ताकि वे पराली और फानों को खेत में ही नष्ट कर सकें।

### प्रदेश के साढ़े पांच हजार गांवों में बेमौसमी बारिश का कहर

# 50 हजार किसानों ने किया फसल खराब का दावा


पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रदेश सरकार ने फील्ड में उतारी गिरदावरी टीमें**

**गांवों में गिरदावरी सर्वे अंतिम चरण में**

**हरियाणा** में बेमौसमी बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुआवजा प्रदान करने के लिए गिरदावरी अंतिम चरण में है। अगले महीने सरकार द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। पिछले माह की बारिश में सबसे अधिक नुकसान धान, बाजरा और कपास की फसल का हुआ है।

हरियाणा में इस बार सितंबर और अक्टूबर माह के दौरान हुई बेमौसमी बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए थे। रोहतक, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, रेवाड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों के कई गांव ऐसे हैं, जहां सुंडी से कपास की पूरी फसल बर्बाद हो गई। इसी तरह प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव से धान और बाजरा सहित दूसरी फसलें 50 फीसद तक चौपट हो गईं। करीब 60 हजार किसानों ने फसल में नुकसान का हवाला देते हुए सरकार से मुआवजा मांगा है। प्रदेश में 13.64 लाख हेक्टेयर में धान, 6.95 लाख हेक्टेयर में कपास, 3.95 लाख हेक्टेयर में बाजरा, दस हजार हेक्टेयर में मक्का और 18 हजार हेक्टेयर में ज्वार बोई गई है। इसी तरह 1.12 लाख हेक्टेयर में गन्ना, 1.07 लाख हेक्टेयर में ग्वार और 1.01 लाख हेक्टेयर में दालें बोई गई हैं। प्रदेश में प्रदेश में कुल 7059 गांव हैं, जिनमें से 6496 में गिरदावरी का अंतिम चरण में है। अन्य गांवों में भी अगले सप्ताह में गिरदावरी का काम पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद नुकसान के आकलन के आधार पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।



बारिश से गिरी धान की फसल। ● फाइल फोटो।

**प्रदेश में गिरदावरी की स्थिति**

| जिला | कुल गांव | गिरदावरी शुरू | डाटा संपूर्ण | जिला | कुल गांव | गिरदावरी शुरू | डाटा संपूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंबाला | 499 | 486 | 481 | महेंद्रगढ | 374 | 357 | 340 |
| भिवानी | 272 | 217 | 206 | पंचकूला | 253 | 239 | 239 |
| फरीदाबाद | 192 | 143 | 005 | पानीपत | 198 | 190 | 049 |
| फतेहाबाद | 250 | 227 | 223 | रेवाड़ी | 412 | 397 | 391 |
| गुरुग्राम | 291 | 257 | 244 | रोहतक | 147 | 133 | 021 |
| हिसार | 276 | 254 | 242 | सिरसा | 330 | 330 | 330 |
| झज्जर | 264 | 264 | 047 | सोनीपत | 349 | 294 | 291 |
| जींद | 305 | 269 | 259 | यमुनानगर | 655 | 552 | 204 |
| कैथल | 278 | 252 | 247 | नूंह | 399 | 437 | 387 |
| करनाल | 436 | 434 | 434 | पलवल | 288 | 288 | 286 |
| कुरुक्षेत्र | 419 | 348 | 333 | दादरी | 172 | 128 | 081 |

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 25 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 29.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 9 बजे
- कार्तिक माह को लेकर मंदिरों में प्रभात फैरी: सुबह 5 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**अधिकांश** कारोबारी क्षेत्र महामारी की दिक्कतों से उभर रहे हैं और इससे आर्थिक गतिविधियों में लगातार सुधार हो रहा है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लोगों को काम पर रखने की गति काफी तेज है। रियल एस्टेट में बड़ा सुधार देखा जा रहा है। कृषि जिंसों की कीमतों में वृद्धि से दूरदराज के इलाकों में अधिक आय प्राप्त होने संभावना बढ़ी है। कुल मिलाकर सभी क्षेत्रों से सकारात्मक समाचारों का प्रवाह बना हुआ है। सकारात्मक संभावनाओं के बीच, हमें तीसरी लहर की किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का ध्यान रखना चाहिए।

**यूटीलिटी न्यूज**

### मनाया पारितोषिक वितरण समारोह



**फरीदाबाद।** सेक्टर-आठ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें राज्य स्तरीय पॉलिटेक्निक कॉलेज टूर्नामेंट्स में खो-खो, टेबल टेनिस व बैडमिंटन में फर्स्ट पोजीशन हासिल की। बाकी कबड्डी, वॉलीबॉल हैंडबॉल, बास्केटबॉल सभी में पोजीशन हासिल की। उन बच्चों को फर्स्ट पोजीशन वाले प्रत्येक बच्चे को 1100 रुपये का चेक, सेकेंड पोजीशन लेने वाले बच्चे को 800 रुपये का चेक और थर्ड पोजिशन लेने वाले बच्चों को 500 रुपये का चेक मुख्य अतिथि मीनू वर्मा प्रधानाचार्य द्वारा दिए गए।

**क्विक न्यूज**

### मेहंदी के लिए सेवा भारती ने लगाए स्टॉल

**फरीदाबाद।** सेवा भारती द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में एक और कदम आगे चलकर नेहरू बस्ती काली माता मंदिर पर एक रूप निखार केंद्र की शुरुआत की गई। जिसमें बच्चों ने मेहंदी लगाना सीखा और अन्य के हाथों में मेहंदी भी लगाई। गुरुनानक नगर में मेहंदी का स्टॉल लगाया गया। जहां बालिकाएं मेहंदी लगाने गई। वहां के लोगों ने बढ़ चढ़कर मेहंदी लगाने के लिए बच्चों के पास आए। इस कार्यक्रम में हीरालाल का विशेष सहयोग रहा जिन्होंने बच्चों के लिए टेंट व भोजन उपलब्ध कराया। व्यवस्था में लगे भुवनेश मोहन शास्त्री पूरे समय देकर बच्चों को लेना भेजना एवं अन्य किए गए कार्य सराहनीय रहे। रूप निखार केंद्र की शिक्षिका का भी विशेष सहयोग रहा। नगर कार्यवाह अश्विनी और तरुण का विशेष सहयोग रहा।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : विकल्प है, फिर भी पिला रहे हैं जहरीला पानी

## व्यर्थ खड़े हैं पांच ओवरहैड वॉटर टैंक क्षतिग्रस्त टैंक से कर पानी सप्लाई

**राजेश दास।** फरीदाबाद



संजय कालोनी स्थित शहीद स्मारक पार्क में बना ओवरहैड वॉटर टैंक।



सेक्टर-25 जलघर में क्षतिग्रस्त भूमिगत वॉटर टैंक।

**नगर** निगम के अधिकारियों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से शहर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हर बार गर्मी के मौसम में एनआईटी 86 के निवासियों को पानी के लिए तरसना पड़ता है। पानी उपलब्ध होने पर प्रैशर की दिक्कत से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। इस समस्या को देखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में एनबीसीसी के माध्यम से पांच ओवरहैड टैंकों का निर्माण करवाया था।

टैंक का निर्माण पूरा होने पर भाजपा की सरकार सत्ता में आ गई। लेकिन पिछले करीब सात सालों में इनमें से एक भी ओवरहैड वॉटर टैंक को शुरू करने की कवायत नगर निगम ने शुरू नहीं की। इस्तेमाल ने होने के कारण करोड़ों रुपये की लागत से बने यह ओवरहैड वॉटर टैंक व्यर्थ में खड़े हुए हैं। वहीं करीब तीन महीने पहले सेक्टर 25 स्थित भूमिगत वॉटर टैंक के लैंटर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर टूट चुका है। हाल में एक हिस्से का लैंटर भी गिर गया है। जिससे क्षतिग्रस्त टैंक में मरे जीव जंतु और गंदगी लगातार जा रही है। पांच ओवरहैड टैंक उपलब्ध होने के बावजूद नगर निगम लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए इसी क्षतिग्रस्त टैंक से पानी सप्लाई कर रहा है।

### पांच ओवरहैड टैंक बने थे

**शहर** की सबसे ज्यादा घनी आवादी होने की वजह से एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र के लोग पिछले लंबे समय से पानी की समस्या से जूंझ रहे हैं। निगम द्वारा सप्लाई किए जाने के बावजूद सभी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। लोगों की इस समस्यों को जड़ से खत्म करने के लिए तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने इलाके में पांच ओवरहैड पानी के टैंकों का निर्माण करवाया था। यह ओवरहैड टैंक सेक्टर-25 स्थित जलघर परिसर, संजय कालोनी में पुलिस चौकी के पीछे, पवर्तीय कालोनी स्थित जलघर परिसर और नंगला एन्कलेव इलाके में और न्यू जनता कालोनी में बनाए गए थे। इन ओवरहैड टैंकों का निर्माण हुए करीब आठ साल से ज्यादा समय बीत चुका है। लेकिन इसके बावजूद करोड़ों रुपये की लागत से बने इन ओवरहैड टैंकों की तरफ नगर निगम के अधिकारियों और सत्ताधारी नेताओं ने ध्यान देने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। आम जनता के खून पसीने की कमाई से बने इन टैंकों को शुरू करने के लिए समय समय पर आवाज उठती रही है। लेकिन फिर भी कोई भी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं करता।

### आज तक शुरू नहीं हुए टैंक

**पिछले** करीब आठ साल से एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए पांच ओवरहैड पानी के टैंकों का इस्तेमाल न होने से यह जर्जर हो रहे हैं। टैंकों को जर्जर होते देख सेक्टर-55 के निवासी समाजसेवी गुरमीत सिंह देओल ने नगर निगम कार्यालय में इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया था। लेकिन निगम कर्मचारी इनके बारे में अनभिज्ञता जताने लगे। जिसके बाद गुरमीत सिंह ने जनता की सम्पत्ति को नष्ट होने बचाने के इरादे से जानकारी हासिल करने के लिए नगर निगम कार्यालय में आरटीआई दायर की थी। निगम की तरफ से आरटीआई का जो जबाव दिया गया, वह पूरी तरह हैरान करने वाला था। नगर निगम ने आरटीआई के जबाव में बताया कि इन सभी ओवरहैड पानी की टैंकियों का निर्माण एनबीसीसी द्वारा करवाया गया है। पानी की टैंकियां शुरू न होने के बारे में निगम की तरफ से आरटीआई के जबाव में तर्क दिया गया है कि एनबीसीसी ने निर्माण के बाद इन टैंकियों को नगर निगम के हैंडओवर नहीं किया है। इस वजह से निगम इन्हें शुरू करने में पूरी तरह से असमर्थ है।

### जर्जर होने के कगार पर



सेक्टर 25 जलघर परिसर में बना ओवरहैड वॉटर टैंक।

**एनआइटी** विधानसभा इलाके की घनी आबादी वाली कालोनियों में रहने वाले लोग पिछले लंबे समय से पानी की समस्याओं को लेकर काफी परेशान है। गर्मी में तो समस्या होती ही है, लेकिन यहां सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत अक्सर बनी रहती है। लेकिन यहां के निवासी जब भी इलाके के विभिन्न स्थानों पर बने पानी के चार ओवरहैड टैंकों की तरफ देखते हैं तो उनके मन में नगर निगम के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष उत्पन्न हो जाता है। पानी की सप्लाई के दौरान होने वाली बाधा को दूर करने और बिना बिजली की मोटर चलाए लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए तत्कालीन सरकार ने इन ओवरहैड टैंकों का निर्माण करवाया था। लेकिन निगम ने आज तक इन ओवरहैड टैंकों को शुरू करने का कोई प्रयास नहीं किया। लंबे समय से इस्तेमाल न होने के कारण सभी ओवरहैड टैंक जर्जर होने के कगार पर पहुंच रहे हैं। यदि समय रहते इन पानी के टैंकों इस्तेमाल नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह उपयोग के योग्य नहीं रह जाएगी।

### नगर निगम की मंशा नहीं है



**समाजसेवी** गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों की मंशा इन टैंकों को शुरू करने की होती तो वे खुद एनबीसीसी के अधिकारियों से सम्पर्क कर इन्हें हैंडओवर कराने का प्रयास कर सकते थे। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से करोड़ों की लागत से बनी टैंकियां जर्जर हो रही है। वहीं दूषित तरह इलाके के लोगों को क्षतिग्रस्त भूमिगत वॉटर टैंक से सप्लाई किया जाने वाला पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

# दूसरे दिन परिचय सम्मेलन में हुआ 28 जोड़ों का विवाह

## दो दिनों में हुआ 58 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



ओल्ड फरीदाबाद में महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा सर्वजातीय परिचय

**महाराजा** अग्रसेन विवाह समिति का 21वां दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन दूसरे दिन बड़ी धूमधाम आयोजित किया गया। प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 900 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया गया।

परिचय सम्मेलन के पहले दिन कल 30 जोड़ें तथा आज दूसरे दिन 28 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई। कुल 58 जोड़ें बने है, जोकि अब अपने-अपने स्तर पर पूरी तरह परिवारों को देखभाल कर विवाह बंधन में आगामी 23 नवम्बर को सैक्टर-16ए दशहरा मैदान में आयोजित विवाह समारोह में बंधेगें। वहीं सम्मेलन में सीए, पढ़े-लिखे, विधवा, विकलांग, बेसहारा आदि युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को चुनने की गुजारिश की।

प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने आए हुए सभी अतिथियों परम सानिध्य एससी गुप्ता चेयरमैन गुन्नू फैशन, संतगोपाल गुप्ता प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, मुख्य अतिथि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेन्द गुप्ता, समारोह अध्यक्ष नगर निगम फरीदाबाद के उपमहापौर मनमोहन गर्ग, स्वागत अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, विशिष्ठ अतिथि शेर सिंह ठाकुर, सुनील अग्रवाल, रमेश चंद गर्ग, अनिल रतनलाल, प्रवेश बंसल, विनोद भाटी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला, भाजपा नेत्री अनीता शर्मा, देवेन्द्र गोयल, जेपी अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आर.के. गोयल, टेकचंद गर्ग, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सचिव ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल सिंगला प्रधान वैश्य अग्रवाल विवाह समिति पलवल, अमरचंद मंगला आदि का स्वागत किया।

# पोलियो दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिग को देखते प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा।

**एनएच** तीन फरीदाबाद स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर पोलियो मुक्त भारत जागरूकता अभियान चलाया।

जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि 24 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जाता है जिसके उद्देश्य में उल्लेखित है कि यह अन्तरराष्ट्रीय कानून को सुविधाजनक बनाने के सहयोग, अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, मानव अधिकार और विश्व शान्ति के लिए कार्यरत है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकारपत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ हुई ।संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य हैं-युद्ध रोकना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, अन्तरराष्ट्रीय कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक व आर्थिक विकास उभारना, जीवन स्तर सुधारना और बिमारियों की मुक्ति हेतु उपचार, सदस्य राष्ट्रों को अन्तरराष्ट्रीय चिन्ताएं स्मरण कराना आदि। प्राचार्य मनचन्दा ने बताया कि आज ही विश्व विकास सूचना दिवस भी मनाया जा रहा हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज विश्व पोलियो दिवस पर बालिकाओं ने पेंटिंग बना कर पोलियो से सचेत रहने के लिए जागरूक भी किया। उन्होंने बताया कि इस बार का पोलियो उन्मूलन का थीम है-एक दिन, एक फोकस-पोलियो को समाप्त करना-विश्व को पोलियो मुक्त करना और इस वचन को पूरा करना है।

# विजय यादव अकादमी ने छह विकेट से जीता मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट मैच में मैन आफ मैच का पुस्कार प्राप्त करते अदिश सक्सेना।

**छठवें** ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया। यह मुकाबला पाली रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और यह मैच विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी और कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी के साथ खेला गया। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 37.4 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए विभोर ने 77 रन, रवि ने 59 रन, हर्ष ने 15 रन बनाए। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए आलोक यादव ने 3 विकेट ली, लक्ष्य ओर निखिल व अंकित ने 2-2 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 29.5 ओवर में 4 विकेट में 201 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए अदिश ने 65 रन, अखिल ने 50 रन, सिमुख ने 39 रन, विशेष ने 25 रन बनाए। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाज़ी करते हुए धुर्व और तुषार व युग ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने अदिश सक्सेना को दिया गया।

# उद्योगपति, समाजसेवी, और अधिकारियों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



उद्योगपतियों से बातचीत करते मुख्य मंत्री मनोहर लाल खटटर।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा की कॉविड 19 की महामारी के दौरान प्रदेश के सभी सामाजिक धार्मिक वह अन्य संगठनों ने मानवता के लिए बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी महामारी से निपटना अकेले प्रशासन व सरकार के बस की बात नहीं होती। इसमें आप लोगों का सहयोग सबसे आवश्यक होता है उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सामाजिक संगठनों ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और मानवता का साथ दिया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को गोल्फ क्लब में कोविड-19 महामारी के पूरे देश में सबसे बेहतरीन प्रबंधन करने वाले सिविल सोसायटी के लोगों को बधाई दे रहे थे । उन्होंने फरीदाबाद जिला को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी आपदा के दौरान यह सबसे बेहतरीन कार्य है। उन्होंने मदद करने वाले सिविल सोसाइटी के सदस्यों जिनमें उद्योगपति समाजसेवी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि अब हमें कोविड के बाद स्वच्छता अभियान में जन सहयोग के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने सभी उद्योगपतियों समाजसेवी वह अन्य लोगों से स्वच्छता की इस मुहिम में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के लोग किसी भी बुरे वक्त में सबसे आगे ख? रहते हैं। हर संस्था सबसे आगे एक बार कहने पर ही आ जाती है। कोविड के दो साल जिंदगी के अनोखे साल हैं। ये दो साल मानवता पर खतरे की तरह लोग कह रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेड, ऑक्सिजन जैसा संकट सबसे ज्यादा आया। ऑक्सिजन का प्रबंध किया। दिन भर हम सबने हिसाब लगाया कि कोरोना मरीजों को ऑक्सिजन किस तरह पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मरीज हमारे यहां हरियाणा में आकर इलाज करा रहे हैं। मगर कोटा दिल्ली का ऑक्सिजन का ज्यादा था।उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान लाखों पैकेट लोगों के घर भिजवाए। 5500 बस, 68 ट्रेन लोगों को घर भेजने के लिए लगवाया। उन्होंने कहा कि इस दौरान लोगों ने भी जमकर मदद की। 300 करो? सीएम कोविड फंड में आया, डी-ग्रेड के कर्मचारियों ने तक अपनी पूरी सैलरी दान कर दी।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**वो कब परवाह प्रियतम के किसी सन्देश की करते**
**दमकते रूप की करते चमकते केश की करते**
**सलामत हों सदा सिंदूर उन वीरांगनाओं के**
**वो जिनके चाँद सरहद पर हिफ़ाज़त देश की करते**

# लाल डोरा जमीनों की रजिस्ट्री ऐतिहासिक फैसला: नागर

## विधायक बोले, गांववालों को उनकी रिहायसी जमीनों पर मिल सकेगा लोन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



तिगांव के मेन बाजार में कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक राजेश नागर।

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि लाल डोरा में आने वाली जमीनों की रजिस्ट्री करना भाजपा सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। गांवों की रजिस्ट्री शुरू होने से अनेक विवाद समाप्त हो जाएंगे वहीं हमारे युवा इन जमीनों के जरिए लोन आदि लेकर कारोबार कर सकेंगे। नागर उनके दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर तिगांव बाजार में स्थानीय लोगों द्वारा किए स्वागत के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने यहां पंकज तंवर को तिगांव मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष का नियुक्त पत्र भी सौंपा। विधायक नागर ने कहा कि गांव में लाल डोरा जमीनों की सर्वेक्षण तेजी से जारी है। जैसे जैसे सर्वे पूरे हो रहे हैं, वैसे वैसे लोगों को रजिस्ट्रियां भी दी जा रही हैं। इन रजिस्ट्रियों के आने से हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। एक ओर उन्हें अपनी जमीन का कानूनी हक मिल जाएगा वहीं दूसरी और बैंकों व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी वह पा सकेंगे। नागर ने युवाओं से अपील की कि आने वाली सदी दुनिया के सबसे युवा देश भारत की है। आप स्वरोजगार करें और अन्य को भी रोजगार दें। विधायक राजेश नागर ने लोगों को बताया कि हरियाणा प्रदेश की सभी कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने एक कलम से कर दिया है। अब इन कॉलोनियों में भी हर प्रकार की सुविधाएं मिल सकेंगी। इसका लाभ फरीदाबाद की 500 से ज्यादा कच्ची कॉलोनियों को भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा तिगांव विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में भी तेजी से तरक्की कर रहा है। तिगांव के 50 साल पुराने सरकारी कॉलेज के साथ उपेक्षित पड़े शहीद स्मारक का जीर्णोद्धार करवाया गया और इसके नाम पर ही कॉलेज का नामकरण किया गया। कॉलेज में एमए इकनॉमिक्स और एमकॉम नए कोर्स प्रारंभ करवाए और सीटें भी बढ़वाई हैं। नागर ने बताया कि तिगांव में अंग्रेजों के जमाने का सरकारी स्कूल था। जिसे मॉडल संस्कृति स्कूल करवाया। जहां पर प्राइवेट स्कूल जैसी अंग्रेजी मीडियम पढ़ाई हो रही है। विधायक राजेश नागर ने बताया कि तिगांव में प्रदेश की पहली डिजिटल आईटीआई बन रही है। जहां हमारे बच्चे पढकर भविष्य सुनिश्चित करेंगे। वहीं घरौडा और बडौली के स्कूलों को अपग्रेड किया गया है। यह काम तो कोरोना काल में करवाए गए हैं। अब हम महामारी पर काबू करने के साथ साथ अपने क्षेत्र के विकास पर और तेज ध्यान देंगे। नागर ने लोगों को बताया कि आज ग्रेटर फरीदाबाद में सरकारी बसों को परिचालन प्रारंभ हुआ है।

# आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी



आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के ट्रक को झंडी दिखाते रवाना करते डीसी।

**फरीदाबाद।** उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा बाढ़ से ग्रस्त लोगों की सहायता करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मनहोर लाल के दिशा निर्देशानुसार उपायुक्त जितेंद्र यादव ने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से राशन के 4108 पैकेट से भरे 5 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले के लिये रवाना किया।

जिसमें लगभग 5 किलो चीनी, 5 किलो आटा, 2 किलो दाल, 1 किलो तेल, 1 किलो चीनी, आधा किलो मसाले के पैकेट इत्यादि शामिल थे। उपायुक्त जितेंद्र यादव के आव्हान पर जिला फरीदाबाद के सभी औद्योगिक संगठनों एवं विभागों द्वारा यह सामग्री रेड क्रॉस के माध्यम से एकत्रित की गई। उपायुक्त द्वारा भेजे गए सभी ट्रकों के साथ जिले के 5 पटवारी एवं पांच पुलिसकर्मी भी साथ भेजे गए हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार, तहसीलदार जसवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# करवाचौथ: सुहागिनों ने पति की लम्बी आयु के लिए व्रत रखा

**कविता।** फरीदाबाद

**सुहागिन** महिलाओं ने पति की लंबी आयु व सुख समृद्धि की कामना को लेकर रविवार को पूरे दिन उत्साह के साथ निर्जला करवाचौथ का व्रत रखा। चन्द्रोदय होने पर परम्परानुसार चलनी की ओट से चांद देखकर व्रत का पारण पति या परिवार की बुर्जुग महिला के हाथों पानी पीकर किया। इस दौरान पति और बच्चों की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भगवान से की।

कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ कहते हैं, सुहागिने पति की लम्बी आयु के लिए गणेश जी का व्रत करती है।



करवाचौथ पर सेक्टर-70 स्थित रॉयल हैरिटेज सोसायटी में पूजा करतीं महिलाएं।

राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक पंडित मुनिराज जी ने बताया कि स्त्रियां नित्यकर्म से निवृत होकर गणेशजी से प्रार्थना करती है कि उनका व्रत सफल हो। इसके बाद निर्जल व्रत रखती हैं और चार बजे कथा सुनती हैं।

**क्या है इसकी कथा :** मुनिराजजी ने बताया कि काशीपुरी में सुधर्मा ब्राह्मण रहते थे। सात पुत्र और एक विरमति नाम की पुत्री थी। जिसका विवाह देवव्रत के साथ हुआ था। विवाह के बाद पुत्री के घर आने पर करवा चौथ का व्रत पड़ गया। विरमति ने व्रत अपनी भावियों के साथ रख लिया। चार बजे कथा सुनी। शाम को उसके भाई घर लौटे तो बहन को उदास देखा। जिस पर उन्हें पता लगा कि उनकी बहन भूखी है। तो उन्होंने अपनी भूखी बहन को खुश करने के उद्देश्य से पीपल के पेड़ पर एक दीपक जला कर उसे चलनी से ढक दिया। जिससे दीपक की रोशनी चंद्रमा के रूप में परिवर्तित हो गई। भाईयों की बातों में आकर उसने चंद्रमा को अर्घ देकर व्रत खोल लिया। व्रत खोलते ही उसके पति की मौत की सूचना उसे मिली। ससुराल पहुंचने पर पुलस्त मुनी ने बताया कि विरमति का व्रत खंडित होने से पति की मौत हुई है। मृत शरीर की सुरक्षा व पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए एक साल तक का इंतजार करना होगा। जिस पर उसने अपने पति के शव को एक साल तक तेल में डूबों कर पतिव्रता धर्म का पालन किया। करवा चौथ आया तो उसने व्रत रखा। विधि विधान से शाम को चन्द्रमा को अर्घ देकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गणेश जी प्रकट हुए और पूछा कि विधवा होकर इस व्रत को क्यों कर रही है। उसने बताया कि वह पति की लम्बी आयु के लिए व्रत रखा है और वे उसके पति को जीवनदान दे। जिस पर मां पार्वती और भगवान गणेश ने उसकी मांग सिंदुर से भर दी। जिसके बाद उसका पति जीवित हो उठा।

## करवा चौथ:हर्ष एवं श्रद्धा से मनाया पर्व



करवा चौथ के अवसर पर सजीं महिलाएं।

**फरीदाबाद।** करवा चौथ पर रविवार को पार्क, सामुदायिक केन्द्रों व सोसायटियों व घरों में सुहागिनें करवा चौथ का व्रत सुनने आई। कोरोना संक्रमण के चलते गत वर्ष त्यौहारों से रौनक गायब थी, जो करवा चौथ वाले दिन आज नजर आई है। सुहागिने चूडियां, नई साड़ी व हाथों में मेंहदी तथा ज्वैलरी पहने कथा सुनने पहुंची।

# बीके : जान को खतरा बताकर गर्भवतियों को कर देते हैं रेफर

### दोपहर को बताया खतरा, रात को हो गई नार्मल डिलीवरी

### गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को किया जा रहा परेशान

**कविता।** फरीदाबाद





बीके अस्पताल परिसर स्थित प्रसूति कक्ष।

**बीके** अस्पताल के कुछ चिकित्सकों और स्टाफ के लापरवाही से गर्भवती और नवजात बच्चों को परेशानियां हो रही हैं। शनिवार को दो गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को चिकित्सक और स्टाफ के बर्ताव से काफी परेशानी हुई। प्रसूति वार्ड में दोनों को ऑपरेशन की बात से डराते हुए रेफर किया जाने लगा।

एक गर्भवती को परिजन नहीं लेकर गए। उसकी डिलीवरी ऑपरेशन से होने की बात कही थी, वह देर रात नॉर्मल हो गई, इसके बावजूद जच्चा-बच्चा से वहां के स्टाफ ने पांच-पांच सौ की बंधाई ली। इन मामलों को देखते हुए जब अस्पताल की पीएमओ से सम्पर्क साधा लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### इस तरह किया परेशान

**नंगला** रोड निवासी देवेन्द्र की पत्नी आरती पिछले दिनों गर्भवती थी। शनिवार को तेज प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे सुबह आठ बजे बीके अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती करके बताया गया कि बीपी हाई है। जिस कारण सिजेरियन डिलीवरी की जाएगी।

परिजन इंतजार करते रहे। दोपहर को पहुंची चिकित्सक ने उन्हें फरमान सुना दिया कि बच्चे की धड़कन तेज चल रही है, महिला को बुखार की भी शिकायत है। ऐसे में यहां डिलीवरी के दौरान दिक्कते आ सकती है और खून की भी जरूरत पड़ेगी। जिसे देखते हुए वह उसे रेफर कर रहे है। दिल्ली रेफर की बात सुनकर परिजन चिंतित हो गए और उन्होंने चिकित्सक से गुहार लगाई। काफी मिन्नतों के बाद चिकित्सक मान गई। लेकिन उन्होंने जच्चा और बच्चा की जान को खतरा बताते हुए उनसे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। परिजनों ने एक बार फिर इंतजार शुरू कर दिया।

रात को करीब करीब साढ़े आठ बजे गर्भवती आरती ने एक नन्हें से बेटे को नॉर्मल डिलीवरी के बाद जन्म दिया। जिस पर परिजनों से वहां के स्टाफ ने बंधाई और घर में पहले बेटे के जन्म लेने की एवज में खुशी जाहिर करते हुए पांच-पांच सौ रुपये ले लिए। ऐसा ही हाल यहां आई एक गर्भवती सुनीता के साथ हुआ। सुनीता के परिजनों को भी चिकित्सकों ने ऑपरेशन के दौरान जच्चा और बच्चा की जान को खतरा बताते हुए रेफर करने को कहा। जिस पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल में लेकर चले गए। दोनों ही मामले शनिवार दोपहर बाद के हैं।

## ई-श्रम कार्ड पर दो लाख का मुफ्त बीमा पाइए: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि वे सभी व्यक्ति जिनकी उम्र 16 से 59 साल के बीच है और जो इनकम टैक्स जमा नही करता है। उनका सरकार द्वारा यूनीक आईकार्ड बनाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि वह श्रमिक पंजीयन के लिए आसपास के किसी भी चॉइस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा पोस्ट ऑफिस में हो सकता है।

**कैसे करें आवेदन :** पंजीयन आपके आसपास के किसी भी चॉइस सेंटर / लोक सेवा केंद्र पोस्ट ऑफिस में हो सकता है। eshram.gov.in साइट से खुद भी पंजीयन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज-केवल आधार नंबर, मोबाईल नंबर और बैंक का खाता नंबर चाहिए।

**क्या फायदा होगा :** 2 लाख रुपये का मुफ्त बीमा, श्रम विभाग की सभी योजनाओं का लाभ जिनमें बच्चों को छात्रवृत्ति, मुफ्त सायकल, मुफ्त सिलाई मशीन, अपने काम के लिए मुफ्त उपकरण शामिल हैं। घर का नौकर-नौकरानी (काम वाली बाई), खाना बनाने वाला, बाई (कुक), सफाई कर्मचारी, गार्ड, रेजा, कुली, रिक्शा चालक, ठेला में किसी भी प्रकार का सामान बेचने वाला (वेंडर), चाट ठेला वाला, भेल वाला, चाय वाला, होटल के नौकर/वेटर, रिसेप्शनिस्ट, पूछताछ वाले क्लर्क, ऑपरेटर, हर दुकान का नौकर/सेल्समैन/हेल्पर, ऑटो चालक, ड्राइवर, पंचर बनाने वाला, ब्यूटी पार्लर की वर्कर, नाई, मोची, दर्जी, बढ़ई, प्लम्बर आदि हो शामिल हो सकते है।

# कोरोना के 10 और नए मामले आए सामने



कोरोना की जांच करवाती महिला।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में एक बार फिर लोगों द्वारा त्योहारों पर बरती जा रही लापरवाही से कोरोना का आंकड़ा बढ़ने लगा है। रविवार को करवाचौथ के मौके पर जिले में 10 नए मामले सामने आए हैं। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99884 पर पहुंच गया। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 16 पर पहुंच गया है। यह सभी होम आईसोलेशन में है। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में 730 सैम्पल जांच किए गए। लेकिन जिले में फिलहाल सरकारी में 543 और निजी में 379 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

**त्योहार से बढ़ी संख्या :** दशहरे के बाद दीवाली और करवाचौथ की शॉपिंग के कारण बाजारों में भीड़ बढ़ने के साथ ही कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा भी बढ़ गया। रविवार को आए 10 मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग चिंतिंत नजर आया।

इन आंकड़ों को देखते हुए जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने रविवार को सभी डिप्टी सिविल सर्जन के साथ अस्पताल में कोरोना के मरीजों के लिए बनी फ्लू ओपीड़ी समेत पूरे अस्पताल में दौरा करते हुए नजर आए। उन्होंने करीब 45 मिनट तक बढ़ती संख्या को रोकने के विषय पर सभी डिप्टी सिविल सर्जनों के साथ विचार विमर्श किया।

### ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांच : 1170518
अब तक पॉजिटिव: 99884
अब तक नेगेटिव: 1069712
रिपोर्ट आनी शेष: 922
अब तक मौत: 719
अब तक ठीक: 99152
फिलहाल एक्टिव : 16

# डेंगू का प्रकोप : आठ नए मरीजों की हुई पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** के बाद डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही थी। वहीं रविवार को कोरोना के 10 तो डेंगू के 8 नए मामले सामने आए है। जिससे डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 196 पर पहुंच गया है। डेंगू के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग चिंतित नजर आ रहा है। वैसे ठंड बढ़ने से डेंगू के मामलों में कमी आ जाती है। लेकिन इस बार ठंड़े मौसम में ही डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं बुखार-जुकाम के मरीजों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जिस कारण अस्पतालों में मरीजों को बिस्तर तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मच्छरजनित बीमारियां खासकर डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को डेंगू के सबसे ज्यादा आठ मामले सामने आए। जिससे जिले में डेंगू का आंकड़ा 196 पर पहुंच गया। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरजनित बीमारियों पर रोक लगाने के लिए गंभीर प्रयास करने के दावे किये जा रहे हैं, लेकिन बीमारियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम कागजों पर ज्यादा असलियत में कम है। यह तो सरकारी आंकड़े है। जबकि इससे ज्यादा मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं या घर पर इलाज करा रहे हैं। कईयों की तो इस बीमारी ने जान ले ली है। लेकिन मृतकों को इन आंकड़ों में अभी तक शामिल ही नहीं किया गया।



बीके के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे।

# मनोहर सरकार में उद्योगों को मिल रहा बढ़ावा: रावत

### विधायक ने सम्मान समारोह में उद्योगपतियों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने पूर्व की सरकारों पर उद्योगपतियों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारों की दमनकारी नीतियों के चलते औद्योगिक हब कहलवाने वाला फरीदाबाद जिला औद्योगिक दृष्टि से निरंतर पिछड़ने लगा था परंतु जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सत्ता संभाली, तब से फरीदाबाद के उद्योगों को एक नई दिशा मिली है और मनोहर सरकार के सात सालों के कार्यकाल में फरीदाबाद में उद्योग और उद्योगपति दोनों ही फल फूल रहे हैं।

रावत बीती रात होटल डिलाईट ग्रांड में शहर के उद्योगपतियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने शहर के उद्योगपतियों का समारोह में पधारने पर आभार जताते हुए कहा कि मनोहर सरकार प्रदेश में पारदर्शिता से कार्य कर रही है और फरीदाबाद की औद्योगिक इकाईयों की समस्याओं को निपटाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कें सहित बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है, और सरकार का लक्ष्य उद्योगों को बढ़ावा देना है क्योंकि अगर जिले में उद्योग भली भांति चलेंगे, तभी युवाओं को रोजगार मिलेंगे। विधायक नयनपाल रावत ने उद्योगपतियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह ऐसी पहली सरकार है, जो बिना भेदभाव के समान रूप से हर वर्ग का विकास कर रही है, जबकि पिछली सरकारों ने उद्योगपतियों का केवल शोषण किया और सत्ता की मलाई खाने के बाद उन्हें नकार दिया, लेकिन मनोहर सरकार के नेतृत्व में फरीदाबाद एक बार फिर औद्योगिक हब बनकर उभर रहा है। कार्यक्रम में नयनपाल रावत ने 8 औद्योगिक एसोसिएशनों सहित कई बड़े उद्योगपतियों को सम्मानित किया। इस दौरान उद्योगपतियों ने भी विधायक नयनपाल रावत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया

इस अवसर पर फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान बीआर भाटिया, फरीदाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रधान एचके बत्रा, आई एम एम एस सी इंडिया के प्रधान राजीव चावला, लघु उद्योग भारती एसोसिएशन के प्रधान रवि भूषण खत्री, फरीदाबाद स्माल इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान जेएस त्यागी, आईएमटी एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कौशिक, डीएलएफ इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा, पलवल इंडस्ट्री एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील मंगला, एस क्रेन ग्रुप के विजय अग्रवाल, शिवालिक ग्रुप के नरेंद्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, इंपीरियल ऑटो के सरदार जगजीत सिंह लांबा, क्राउन ग्रुप के जे पी गुप्ता, एफआईए के पूर्व प्रधान सुनील गुलाटी, सज्जन जैन सहित शहर के अनेक उद्योगपतियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



उद्योगपति सम्मान समारोह सम्मानित उद्योगपतियों के साथ हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला के विधायक नयन पाल रावत।

# ऐप देगा अस्पताल की लंबी लाइनों से छुटकारा

### आमजन को अस्पतालों में लंबी लाइनों में लगने से मिलेगी निजात: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि आमजन को अस्पतालों में लंबी लाइनों में लगने से निजात दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 'स्वस्थ हरियाणा' मोबाइल एप लांच किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पतालों में अपना इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि यह एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है।

मरीज घर बैठे एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इसके माध्यम से मरीज घर बैठे एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इससे जिला के अस्पतालों में लोगों की भीड़ का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। मरीज को किस डॉक्टर व किस स्पेशलिस्ट डॉक्टर के पास जाना है। इसके लिए मरीज को लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा, जिससे उसके समय की बचत भी होगी और वह सीधा जाकर अपने डॉक्टर के पास इलाज करवा सकता है।

**मोबाइल ऐप से घर बैठे लैब रिपोर्ट :** ज़िला उपायुक्त ने बताया कि डॉक्टर जो टेस्ट लिखेंगे और जो भी लैब की रिपोर्ट होगी इस एप के माध्यम मरीज अपनी लैब रिपोर्ट को घर बैठे ही अपने मोबाइल ऐप से फोन पर देख पाएंगे। उन्हें रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल में जाने की जरूरत नहीं पडेगी। इस एप में मरीज की सारी हिस्ट्री स्टोर रहेगी, वह कभी भी देख सकता है। उपायुक्त ने बताया कि इस मोबाइल ऐप में और भी कई सुविधाएं हैं जिनमें ब्लड बैंक की जानकारी (ब्लड बैंक ई-रक्तकोष से लिंक है तथा ब्लड युनिटस की उपलब्धता के बारे में जानकारी मिल सकती है), जच्चा-बच्चा देखभाल व टीकाकरण सम्बन्धी जानकारी भी उपलब्ध रहेंगी।

### ये हैं मुख्य विशेषताएं

**मरीजों** का एडवांस रजिस्ट्रेशन, मरीजों का जनसांख्यिकीय विवरण (डेमोग्राफिक डिटेल्स) से भरा जा सकेगा, मरीज अपना भूतपूर्व रजिस्ट्रेशन का रिकार्ड देख पाएंगे, मरीज अपनी इच्छा से किसी भी स्वास्थ्य संस्थान व ओ.पी.डी. का चयन कर सकेंगें। मरीज अपनी जांच रिपोर्ट अपने मोबाईल फोन पर डाउनलोड कर सकेंगें। सभी प्रकार की जांच रिपोर्ट का रिकार्ड तिथि अनुसार उपलब्ध होगा और मरीजों को इस ऐप द्वारा निकटतम ब्लड बैंक की भी जानकारी उपलब्ध होंगी।

# ऐतिहासिक :100 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** वायरस से बचाव में भारत द्वारा 100 करोड़ टीकाकरण पार करने के ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा नंगला मंडल अध्यक्ष आदेश यादव व उनकी टीम के सदस्यों ने जिला सिविल सर्जन विनय गुप्ता, कोरोना वैक्सीनेशन फरीदाबाद के इंचार्ज डा. मान सिंह सहित डॉक्टर्स एवं हेल्थ फ्रंट लाइन वर्कर्स तथा आशा वर्करों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया एवं भेंट स्वरूप मनी प्लांट का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा युवा मोर्चा के नंगला मंडल अध्यक्ष आदेश यादव ने स्वास्थ्य कर्मियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि देश का यह मेगा टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण को समर्पित है। इनकी कड़ी मेहनत, जज्बे एवं देश सेवा में किए गए कार्यों को प्रत्येक देशवासी सैल्यूट करते हैं। आज इनके अथक प्रयास एवं अदम्य साहस के बल पर भारत ने 100 करोड़ वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके हैं। 100 करोड़ पार टीकाकरण देश के लिए गौरवशाली उपलब्धि और इन गौरवमयी क्षणों में स्वास्थ्य कर्मियों एवं डॉक्टर्स की टीम के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। नंगला मंडल के युवा अध्यक्ष आदेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते आज पूरे विश्व को करके दिखा दिया।



डाक्टरों को सम्मानित करते भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने किया रन फॉर पुलिस मैराथन का आयोजन



पुलिस झंडा दिवस पर आयोजित रन फार पुलिस मैराथन को झंडी दिखा कर रवाना करते एसीपी बल्लभगढ़ जयवीर राठी।

**फरीदाबाद।** गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा सरकार की पहल पर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश पर पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ जयवीर राठी के मार्गदर्शन में थाना सूरजकुंड स्थित हरमिटेज हट्स वाले ग्राउंड से यूनिटी रन-रन फॉर पुलिस तीन किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने यूनिटी रन-रन फॉर पुलिस मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रमेश चंद्र सहायक पुलिस आयुक्त एनआईटी, भलाई निरीक्षक जयवीर सिंह ने पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों को दी। सभी थानों और कार्यालयों से पुलिस कर्मचारियों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस शहीदों की याद में पुलिस फ्लैग डे 10 दिन के निरंतर कार्यक्रम की कड़ी में पुलिस शहीदो की याद मे मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। सभी थानों, महिला थानों एवं कार्यालयों से लगभग 250-300 पुलिस कर्मचारियों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया। पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ जगबीर राठी ने मैराथन में भाग लेने वाले सभी पुलिसकर्मियों को व्यायाम, दौड़ और फिजिकल की एक्टिविटी करने के बारे जागरूक किया उन्होंने बताया कि फिजिकली फिट रहने के लिए यह एक्सरसाइज जरूरी है। हमें अपनी बॉडी के स्वास्थ्य के लिए फिजिकल करने का समय देना चाहिए। दौड़ के समापन के पश्चात सभी दौड़ में भाग लेने वाले जवानों को रिफ्रेंशमेंट दी गई।

### पांच हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर सन्दीप मोर की टीम ने नशे के इंजेक्शन सप्लाई करने वाले फरार चल रहे आरोपी को प्याला चौक कब करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान सौरव निवासी डबुआ कालोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी फरीदाबाद के डबुआ कॉलोनी में रहने वाले कपिल को नशे के इंजेक्शन Buprenorphine की सप्लाई करता था आरोपी कपिल को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर डबुआ कॉलोनी में नशे के इंजेक्शन बेच रहा था जोकि मौका से नशे के इंजेक्शन के बैग को फेंक कर बच कर निकला था। क्राइम ब्रांच टीम को मिले बैग में 29 नशे के इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी कपिल को 27 सितंबर को क्राइम ब्रांच द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी सौरभ काफी समय से कपिल को नशे के इंजेक्शन पलवल से लाकर सप्लाई करता था जो पुलिस से बचने के लिए घर से भागकर छुपता फिर रहा था। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपी के बारे में गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की 1 दिन पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### डालसा ने 15 लीगल लिटरेसी कार्यक्रम किए आयोजित



यूनाइटेड नेशनल दिवस के अवसर पर आयोजित जगरूकता शिविर को संबोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता।

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ राजन गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा राज्य के प्रत्येक जिले के अंदर व सब डिविजन लेवल पर आजादी का अमृत महोत्सव दो अक्टूबर 2021 से लेकर 14 नवंबर 2021 तक मनाया जा रहा है। अमृत महोत्सव के तहत पैनल एडवोकेट पैरा लीगल वालंटियर स्टूडेंट लीगल लिटरेसी क्लब एनजीओ अन्य संस्थाएं भाग ले रही है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के चेयरमैन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में रविवार को 15 लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें घर-घर जाकर जागरूकता, गांव नवादा व बुआ पुर फरीदाबाद में आयोजित किया गया। एक कार्यक्रम फंडामेंटल राइट्स के ऊपर, इसके अलावा एक कैंप कोविड-19 के ऊपर लगाया गया। कानूनी जागरूकता शिविर यूनाइटेड नेशनल डे के उपलक्ष में गांव बादशाहपुर, कबूलपुर, मछगढ़ फरीदाबाद आयोजित किए गए। इसके अलावा लोगों को लीगल लिटरेसी बुक्स बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा एक कार्यक्रम महिलाओं को लीगल लिटरेसी की बुक्स बांटकर व जागरूकता शिविर लगाकर भारत कॉलोनी, नहर पार फरीदाबाद की महिलाओं को जागरूक किया गया। इसके अलावा यूनाइटेड नेशनल दिवस के उपलक्ष में दो रैलियां आयोजित की गई। एक रैली गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल ऊंचा गांव में, एक रैली की सेक्टर 23 फरीदाबाद में आयोजित की गई। रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा अमृत महोत्सव के तहत जिला फरीदाबाद के प्रत्येक व्यक्ति को कानूनी जानकारी वे कानूनी मैट्रियल वितरित किया जा रहा है। ताकि हमारे जिले का कोई भी व्यक्ति कानून की जानकारी के अभाव में अपने न्याय के अधिकार से वंचित ना रह सके।

### भगवान वाल्मीकि के आर्दशों पर चलने की जरूरत : त्रिखा

**फरीदाबाद।** बाल्मीकि आश्रम धर्माथ सुधार ट्रस्ट द्वारा गांधी कालोनी स्थित भगवान बाल्मीकि आश्रम में भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीमा त्रिखा व विशिष्ट अतिथि नगर निगम कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खाडिया,युवा भाजपा नेता सुरजीत नागर,बाल्मीकि सेना के अध्यक्ष राकेश पाल,भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश सचिव विक्रम अरूआ उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन बाल्मीकि आश्रम धर्माथ सुधार ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान बाल्मीकि जी के जीवन पर आधारित विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान बाल्मीकी से संबधित झांकियों ने पूरे शहर का मन मोह लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बाल्मीकि आश्रम धर्माथ सुधार ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोरी लाल व सर्वसमाज ने सुरजीत नागर,सतनाम सिंह मंगल,दिलीप बहोत,बलूर कांगड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल्मीकि सेना के प्रधान राकेश पाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे वाल्मीकि समाज का धन्यवाद किया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, पांच आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद विकास कुमार अरोड़ा के आदेश पर कार्य करते हुए साइबर थाना प्रबंधक निरीक्षक बसंत कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम ने दबिश देकर अलग-अलग राज्यों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फुरकान अली निवासी बदरपुर नई दिल्ली, असरफ निवासी गौतमबुद्ध नगर हाल जाकिर नगर जामिया नगर दिल्ली, यूनिश खान निवासी मथुरा, साहिद और मामुद्दीन निवासी आगरा के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर बसंत ने बताया कि आरोपियों को विशेष सूत्रों से मिली सूचना और तकनीक के माध्यम से उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर 21 निवासी शिकायतकर्ता ने थाना साइबर अपराध पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि प्रतिष्ठित नौकरी दिलाने के नाम पर कई तरह की औपचारिकताओ को पूरा करने के लिए आरोपियों ने उससे अलग-अलग समय पर कुल तीन लाख अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए थे। बाद में पता लगा कि जिगालो की नौकरी दिला रहे थे।

# करवा चौथ व्रतः सुहागिनें सजीं अपने सजना के लिए

### कथा सुन और अर्घ्य देकर तोड़ा निर्जला व्रत

### सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु के लिए कामना


गुरुग्राम में करवाचौथ पर्व पर सज-धजकर कहानी सुनती महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पति** की दीर्घायु के लिए विवाहित महिलाओं ने रविवार को करवाचौथ का व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश का पूजन किया। आधुनिकता के इस दौर में और बदलते परिवेश में करवाचौथ का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। अब युवतियां भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। युवतियों ने भी करवाचौथ का व्रत रखकर मनवांछित पति की कामना की।

परिवार की वृद्ध महिलाओं ने विवाहित महिलाओं को करवाचौथ की कथा सुनाई और उन्हें सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद भी दिया। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने अपना व्रत खोलकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। महिलाएं कई दिन से करवाचौथ पर्व की तैयारियों में जुटी थी। कहीं ड्रेस तो कहीं चूड़ियों की खरीदारी और कहीं मेंहदी लगवाने में महिलाएं व्यस्त रहीं। मेंहदी लगवाना भी ज्यादातर बाजार पर निर्भर हो गया है। जिन महिलाओं का एक दिन पहले तक नंबर नहीं आया था, वे करवाचौथ के दिन भी मेंहदी लगवाने पहुंची। शनिवार की पूरी रात यहां सदर बाजार में महिलाएं मेंहदी लगवाने पहुंची। मेंहदी लगाने वालों के पास उनकी बुकिंग थी। दिन भर महिलाएं सज-धजकर घरों में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के साथ व्रत को लेकर तय किये गये नियमों का पालन करती रहीं। अपने पति की दीर्घायु को लेकर महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाया। समय के साथ करवाचौथ पर्व का क्रेज भी बढ़ता जा रहा है। जिन महिलाओं के पति घर पर नहीं थे, उन्होंने डिजिटल तरीके से मोबाइल या लैपटॉप पर देखकर अपना व्रत खोला। यह तकनीक का ही फायदा है कि आज हजारों किलोमीटर दूर बैठे अपने पतियों को देखकर ही महिलाओं ने करवाचौथ व्रत पूरा किया।

# तेज रफ्तार कार ने ठेला सवार दो युवक कुचले, एक मृत

### पुलिस ने किया अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पलवल**-सोहना मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से ठेला चालक की मौत तथा पास बैठा दुकानदार घायल हो गया। पुलिस ने हादसे में मरने वाले के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा। अज्ञात कार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

बिहार मूल निवासी सोनेलाल पुत्र अहलेतगमा ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसने किरणकी खेड़ली के पास परचून की दुकान की हुई है। दुकान के पास ही वह किराए के मकान में रहता है। शुक्रवार रात करीब साढे बजे वह सोहना मंडी में सब्जी लेने के लिए अपने बाइक में लगे ठेला को लेकर आने की तैयारी में था। उसी समय बिहार निवासी ही सुबोद उसके पास आया और वह भी उसके साथ सोहना चलने को तैयार हो गया। वे दोनों ठेला को लेकर सोहना आ रहे थे। बाइक ठेला को सुबोध चला रहा था। वह पीछे बैठकर टार्च जलाकर उजाला कर रहा था, क्योंकि बाइक ठेला में लाइट नहीं थी। जब वे पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सांचौली के निकट पहुंचे। उसी समय पीछे से एक कार आई और उसने उनके ठेला को सीधी टक्कर मार दी। जिससे सुबोध सड़क पर आगे की तरफ जा गिरा। ठेला टूट गया और इस दौरान उसे भी चोटें आई। सुबोध बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा रहा। उसने तुरन्त पुलिस को कॉल की। मौके पर पहुंची पुलिस पीसीआर ने सुबोध को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, लेकिन सुबोध के परिजनों को विश्वास नहीं हुआ और उसे गुरुग्राम के लिए रेफर करवा लिया। जहां पर पहुंचने पर डॉक्टरों ने भी सुबोध को मृत बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कृति मॉडल स्कूल के ध्वस्त होंगे जर्जर कमरे व बरामदे


सोहना स्थित राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के जर्जर हालत में कमरे और बरामदा।

**सोहना।** सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के जर्जर हालत में खड़े कमरे व बरामदों को गिराए जाने का ठेका विकास को तीन लाख में छोड़ा गया। जर्जर भवन को गिराने की ठेका बोली में प्रदेश के अलग-अलग जिले से आए ठेकेदारों ने भाग लिया। स्थानीय राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नये भवन निर्माण का कार्य में बाधा बने कमरे व बरामदों को जल्द ही गिराया जाएगा। जिसके लिए शुक्रवार को स्कूल परिसर में जर्जर भवनों को गिराने के लिए खुली बोली लगाई गई। इस खुली बोली में गुरुग्राम, सोहना, पलवल, रोहतक, हिसार, झज्जर, भिवानी, रेवाड़ी, नूंह आदि जिलों से ठेकेदार खुली बोली में हिस्सा लेने पहुंचे। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन व स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। खुली बोली में सबसे ज्यादा राशि सोहना निवासी विकास ने लगाई। उसके बाद किसी ठेकेदार द्वारा बोली न लगाने पर भवनों को गिराने का ठेका विकास के नाम पर छोड़ दिया। ठेकेदार को एक माह के अंदर जर्जर भवनों को गिराने तथा मलवा उठाने का समय दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग के सहयोग से राज्य सरकार ने यहां पर नये भवन निर्माण की हरीझंडी प्रदान पहले से ही की हुई है। उसके लिए जर्जर हालत में खड़े कमरे व बरामदे बाधा बने हुए थे। नये भवन के लिए पांच करोड़ से भी अधिक की राशि पहले से मंजूर हो चुकी है।

### मकान के अंदर लगी आग में हुआ लाखों का नुकसान

**सोहना।** शहर के बालूदा मार्ग पर मकान में लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी से आग पर करीब 40 मिनट में काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण बिजली शार्ट सर्किट व रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव माना जा रहा है। रविवार की शाम साढ़े पांच बजे शहर के बालूदा मार्ग पर मकान के अंदर अचानक से आग लगने से धुंआ उठता हुआ नजर आया। मकान के साथ बनी दुकान में किरायेदार सुनील कुमार को जैसे ही आग लगने की महक आई वह मकान की तरफ दौड़ता हुआ गया। जहां उसने अपने एक बच्चा को बाहर निकाला। आग की शुरुआत मकान की पहली मंजिल से शुरु हुई। आग चंद मिनटों में पहली मंजिल पर बने अन्य कमरे में फैसलती हुई चली गई। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग और पुलिस को दी गई। सूचना मिलन के मात्र 10 मिनट में गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों को सिढ़ियां का रास्ता तंग होने के कारण काफी परेशानी हुई। इस आग में मकान में रखा 70 से 80 फीसदी सामान जलकर राख हो गया। आग से रसोई में रखा फ्रिज फट गया। उसके बाद 14 किलोग्राम व 5 किलोग्राम के दो सिलेंडर से गैस का रिसाव हो रहा था। जिन्हे दकमल विभाग की कर्मचारी टीम ने सुरक्षित बाहर निकालने के बाद पानी के डूबोकर रख दिया। दकमल केन्द्र के प्रभारी जयवीर भड़ाना ने बताया कि आग लगने के कारण बिजली शार्ट सर्किट या सिलेंडर से गैस रिसाव होना पाया जा सकता है।

### संकिमो के सदस्यों ने शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** शहीद किसान कलश यात्रा रेवाड़ी से गुड़गांव पहुंची। तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे गुड़गांव संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व मोर्चा के अन्य सदस्यों तथा विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने शहीद किसान कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर लखीमपुर खीरी हत्याकांड में शहीद हुए किसानों को नमन किया। अस्थि कलशों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। शहीद किसान कलश यात्रा का रात्रि ठहराव गुड़गांव में ही किया गया था। सोमवार की प्रातः किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष सिंह ने सम्मान के साथ शहीद किसान कलश यात्रा को गुड़गांव से टीकरी बॉर्डर के लिए गगनभेदी उद्घोषों के साथ रवाना किया। किसान यात्रा का नेतृत्व कर रहे किसान मोर्चा के सदस्य जोगिंद्र सिंह नैन ने कहा कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त कर उन पर मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा गुड़गांव से टीकरी बॉर्डर के बीच पड़ने वाले सभी गांवों में रुकेगी और ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत भी किया जाएगा। टीकरी बॉर्डर पहुंचने पर देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए किसान शहीद किसानों को श्रद्धांजलि भी देंगे। इस अवसर पर किसान नेता फूल कुमार, पंजाब सिंह, बलवान सिंह, जयप्रकाश रेहडु, नवनीत, जितेंद्र सिंह, संदीप सिंह, आकाशदीप आदि भी मौजूद रहे।

### पीजी कक्षाओं के लिए दाखिले को अब 27 तक करें आवेदन

**गुरुग्राम।** महाविद्यालयों में स्नातक (पोस्ट ग्रेजुएट) कक्षाओं में दाखिले के लिए अब 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने थे। 19 अक्टूबर तक दस्तावेज का ऑनलाइन सत्यापन करना था। वहीं 22 अक्टूबर को पहली मेरिट सूची जारी होनी थी। हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्नातक के अंतिम वर्ष के परिणाम नहीं आने के कारण स्नातकोत्तर के शेड्यूल को आगे बढ़ाया, लेकिन पहले ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि जारी नहीं की थी। उच्चतर शिक्षा विभाग ने अब स्नातकोत्तर में दाखिला के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। नए शेड्यूल के अनुसार 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किये जाएंगे। महाविद्यालयों में 29 अक्टूबर तक दस्तावेज का ऑनलाइन सत्यापन कर सकेंगे। पहली मेरिट लिस्ट 2 नवंबर को जारी होगी, जिन विद्यार्थियों का उसमें नाम आएगा, वे 10 नवंबर तक फीस जमा करवा सकेंगे। पहली वेटिंग लिस्ट 12 नवंबर को जारी होगी, 12 से ही फिजिकल ओपन काउंसिलिंग शुरू होगी। 13 नवंबर से पोर्टल पर दोबारा रजिस्ट्रेशन या फॉर्म एडिटिंग का काम हो सकेगा। 12 नवंबर 2021 से पीजी कक्षाओं में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

# नशेड़ी ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद कर दी हत्या

### मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया

### दुकान से फ्रूटी दिलाने के बहाने युवक बच्ची को ले गया था खेतों की ओर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** थाना के गांव घामडौज में 22 वर्षीय युवक ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी। माता पिता की अनुपस्थिति में पहुंचा आरोपी युवक बच्ची को फ्रूटी दिलाने के बहाने घर से दूर ले गया। उसने बच्ची की हत्या मकान से दूर खेत में ले जाकर की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

रविवार को घामडौज निवासी प्रेमपाल सिंह के मकान में किराए पर रहने वाला 22 वर्षीय राजा साथ वाले मकान में रहने वाली चार वर्षीय बच्ची को दुकान से चीज दिलाने के बहाने लेकर गया था। उस समय बच्ची का पिता मजदूरी करने के लिए भोंडसी गया हुआ था। मां गांव में चूड़ियां पहनने के लिए गई हुई थी। उस समय वह राजा शराब के नशे में धुत था। करीब एक घंटा तक बच्ची जब घर या उसके बाहर आंगन में नजर नहीं आई तो परिजनों ने दो घंटा तक आस पास मोहल्ले में तलाश किया। बच्ची की कोई सुराग नहीं लगा। करीब ढाई घंटा के बाद राजा बच्ची को बेहोशी की हालत में एक हाथ पकड़कर जमीन पर घसीटता हुआ लाया और उसके मकान के बाहर पर रेलिंग पर लिटा दिया। उसके बाद राजा वहीं पर शराब के नशा में झूमता हुआ खड़ा रहा। आस-पास से दौड़कर आए अन्य किरायदार व मकान मालकिन सीमा राघव बच्ची को बेहोश देख उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सोहना में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि की है। बच्ची के पिता ने बताया कि उसकी बेटी के साथ पड़ोस में रहने वाले कमरे में राजा ने पहले दुष्कर्म किया। उसके बाद उसकी हत्या कर दी। बच्ची की गर्दन पर बाई और गले तथा आंख के पास चोट के निशान पाए गए हैं। मौके पर पहुंची भोंडसी थाना से पुलिस ने राजा को हिरासत में ले लिया है। गुस्साएं गांव के कुछ लोगों ने गुरुग्राम-सोहना मार्ग को जाम करने की कोशिश की, लेकिन तुरन्त मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम की योजना बना रहे युवकों को सड़क से दूर करते हुए जाम नहीं लगने दिया। वहीं भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने मामले को लेकर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है।

**शनिवार को मनाया था बच्ची का जन्मदिनः** मृत बच्ची का शनिवार की शाम परिजनों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया था। बच्ची के जन्मदिन का केट कटने के दौरान राजा भी वहीं पर था। जिसने बच्ची के जन्मदिन की खुशी में खूब शराब भी पी थी।

**आरोपी शराब पीने का है आदी :** दुष्कर्म व हत्या आरोपी राजा घामडौज में सुकम कंपनी के प्लांट पर नौकरी करता है। जिसकी रविवार को कंपनी से अवकाश होता है। राजा शराब पीने का आदी है। वह हर दिन घर पर शराब पीकर ही रहता है। जिसकी अभी तक शादी नहीं हुई है। राजा अपनी मां परमीला के साथ अकेला रहता है। राजा करीब एक साल पहले अपनी मां के साथ सीमा राघव के मकान में किराए पर रह रहा है। इससे पहले गांव के ही निवासी पवन के ट्यबवैल पर करीब 12 साल से रह रहा है।

**राजा खेलता रहता है सभी बच्चों से :** मकान मालिक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि राजा छुट्टी वाले दिन सभी बच्चों को एक साथ खिलाता है। अपना पूरा दिन बच्चों के बीच में रहकर बीता है। जिसके कारण बच्ची को दुकान पर लेकर जाते समय उस पर किसी ने शक नहीं किया।

# कन्या महाविद्यालय में मनाया संयुक्त राष्ट्र दिवस

### प्राचार्य डा. रमेश गर्ग के नेतृत्व में हुआ आयोजन

### छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र के बारे में दी जानकारी


राजकीय कन्या महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हुए ध्वजारोहण के दौरान मौजूद छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में रविवार को प्राचार्य डा. रमेश गर्ग के मार्गदर्शन में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र दिवस विश्व प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को लोगों को संयुक्त राष्ट्र संस्थान के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र दिवस संयुक्त राष्ट्र सप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 20 से 26 अक्टूबर के मध्य मनाया जाता है।

वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र की आम महासभा में यह घोषित किया गया कि 24 अक्टूबर संयुक्त राष्ट्र के चार्टर की वर्षगांठ होती है। उस दिन हम हम संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों के बारे में तथा लोगों के समर्थन के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से मनाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. लोकेश शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र दिवस के महत्व तथा उद्देश्यों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। बताया कि वर्ष 1971 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आगे यह संकल्प बढ़ाते हुए (संयुक्त राष्ट्र संकल्प संख्या 2782) यह संकल्प लिया कि संयुक्त राष्ट्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय अवकाश दिवस के रूप में घोषित किया जाए। यह भी देखा जाए कि यह उन सभी देशों में जोकि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं, में मनाया जाए। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, ज्योति सोलंकी, जया, अजीत समेत कई प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### कुछ क्षेत्रों में 36 घंटे तक पेयजलापूर्ति रहेगी बाधित

**गुरुग्राम।** आगामी बुधवार से साईबर सिटी के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति 36 घंटे के लिए बंद रहेगी। जीएमडीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसई गांव में मुख्य सड़क के निर्माण के चलते यहां से पानी की मास्टर लाईन को शिफ्ट किया जाना है। जिसके कारण चंदू-बुडेढ़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकेगी। उनका कहना है कि इस कार्य को करने में समय लग जाएगा।

इसलिए पेयजल आपूर्ति 36 घंटे के लिए बाधित रहेगी। यानि कि बुधवार मध्यरात्रि से पेयजल आपूर्ति बंद कर दी जाएगी और इसके बाद गुरुवार मध्यरात्रि से शुरु किया जाएगा। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से गांव धनकोट, चंदू-बुढ़ेड़ा, सैक्टर 37 सी, डी, गाडौली, एयरफोर्स स्टेशन, सेंट्रल पार्क, सैक्टर 51 बूस्टिंग स्टेशन के अलावा सैक्टर 44 से 74 तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। लोगों को पेयजल की व्यवस्था समय रहते कर लेनी चाहिए, ताकि उन्हें पेयजल बाधित होने के बाद समस्या का सामना न करना पड़े।

# मुख्यमंत्री से गर्ल्स कॉलेज न मिलने से मायूस हुए युवा

### सरमथला में हुई रैली में डिग्री गर्ल्स कॉलेज मिलने की युवा लगा रहे थे आशा



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सरमथला** की विकास रैली में मुख्यमंत्री से गर्ल्स कॉलेज की सौगात न मिलने युवा हुए मायूस। दर्जनभर गांवों के ग्रामीण अभिभावक भी निराशा में डूबे। जबकि क्षेत्र के युवा महाविद्यालय की सौगात न मिलने से निराश दिखे।

शनिवार को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास रैली में विधानसभा के दो बड़े शहरों में कई करोड़ के विकास कार्यों को कराएं जाने की सौगात तो दे गए, लेकिन सरमथला समेत आस पास के गांव चमनपुरा, घंघौला, लोहसिंघानी, बाईखेड़ा, लाला खेड़ली, कुलियाका, ईशाकी, निमोठ, मंडावर, करवाका, खत्रीका, बिधवाका, जोहलाका, बिहलाका, सिलानी, हरचंदपुर सहित जिला पलवल व फरीदाबाद के सरमथला से लगते गांवों में रहने वाले हजारों युवाओं में मायूसी छाई हुई है। क्षेत्र के युवाओं को गर्ल्स डिग्री कॉलेज की उम्मीद मुख्यमंत्री से एक सौ फीसदी बनी हुई थी। लेकिन कई करोड़ रुपये के कराए जाने विकास कार्यों की घोषणा मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से शुरुआत की। वैसे-वैसे विकास रैली में आए युवाओं के कान डिग्री कॉलेज की घोषणा को सुनने पर लगे हुए थे।

### बेटियों में दिख रही निराशा

**एक** तरफ केन्द्र व प्रदेश की सरकारें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का नारा देते-देते कई वर्ष बीत गए। गांव सरमथला से लगते जिले के दर्जनभर गांवों में रहने वाली बेटियां कक्षा दस व बारहवीं पास करने के बाद उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है। जिसका कारण सभी अभिभावक अपने बेटियों को गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, दिल्ली आदि क्षेत्र में पढ़ाने में आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री के विकास पिटारे से डिग्री कॉलेज न निकलने बेटियां निराशा में डूबी हुई है। उन्हें मालूम है कि उनके अभिभावक निजी यूनिवर्सिटी व कॉलेज में आय से अधिक खर्चे करके पढ़ा नहीं सकते। ऐसे में एक उम्मीद बेटियों को सरकार से होती है।

### बड़ी संख्या में बेटियां उच्च शिक्षा से वंचित

**सरमथला** समेत आस-पास के गांवों से कुछ फीसदी सम्पन्न परिवार की बेटियां ही कक्षा आठवीं पास करने के बाद अन्य शहरों में उच्च शिक्षा प्राप्ती के लिए जाती है। चमनपुरा निवासी हरदेव सिंह का कहना है कि बड़ी संख्या में बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती है। उनके उच्च शिक्षा प्राप्त करके रोजगार प्राप्त करने के सपने अधूरे ही रह जाते है। बीरसिंह नंबरदार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज उच्च शिक्षा प्राप्त करके सिविल सर्विस, जज, आईएएस, पायलट बन रही है। लेकिन क्षेत्र में डिग्री गर्ल्स कॉलेज की बहुत आवश्यकता है, लेकिन इस बार न सही प्रदेश मुख्यमंत्री को जल्द ही क्षेत्र की बेटियों के हित में ध्यान रखते हुए जल्द बनाएं जाने की घोषणा करनी चाहिए।

# अंशु व डॉ. पायल ने बुडापेस्ट में जीते मेडल

### केटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप में किया देश को गौरवान्वित



हंगरी के बुडापेस्ट में हुई केटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप में विजेता भारतीय खिलाड़ी अंशु तारावथ व डा. पायल कनोडिया तिरंगे के साथ।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हंगरी** देश के बुडापेस्ट में केटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने पहली बार हिस्सा लिया और मेडल बटोर लायीं। दोनों ने सिल्वर मेडल जीते हैं। खास बात यह है कि दोनों ही खिलाड़ी हरियाणा के गुरुग्राम व नूंह जिला के तावडू की रहने वाली हैं। गुरुग्राम की अंशु तारावथ को एम3एम फाउंडेशन द्वारा मदद दी गई।

अंतरराष्ट्रीय यूनियन ऑफ केटलबेल लिफ्टिंग (आईयूकेएल) द्वारा हंगरी के बुडापेस्ट में केटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप-2021 आयोजित की गई। इसमें भारत की अंशु तारावथ (58 किलो वर्ग) व डॉ. पायल कनोडिया (68 किलो वर्ग) ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। सिल्वर मेडल जीत देश को गौरवान्वित किया है। यह चैम्पियनशिप का आयोजन हंगरी के बुडापेस्ट में 22 से 24 अक्टूबर 2021 तक हुई। इसमें दुनिया के 32 देशों से 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत से कुल दो खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें दोनों ही खिलाड़ी अंशु तारावथ और डॉ. पायल कनोडिया हरियाणा से हैं। भारत में केटलबेल खेल का आयोजन केटलबेल स्पोर्ट इंडिया एसोसिएशन कराता है। एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी और इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि वे बचपन से ओलम्पिक और अन्य खेलों को देखते हुए बड़ी हुई हैं। देश के लिए खेलने का जुनून उनमें सदैव रहा। केटलबेल खेल के माध्यम से यह सपना पूरा हुआ। यह खेल भारत में नया है, लेकिन इसके प्रति रुझान बढ़ रहा है। जीत पर उत्साहित अंशु तारावथ ने कहा कि आईयूकेएल केटलबेल वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के लिए जीतना और तिरंगे को ऊपर उठते देखना उनके जीवन का सबसे अनमोल पल रहा।

डॉ. पायल कनोडिया गुरुग्राम में एम3एम फाउंडेशन का संचालन करती हैं। निर्माण श्रमिकों और उनके बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए काम करती हैं। कोरोना महामारी के बाद वैक्सीनेशन ड्राइव के माध्यम से लगातार लोगों को वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित करने का का कार्य भी इनकी संस्था द्वारा किया जा रहा है। अंशु तारावथ केटलबेल स्पोर्ट की सर्टिफाइड एथलीट और प्रशिक्षक हैं। भारत सरकार की फिट इंडिया प्रोग्राम में खेल की अम्बेसडर भी हैं। इसके साथ ही वे महिला भारतीय चैंबर और कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की खेल और मनोरंजन विभाग की हरियाणा राज्य की अध्यक्ष हैं।

### हत्या के प्रयास मामले में रिमांड पर लिए आरोपी से गाड़ी बरामद

**सोहना।** सोहना सीआईए पांच पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर फायरिंग करने के आरोप में मुख्य आरोपी से दो दिन की रिमांड के दौरान पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस ने पिकअप गाड़ी बरामद की है। आरोपी ने पिकअप को अपने गांव में छुपाकर खड़ा किया हुआ था। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सीआईए पांच पुलिस ने जिला नूंह का गांव डहेकली निवासी सद्दाम को दो दिन की रिमांड के बाद रविवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने सद्दाम को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर गाय की रक्षा के दौरान वाहनों में टक्कर मारने तथा फायरिंग करने के आरोप में जेल भेज दिया है। सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान सद्दाम से उस पिकअप को उसके घर से बरामद किया है। जिससे सद्दाम ने सेक्टर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मारने के उद्देश्य से उनकी कार में टक्कर मारी।

# मेडीबडी ने दर्ज की युवाओं के बीच डर्मेटोलॉजी कंसल्टेशन में बढ़ोतरी

### देखने में आया है कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों ने ज्यादा कंसल्ट किया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एंग्जाइटी** और तनाव के कारण युवाओं को कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देश के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने हाल के दिनों में डर्मेटोलॉजी (त्वचा संबंधी) कंसल्टेशन के मामलों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की है। आंकड़ों में सामने आया है कि इस प्लेटफॉर्म पर कंसल्ट करने वाले 65 प्रतिशत पुरुष 20 से 30 साल की उम्र के हैं। यह तो सब मानते हैं कि तनाव के कारण दिमागी सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता है, लेकिन शरीर पर इसके असर को लेकर लोग बहुत ज्यादा नहीं जानते हैं। ऐसा ही एक बड़ा दुष्प्रभाव है त्वचा और बालों पर। डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म के आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ महीनों में त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए कंसल्टेशन के मामले करीब 84 प्रतिशत बढ़ गए हैं। मेडीबडी के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में बालों के झड़ने और मुहांसों को लेकर सबसे ज्यादा कंसल्ट किया गया। करीब 69.47 प्रतिशत मामले मुहांसों से जुड़े और बाकी पिग्मेंटेशन, फंगस टैन, जनरिक स्किन डिजिज, रिंगवॉर्म, सोराइसिस आदि के मामले रहे। प्लेटफॉर्म के आंकड़ों से यह भी पता चला कि कंसल्ट करने वाले करीब 75.9 प्रतिशत पुरुष थे। इसी तरह बालों व सिर से संबंधित समस्याओं में औसतन 62 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इनमें करीब 90 प्रतिशत ने बाल झड़ने की समस्या, डैंड्रफ व सफेद होते बालों को लेकर कंसल्ट किया। बालों से जुड़ी समस्याओं के मामले में भी 78.7 प्रतिशत पुरुष और 21.3 प्रतिशत महिलाएं देखी गई।

मेडीबडी के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री सतीश कन्नन ने कहा, 'महिला और पुरुष दोनों में त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसका कारण तनाव या फिर अन्य परिस्थितियां हो सकती हैं। यह गलत धारणा है कि ऐसी समस्याएं महिलाओं में ज्यादा होती हैं। आंकड़े दिखा रहे हैं कि अब पुरुष भी ऐसी समस्याओं को अनदेखी करने के बजाय डॉक्टरों से सलाह लेने लगे हैं। इससे समय पर इलाज मिल जाता है।'

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजनाः आवेदक दो माह पहले करें आवेदनः डीसी

### विशेष परिस्थितियों में विवाह के तीन माह के अंदर किया जा सकता है आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**प्रदेश** सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करते हुए लाभार्थियों को मनोहर सौगात दी गई है। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों को कन्यादान के तौर पर अब 71 हजार रुपये तथा विधवाओं को 51 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अब विवाह की निर्धारित तिथि से दो माह पहले आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले यह शर्त एक महीने की थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए शर्त में संशोधन से पूर्व विवाह के 6 महीने तक विशेष परिस्थिति में आवेदन किया जा सकता था। जिसकी स्वीकृति उपायुक्त कार्यालय द्वारा दी जाती थी। उन्होंने बताया कि शर्त में संसोधन उपरांत विशेष परिस्थितियों में विवाह के तीन माह के अंदर-अंदर आवेदन किया जा सकता है। जिसकी स्वीकृति महानिदेशक अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग पंचकूला से मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत शगुन के तौर पर 66 हजार रुपये की राशि शादी के अवसर पर तथा पांच हजार रुपये की राशि 6 महीने के अंदर शादी का रजिस्ट्रेशन करवाने पर दी जाएगी। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों को मिलने वाली शगुन की राशि को भी बढ़ाकर अब 31 हजार रुपये कर दिया गया है। इससे पहले पात्र व्यक्तियों को 11 हजार रुपये राशि कन्यादान के तौर पर दी जाती थी। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों की लड़कियों को उनकी शादी के अवसर पर 28 हजार रुपये तथा 3 हजार रुपये की राशि 6 महीने के अंदर शादी का पंजीकरण कराने के उपरांत दी जाएगी। इस योजना के तहत पात्र परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम होनी चाहिए।




# बिजली टीम से मारपीट में आठ के खिलाफ केस दर्ज, एक गिरफ्तार

### सरकारी कार्य में बाधा डालने व बंधक बनाने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव बेरी निस्फी में बिजली चोरी पकड़ने गई निगम की टीम के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने 8 नामजद लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व टीम को बंधक बनाने सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द अन्य शेष आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं घटना को लेकर कर्मचारी संगठन ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन में भारी रोष व्याप्त है। यूनियन ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र बचे आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है, शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर यूनियन पदाधिकारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बिजली विभाग तावडू के एसडीओ ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शनिवार दोपहर निगम की एक टीम बिजली चोरी पकड़ने गई थी। जब टीम गांव बेरी में बिजली चोरी पकड़ने के लिए एक घर के द्वार पर पहुंची तो इसका विरोध किया गया। कर्मचारियों का मोबाइल फोन छीनकर उसमें बिजली चोरी से संबंधित वीडियो डिलीट कर डाली। इतना ही नहीं आरोपियों ने निगम कर्मचारियों को बंधक बना लिया। उनके उपर लाठी- डंडे आदि से जानलेवा हमला कर दिया। जब सहायक लाइनमैन शिवरत्न जान बचाकर भागने लगा तो कुछ आरोपियों ने उसे घेर लिया। उसके उपर लाठी- डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिसकी वजह से कर्मचारी का हाथ टूट गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कुछ कर्मचारियों ने मुश्किल से भागकर अपनी जान बचाई, तो कुछ को पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घायल कर्मचारी शिवरत्न, सुभाष व उमर मोहम्मद का आरोप है कि जब बिजली चोरी पकड़ने के लिए टीम आरोपी अब्दुल्ला के घर पहुंची तो वहां पर मौजूद आरोपी अब्दुल्ला व इसकी पत्नी जाईदा ने टीम के साथ साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उन्होंने अन्य ग्रामीणों को बुला लिया। वहां पर महिलाएं भी जुट गई। सभी लोगों ने मिलकर निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनका मोबाइल फोन व जेब में रखे करीब 12 सौ रुपये छीन लिये। आरोपियों ने मोबाइल फोन छीनकर उसमें बिजली चोरी केस की बनाई गई सभी वीडियो भी डिलीट कर डालीं। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। निगम कर्मचारियों का आरोप है कि ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। उन्हें आइंदा गांव में घुसने पर जान से मारने की धमकी भी दी। सदर थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि एसडीओ की शिकायत पर गांव बेरी निवासी अब्दुल्ला, अशरफ, जाफर, नासिब, मोहिन, सरफू, वकील व महिला जायदा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना के मुख्य आरोपी अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपी भी जल्दी काबू कर लिए जाएंगे।

एएचपीसी वर्कर यूनियन से जुड़े कर्मचारी नेता उमेश खटाना, बिजेन्द्र, दीनू व मोहम्मद हाशिम ने कहा की इस तरह की घटना को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र सभी आरोपियों की गिरफतारी करने की मांग की है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे हड़ताल व विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

# भारत हर धर्म के रंगों का गुलदस्ता बीजेपी बांट रही है नफरतः विधायक

### गांव शाह चोखा के विकास को करेंगे विधायक इलियास और इंजीनियर के साथ काम

### तीनों कांग्रेसी विधायक दादा शाह चोखा दरगाह पर कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** कांग्रेस विधायक दल उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद रविवार को पुनहाना के ऐतिहासिक शाह चोखा गांव पहुंचे, उनके दोनों सहयोगी विधायक पूर्व मंत्री चौधरी मोहम्मद इलियास, चौधरी मामन खान इंजीनियर भी साथ दें। तीनों कांग्रेसी विधायक दादा शाह चोखा दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने यहां पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि मेवात के तीनों विधायक मेवात में सभी धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करने के लिए प्रयासरत हैं और इलाके की सभी समस्याओं को प्रमुखता से उठा कर उनका समाधान कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा दादा शाह चोखा दरगाह के लिए तीनों विधायक मिलकर 50 लाख रुपये की लागत से ऐतिहासिक धरोहर की कायाकल्प करने का काम करेंगे। इस दौरान आफताब अहमद ने कहा कि हरियाणा की पूर्व कांग्रेस सरकार में जब वह परिवहन मंत्री थे तो उन्होंने ना केवल शाह चोखा दरगाह के लिए पैसा दिया, बल्कि ऐसी कई धार्मिक धरोहर हैं जिनके लिए उन्होंने ग्रांट दी। उन्होंने कहा कि वह आज भी मेवात की ऐसी धार्मिक ऐतिहासिक धरोहरों के रखरखाव और उनके जीर्णोद्धार के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, चाहे वह चूही का तालाब हो चाहे फिरोजपुर झिरका का झिर में शिव मंदिर या फिर से शाह चौखा की ऐतिहासिक दरगाह। वह हमेशा सभी धर्मों का ख्याल रखते हुए इनका पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में देश प्रदेश के अंदर त्राहि-त्राहि मची हुई है। किसानों के लिए ना बीज मिल रहा है ना खाद, किसान पुलिस थानों में लाइन लगाकर खड़ा हुआ है, लेकिन खाद तक नसीब नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं आफताब अहमद ने कहा कि आज वह विपक्ष में बैठे हैं, लेकिन फिर भी वह लोगों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए पूरे प्रयासरत है। वो आगे भी गांव शाह चोखा के विकास के लिए विधायक मोहम्मद इलियास व मामन खान इंजीनियर के साथ मिलकर कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी प्रदेश व देश के भाईचारे को खराब करने की नीति पर चल रही है, इस देश की खूबी ये है कि यहां हर धर्म के रंगों से बना बगीचा है जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई मिलजुल कर रहते हैं। अनेकता में एकता और विविधता पर बीजेपी द्वारा हमले किए जा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। आफताब अहमद ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा पहली बार देखा है कि जब मेवात के बीजेपी नेता मेवात में लोगों के काम करवाने की बजाय अपने लिए निजी पद मांगने में व्यस्त हैं। वहीं पूर्व मंत्री व पुनहाना से विधायक मोहम्मद इलियास ने कहा कि शाह चोखा की दरगाह शरीफ पूरी मेवात के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर है। मोहम्मद इलियास ने कहा कि जब वह पहली बार मंत्री बने थे तो उन्होंने दादा शाह चोखा के लिए मैन सड़क से लेकर पहाड़ की चोटी तक सड़क का निर्माण कराया था। इतना ही नहीं उन्होंने दादा शाह चोखा की इस दरगाह पर पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाने का काम किया था । उन्होंने कहा कि गांव शाह चोखा से उन्होंने चार युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का काम किया है, जो आज पटवारी से लेकर नायब तहसीलदार तक बन गए हैं।

विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि आज इस सम्मान समारोह में आप लोगों ने जिस तरह उनका पगड़ी बांधकर सम्मान किया है, वह हमेशा इस पगड़ी की लाज रखते हुए ग्रामीणों का आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि गांव शाह चोखा के विकास के लिए तीनों विधायक मिलकर कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली पानी और गांव में रास्तों के लिए वह लगातार प्रयासरत है। मामन खान ने बीजेपी सरकार को कोसते हुए कहा कि बीजेपी सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रही है।



कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक आफताब अहमद।

# नाबालिग गर्भवती रेप पीड़िता को धमका रहे आरोपी

### आरोपियों के डर से दूसरे गांव में रहने को विवश है पीड़ित परिवार

### नामजद आरोपियों को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई जांबाज पुलिस

रिजवान कासिम। मेवात




**पुनहाना** उपमंडल के एक गांव में रेप पीड़िता नाबालिग लड़की के पेट में 8 महीने का गर्भ पल रहा है। पुलिस ने अभी तक रेप के आरोपी एवं उसका साथ देने वाली महिला की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। कई महीने बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार न्याय के लिए न केवल दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है, बल्कि आरोपियों के डर से अपना गांव छोड़कर करीब 30 किलोमीटर दूर दूसरे गांव में शरण लेकर रहने को मजबूर है।

मेवात पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने के बजाए चुप्पी साधे हुए है। पीड़ित लड़की के परिजनों का कहना है कि उनकी लड़की गांव में ही एक दुकान से सब्जी लेने गई थी। उसी दौरान गांव की महिला मिसकीना ने उसे बहला फुसला लिया और अपने घर ले गई। मिसकीना के घर पर आशिक पुत्र मेव खां पहले से ही मौजूद था। जिसने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। इसके बाद भी आरोपी समय-समय पर लड़की को अकेली पाकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। जिसके चलते लड़की के पेट में गर्भ ठहर गया। लड़की के पेट में जब दर्द हुआ तो उसने बीते 31 जुलाई 2021 को अपने परिवार वालों को इस बारे में बताया। परिवार के लोग जब उसे डाक्टर के यहां इलाज के लिए लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि लड़की गर्भवती है और इसके पेट में कम से कम पांच महीने का गर्भ पल रहा है। यह खबर सुनकर लड़की के परिजनों के पैरों तले से जमीन निकल गई। पीड़ित परिवार ने लड़के पक्ष के लोगों से मुलाकात कर जब उलाहना दिया तो लड़के पक्ष के लोगों ने उल्टा उन्हें ही धमकी दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बलात्कार करने वाले युवक व उसका साथ देने वाली महिला ने परिजनों को धमकी दी कि अगर इसके बारे में किसी को बताया तो जान से मार दिया जाएगा। कुल मिलाकर जब गर्भ में पल रहे बच्चे की वजह से नाबालिग लड़की परेशान रहने लगी तो मामला सबके सामने आ गया। लड़की के परिजनों बिछोर थाने ने इस मामले की शिकायत दी, तो पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और पोक्सो एक्ट के तहत पांच अगस्त को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सुरक्षा कवच है कोरोना वैक्सीन, जरूर लगवाएं

**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक कोरोना वैक्सीनेशन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिले में विभिन्न सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन की पहली तथा दूसरी डोज लगाई जा रही है। जिला में अब तक 3 लाख 95 हजार नागरिकों ने कोरोना वैक्सीन लगवा ली है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि लोगों बिना किसी डर व संकोच के कोविड का टीका लगवाना चाहिए। कोविड को बढ़ने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की इन कोशिशों में लोगों को भी अपना पूरा सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम टीकाकरण के साथ ही कोरोना वायरस पर जीत प्राप्त करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि योग्य व्यक्ति अपने के पास केंद्रों में टीका लगवा सकते हैं और यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने नजदीकी स्वास्थ्य शिविर में जाकर वैक्सीन जरूर लगवाएं ताकि कोरोना के संक्रमण की कड़ी को तोड़ा जा सके।

# पत्थरों के मंदिरों के बजाए शिक्षालयों में करें दान

### नूंह से जींद स्थानान्तरित हुए एसपी नरेन्द्र बिजारणियां ने विदाई के दौरान कहा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**विकास** का प्रतीक शिक्षा है। शिक्षित व्यक्ति ही विकसित व्यक्ति होता है। शिक्षा से विकास का एंपायर खड़ा किया जा सकता है लेकिन करोड़ों अरबों रुपये खर्च कर भी शिक्षा खरीदी नहीं जा सकती है। शिक्षा और संस्कार की इंसानी जीवन की बुनियाद है। सुख, समृद्धि और शांति का रास्ता शिक्षा के मंदिर से होकर जाता है। लड़कियां अब लड़कों को मात देकर पुलिस और फौज में भी आगे बढ़ रही हैं। पत्थरों के मंदिरों बजाए शिक्षा के मंदिरों में दान करो। अपने बच्चों के साथ-साथ गरीबों के बच्चों को भी पढ़ाओ।

ये बातें नूंह से जींद स्थानान्तरित हुए एसपी नरेन्द्र बिजारणियां ने डागर पाल प्रधान धर्मबीर सिंह डागर की अध्यक्षता में गांव जौहरखेडा के सरपंच तेजसिंह डागर की तरफ से आयोजित फेयरवैल पार्टी में कहीं। नरेन्द्र बिजारणियां पलवल में भी एसपी रह चुके हैं। मेवात से एटीएम और टटलू गिरोहों का सफाया करने के लिए नरेन्द्र बिजारणियां प्रदेश में चर्चाओं में रह चुके हैं। करनाल किसान आंदोलन में एक किसान को गले लगाने का उनका वीडियो भी सुर्खियों में रहा है। एसपी बिजारणियां ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना सबसे जरूरी है। बेटियों को घर में मत बिठाओ उन्हें पढ़ने के लिए स्कूल, कालेज में बाहर जाने दो। लड़कियां अब लड़कों को मात देकर पुलिस और फौज में भी आगे बढ़ रही हैं। पत्थरों के मंदिरों बजाए शिक्षा के मंदिरों में दान करो।

अपने बच्चों के साथ-साथ गरीबों के बच्चों को भी पढ़ाओ। आईएएस मनीराम शर्मा का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस बच्चे को सुनाई नहीं देता और खाने के लिए रोटी तक नहीं उसने शिक्षा के दम पर आईएएस बनकर हरियाणा की सेवा कर रहा है। इसी प्रकार अनेक लोग हैं जो गरीबी से जूझते हुए शिक्षा के कारण देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंचे है। इस दौरान श्रीवैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान रहे एडवोकेट अनिल कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, मास्टर तेजराम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


एसएसपी नरेन्द्र बिजारणियां का सम्मान करते डागर और तेवतिया पाल के गणमान्य नागरिक।

## संक्षिप्त समाचार

### आमजन आजादी के अमृत महोत्सव में करें भागीदारीः डीसी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने आमजन का आह्वान किया कि वे आजादी का अमृत महोत्सव में जनभागीदारी करें। इसे जन आन्दोलन बनाएं ताकि छोटे-छोटे परिवर्तनों से राष्ट्रीय महत्व के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रगतिशील भारत एवं देश के गौरव पूर्ण इतिहास, संस्कृति तथा उपलब्धियों को याद करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। भारत वर्ष में समृद्ध जैव-विविधता मिलती है। विकास की यात्रा के दौरान पर्यावरण एवं वनों के संरक्षण के लिए अनेक कदम उठाये गये है। इसी प्रकार जल स्त्रोतों के संरक्षण, प्रदूषण पर नियंत्रण, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा तथा सौर उर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में अनेक गतिविधियां की जा रही है। जिनमें पौधारोपण, जल स्त्रोतों का संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करना इत्यादि शामिल है। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया है कि वे इन क्षेत्रों में अपने-अपने एरिया में सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से इन गतिविधियों में शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाए। आजादी का अमृत महोत्सव जैसे कार्यक्रम में श्रमदान जैसी गतिविधियों में भागीदार बने। इन गतिविधियों के फोटो सफलता की कहानियां विभिन्न प्लेट फार्मों पर शेयर करें जिससे अन्य देशवासी इन अनुभवों का लाभ उठा सके। कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि एनएसएस की टीम जिला में अच्छा कार्य कर रही है। स्कूलों में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रेरणादायक चित्रकारी की है।

### गुरुग्राम में पांच पॉजिटिव केस मिले, तीन ठीक हुए

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी से जारी जंग के बीच रविवार को जिला में तीन लोगों ने कोरोना को शिकस्त दी, वहीं 5 नागरिक इस महामारी से संक्रमित पाए गए। जिला में कोरोना की रफ्तार कम होने के बावजूद टेस्टिंग कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। अब तक 20 लाख 38 हजार 676 टेस्ट करवाए जा चुके हैं। जिनमें से 18 लाख 54 हजार 669 नेगेटिव आए हैं। पिछले 24 घंटे में जिला में 2648 टेस्ट किए गए। गुरुग्राम जिला में अब तक 1 लाख 80 हजार 391 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो चुके हैं। लोगों के स्वस्थ होने के साथ जिला में कोरोना संक्रमण में भी निरंतर कमी आ रही है। अब जिला में 45 मरीज ही एक्टिव रह गए हैं, जिनमें से 43 लोग होम आइसोलेशन में है। कोरोना को हराने के लिए वैक्सीनेशन अभियान के तहत आज जिला में वैक्सीन की एक हजार 318 डोज दी गई हैं, जिन्हें मिलाकर अब तक वैक्सीन की 34 लाख 96 हजार 18 डोज दी जा चुकी हैं। जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाएं। जिला में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण की दर में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। अभी इसका खतरा टला नहीं है। इसलिए पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करें।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस पर हुआ जन जागरुकता कार्यक्रम

### 29 को डालसा नूंह जिला सचिवालय में कराएगा एक मेगा कैम्प का आयोजनः सीजेएम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) नूंह के सचिव सीजेएम प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस की वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कॉमर्स लेक्चरार दिनेश गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना अंतरराष्ट्रीय शांति को बनाने और मानवता को बचाये रखने के लिए हुई थी। इसकी स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में हुई। आज पूरे विश्व के सामने कोरोना महामारी एक विश्व युद्ध के बराबर चुनौती पैदा कर गया है। दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुटता की जरूरत है। हमने कोरोना के कारण बहुत से अपने, सगे-सम्बंधियों को खोया है। लेकिन आज गर्व की बात ये भी है कि हिंदुस्तान ने इसे अपनी चुनौती को वैक्सीनशन के हथियार के साथ काबू पाया है 100 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वैक्सीनशन करवा लिया है। अब हमारा मिशन आज पहले से कहीं अधिक मायने रखता है। जो सभी को फ्री वैक्सीनशन का लाभ जागरूक करके किया जा सकता है। इसके लिए विद्यालय की छात्राओं ने शहर में कोरोना रोधी वैक्सीनशन के स्लोगन को लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली को विद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता शमीम अहमद एवम डालसा नूंह के पीएलवी सोनू वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं के नारे कोरोना को हराना है वैक्सीनशन करवाना है, की सभी ने सराहना की। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर जानकारी को ध्यान से सुना।

कार्यक्रम में पहुंचे पीएलवी सोनू वर्मा ने बताया कि आगामी 29 अक्टूबर को डालसा नूंह के द्वारा जिला सचिवालय में एक मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गरीब लोगों को सहायता के लिये यह कैम्प लगाया जा रहा है। इस कैम्प में विभिन्न सरकारी विभाग एक साथ भाग लेंगे। जिसमें आपको आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मजदूर विभाग कार्ड के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का एक साथ लाभ उठाया जा सकता है। इस अवसर पर अध्यापक जुबेर अहमद, पीएलवी शहनाज सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।



जागरुकता को आयोजित एक कार्यक्रम में बैनर के साथ।

### धूमधाम से मनाया संयुक्त राष्ट्र दिवस

**नूंह।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह के निर्देशानुसार नूंह में संयुक्त राष्ट्र दिवस आज 24 अक्टूबर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला सचिवालय परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अब्दुल करीम सीडी आई ने जिला सचिवालय पर संयुक्त राष्ट्र का ध्वज फहराया। उन्होंने ने राष्ट्र द्वारा विश्व में शांति स्थापित करने के लिए उठाये जा रहे कदमों की विस्तार से जानकारी दी।



सहायक उप निरीक्षक अब्दुल करीम ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया के बहुत से देशों ने शांति और सद्भावना कायम करने के लिए एक संगठन की स्थापना का विचार रखा और इस दिशा में समन्वित प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का विचार मूर्त रूप ले पाया। संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तैयार किया गया। इसे 24 अक्टूबर 1945 को लागू किया गया। इस तरह 24 अक्टूबर को प्रतिवर्ष 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# सौ करोड़ टीके

## महत्वपूर्ण उपलब्धि

**सौ** करोड़ टीके मील का एक बड़ा पत्थर है, पर वायरस के खिलाफ हमारे संघर्ष में अभी आधी विजय मिली है। भारत में सौ करोड़ टीके लग चुके हैं। यह बहुत विशाल उपलब्धि है। दुनिया के केवल दो देश इस रिकार्ड का दावा कर सकते हैं। दूसरा देश चीन है। वह सौ करोड़ के आंकड़े पर जून में तथा 200 करोड़ के आंकड़े पर सितंबर में पहुंचा। भारत सौ करोड़वीं खूराक का उत्सव मना रहा है, पर इसके साथ ही यह स्वीकार भी है कि अभी आधा काम हुआ है। अभी लगभग 100 करोड़ और खूराकों से सुनिश्चित होगा कि देश की वयस्क जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। भारत के सभी वयस्कों के लिए 1.8 अरब खूराकों की जरूरत है। इससे कम कुछ भी अस्वीकार्य है। भारत की 75 प्रतिशत जनसंख्या को एक खूराक मिल गई है जिसका अर्थ 707 मिलियन से अधिक लोग है। अभी 31 दिसंबर तक 70 दिन और बाकी हैं। इस कालखंड में पूरी वयस्क जनसंख्या को पूर्ण कवरेज देने के लिए रोज 12 मिलियन खूराकों की जरूरत है। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 70 मिलियन 'संकटग्रस्त' वयस्क हैं जिनको अभी एक खूराक और मिलनी है। इसके बाद बच्चों का नंबर आता है। जनसंख्या का 35 प्रतिशत 0-14 वर्ष आयुवर्ग समूह में है। जनसंख्या का 41 प्रतिशत हिस्सा 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे हैं। भारत को 12-17 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के टीकाकरण की जरूरत है। खूराकों की इतनी ही संख्या की जरूरत 12 वर्ष से कम आयु वालों को है।

उत्सवों के बीच एक प्रकार की सावधानी जरूरी है। पहला मुद्दा वैक्सीनों




की सप्लाई का है। सौ करोड़ खूराकों में से अधिकांश अंतिम दो या तीन महीनों में आईं। जनवरी में शुरू हुई टीकों की सप्लाई ने साल के पहले अर्धांश में गति नहीं पकड़ी क्योंकि टीकों की सप्लाई के साथ ही सप्लाई श्रृंखला की कुछ समस्यायें सामने आ रही थीं। सरकार को वैक्सीन निर्माताओं से आश्वासन प्राप्त करना पड़ा कि अब सप्लाई की गति कम नहीं होगी। सरकार चाहती है कि वर्ष के अंत तक यह कार्यक्रम पूरा हो जाए। इसका अर्थ है कि टीकाकरण की गति बहुत तेज करनी होगी। यह एक बड़ी लाजिस्टिक चुनौती होगी। सरकार को वैक्सीन के प्रति हिचक व वैक्सीन के प्रति लापरवाही जैसी आम समस्याओं का मुकाबला भी करना होगा। खबरें आ रही हैं कि अब भी स्वास्थ्यकर्मियों को अधिकांशतः सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए समझाना पड़ता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से ऐसे लोगों के बारे में भी खबरें आ रही हैं जो टीके लगवाने के प्रति लापरवाह हैं। हजारों लोग टीकाकरण केन्द्रों पर अत्यधिक भीड़ के कारण या उनके घर से बहुत दूर होने के कारण दूसरी खूराक नहीं ले सके हैं। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए ड्रोनों से वैक्सीन भेजने का का काम कर रही है। बच्चों का टीकाकरण सरकार के लिए इससे भी कठिन काम होगा। आपातकालीन प्रयोग का अधिकार कुछ वैक्सीनों को दिया गया है, लेकिन उनके समकक्षों की मानव प्रयोग रिपोर्टों का अभी अध्ययन भी नहीं हुआ है और वैक्सीनें प्रयोग के लिए जारी कर दी गई हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चिन्ता ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकृत माता-पिता की होगी जो अपने बच्चों को टीके लगवाने टीकाकरण केन्द्रों में जाएंगे। इसके साथ ही सरकार को यह भी तय करना है कि क्या बाल रोग विशेषज्ञों को टीकाकरण की अनुमति दी जाएगी या नहीं। इससे टीकाकरण प्रक्रिया को गति मिल सकती है।

# चीन में उइगुरों पर अत्याचार

**शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।**



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



शिनजियांग के पश्चिमी प्रांत में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को चीन द्वारा बड़े पैमाने पर हिरासत में लिए जाने से दुनिया भर में निंदा और चिंता पैदा हो गई है। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि शी जिनपिंग शासन इन असहाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ हथियार उठा रहा है। आज, इस प्रांत में अल्पसंख्यकों पर क्रूर निगरानी परिष्कृत हथियारों, जासूसी और पुलिसिंग के साथ की जाती है, जिसे सीधे बीजिंग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। आधिकारिक तौर पर झिंजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र (एक्सयूएआर) के रूप में जाना जाता है, यह आज चीन की सबसे बड़ी प्रांतीय इकाई है। यह आधुनिक चीन के क्षेत्र का लगभग छठा हिस्सा है। हालाँकि, हालांकि बीजिंग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है, उइगर मुसलमान इस भूमि को एक्सयूएआर के बजाय पूर्वी तुर्किस्तान कहते हैं। इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में 40 से अधिक देशों ने शिनजियांग में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों पर चीन द्वारा निरंतर अत्याचार पर चिंता जताते हुए दहाड़ते हुए देखा है। चीन की आलोचना करने वाले बयान पर हस्ताक्षर करने वाले 43 देशों ने झिंजियांग में पुनर्शिक्षा शिविरों के अस्तित्व की विश्वसनीय रिपोर्टों पर कड़ी चिंता व्यक्त की, जिसका बीजिंग स्पष्ट रूप से खंडन करता है। पिछले तीन वर्षों में यह तीसरी बार था कि अमेरिका और उसके सभी यूरोपीय सहयोगियों ने उइगरों के उत्पीड़न पर चीन की आलोचना करने के लिए संरा महासभा की बैठक की मानवाधिकार समिति का इस्तेमाल किया। एक अन्य कम्युनिस्ट राष्ट्र क्यूबा ने 62 देशों के एक समूह के साथ तुरंत जोर देकर कहा कि शिनजियांग चीन का आंतरिक मामला है। हालाकि, क्यूबा भूल रहा है, कि मानवाधिकार उल्लंघन एक अंतरराष्ट्रीय मामला है, और इस तरह के अधिकारों को हासिल करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर में ही बहुत कुछ अंकित है। हवाना और अन्य राष्ट्रों द्वारा इस तरह के प्रयास अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं, और लाखों लोगों को परेशान करने वाले संकेत भेजते हैं, जिनमें उइगर भी शामिल हैं, जो न्याय के लिए रो रहे हैं। ठीक है, चीन के दमन के स्थापत्य को समाप्त किया जाना चाहिए।

मुख्य रूप से, उइगरों को बीजिंग में कम्युनिस्टों द्वारा पुनः शिक्षा शिविर में एक अद्वितीय प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है, जिसमें अन्य कष्टप्रद गतिविधियों के अलावा, झिंजियांग के निवासियों के लिए अनिवार्य अवैतनिक श्रम में भाग लेना अनिवार्य है, जिसे 'हशर' के रूप में जाना जाता है। क्षेत्र। अधिकारी उन्हें उनके श्रम के लिए भुगतान नहीं करते हैं और उन्हें अपने परिवहन का खर्च खुद वहन करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, उइगर परिवार जिनके पास एक सक्षम कामकाजी सदस्य नहीं है, उन्हें भी इस प्रणाली से छूट नहीं है। 70 साल से ऊपर के पुरुषों और महिलाओं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को इन भयानक शिविरों में काम करने के लिए घसीटा जाता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि उइगर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को केवल एक्सयूएआर में स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए कार्य कोटा को पूरा करने के लिए शिविरों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा, इलाके की पुलिस इंटरनेट के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखती है (हालांकि यह लगभग प्रतिबंधित है), खासकर युवाओं द्वारा कुछ विध्वंसक या चरम करने का प्रयास करने के लिए। अफसोस की बात है कि स्थानीय अधिकारियों ने उइगर किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार मूल्य से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया है। यह हजारों उइगर परिवारों को घोर गरीबी की ओर धकेल रहा है। अब यह एक सामान्य प्रवृत्ति बन गई है कि उइगर की अधिकांश संपत्ति, जिसमें खेत और अन्य संपत्ति शामिल हैं, पहले सरकारी एजेंटों द्वारा जब्त की जाती हैं और फिर मुख्य भूमि के विभिन्न हिस्सों से इस क्षेत्र में आने वाले चीनी प्रवासियों को पुनर्वितरित की जाती हैं। और अगर उइगर शिकायत करते हैं या अपनी पैतृक संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी उपायों का सहारा लेने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें एक्सयूएआर में जातीय सद्भाव का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

एक्सयूएआर में जो सबसे अधिक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है, वह उइगर मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का अत्यधिक दमन है। उन्हें अपनी दाढ़ी भी बढ़ाने की अनुमति नहीं है और वे स्थानीय मस्जिदों में जितने घंटे बिता सकते हैं, वह भी प्रतिबंधित है। चीन की सरकारी एजेंसियों के मुताबिक दाढ़ी रखना चरमपंथी होने की निशानी है. इस क्षेत्र की सबसे दुखद बात यह है कि अधिकांश पुराने उइगर अपने मूल अधिकारों के बारे में जागरूक नहीं हैं। इसके पीछे कारण यह है कि उन्हें ये अधिकार कभी नहीं दिए गए और बुनियादी शिक्षा की कमी यातना की पूरी गाथा में एक बड़ी भूमिका निभाती है। फिर से, शी शासन ने एक आदेश दिया कि शिनजियांग प्रांत में दाढ़ी रखने और निकाह नामक मुसलमानों के पारंपरिक विवाह समारोह का संचालन करने पर सख्ती से प्रतिबंध लगा दिया। वास्तव में, चीनी अधिकारियों ने दाढ़ी रखने और निकाह का अभ्यास करने सहित उइगरों की धार्मिक गतिविधियों पर रिपोर्ट करने वाले व्हिसलब्लोअर के लिए पुरस्कारों की एक प्रणाली की घोषणा की, कुछ 50000 युआन (यूएसडी 7500) से अधिक। यहां तक ??कि उइगर माता-पिता को भी अपने नवजात बच्चों को मुस्लिम नाम देने की अनुमति नहीं है। कई मुस्लिम दुकान मालिकों को होतान प्रान्त में शराब और सिगरेट बेचने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि इस क्षेत्र में इस्लाम की भावना को कमजोर किया जा सके। मस्जिदों के बाहर किसी को भी कुरान पढ़ाने की इजाजत नहीं है। और 18 साल से कम उम्र के बच्चे मस्जिद में प्रवेश नहीं कर सकते हैं और अक्सर इमामों को घर पर इस्लाम का अभ्यास करने के लिए दंडित किया जाता है। रमजान के पवित्र महीने के दौरान, हर साल इससे जुड़े लोकप्रिय उत्सवों को एक्सयूएआर में प्रतिबंधित कर दिया जाता है। श्रमिकों को नास्तिकता पर शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए मजबूर किया जाता है। सरकारी सेवकों, छात्रों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को रमज़ान मनाने की मनाही है।

अंत में, उइगर महिलाओं को कभी-कभी अपने बच्चों का गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया जाता है ताकि उनकी जनसंख्या की वृद्धि पर नजर रखी जा सके। और आज, उइगरों को चीन छोड़ने की अनुमति नहीं है। शिनजियांग में जो हो रहा है वह चिंताजनक है, मानव विरोधी है और प्रांत में इस्लामी आतंकवाद को नियंत्रित करने की आड़ में चीनी अधिकारियों द्वारा नरसंहार की तरह है।

उइगर तुर्क मूल के जातीय समूह के हैं और मुख्य रूप से मुस्लिम हैं। उनमें से ज्यादातर मध्य और पूर्वी एशिया के आसपास रहते हैं। नवीनतम अनुमान के अनुसार, चीन के झिंजियांग क्षेत्र में लगभग 1.2 करोड़ उइगर रहते हैं। वे मुख्य रूप से सुन्नी हैं। हालाँकि उइगरों की उत्पत्ति उइगर विद्वानों और चीनी इतिहासकारों के बीच इतिहास का एक विवादित हिस्सा बन गई है। उइघुर विशेषज्ञों के अनुसार, वे एक सहस्राब्दी से अधिक समय तक तकलामाकन रेगिस्तान के किनारों पर तारिम घाटियों में रहते थे। उनका कहना है कि वे वहां हजारों सालों से रह रहे हैं। लेकिन चीनी विद्वानों का दावा है कि उइगर 9वीं शताब्दी में ही चीन चले गए थे। वास्तव में, उइघुर खगनेट या उइघुर साम्राज्य (टोक्ज़ ओघुज़ देश के रूप में स्व-परिभाषित) ने 8 वीं और 9वीं शताब्दी में वर्तमान झिंजियांग, मंचूरिया, मंगोलिया और आस-पास के क्षेत्रों के विशाल क्षेत्रों पर शासन किया। रिकॉर्ड बताते हैं कि यह मध्यकालीन यूरेशिया में बनाए गए सबसे बड़े साम्राज्यों में से एक था।

9वीं शताब्दी के शुरुआती दशकों में इसकी ऊंचाई पर, यह पश्चिमी मध्य एशिया से कोरिया तक फैला था। चीन ने पहली बार दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हान राजवंश के दौरान तारिम बेसिन पर नियंत्रण प्राप्त किया। लेकिन एक बार फिर चीन ने प्रारंभिक मध्य युग में तांग राजवंश के शासन के दौरान उस क्षेत्र को नियंत्रित किया। आज चीन का दावा है कि यह क्षेत्र वहां उइगरों की उपस्थिति से बहुत पहले से उसका था।

अंत में, चीन ने 18वीं शताब्दी के मध्य में किंग राजवंश के क्षेत्र के दौरान झिंजियांग पर विजय प्राप्त की, आखिरी साम्राज्य जो कि पौराणिक माओत्से तुंग के तहत चीन के जनवादी गणराज्य के आगमन से पहले अस्तित्व में था। तब से उइगर और पश्चिमी प्रांत में रहने वाले अन्य अल्पसंख्यक चीन के नियंत्रण से बाहर निकलने के लिए विभिन्न स्वतंत्र आंदोलनों का आयोजन कर रहे हैं। बेशक, इन प्रयासों को बीजिंग ने अपनी विशाल सेना के साथ और अब खुफिया तंत्र के साथ बेरहमी से दबा दिया है।


क्या चीन दुनिया की सुनेगा? क्या उइगर में अल्पसंख्यकों को बुनियादी आजादी मिल सकती है? चीन संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन की कभी नहीं सुनेगा। वर्तमान में, इस बात की कोई आशा नहीं की जा सकती है कि उइगरों को सभ्य जीवन जीने का उनका उचित अधिकार दिया जाएगा। लेकिन फिर बीजिंग खुद को एक विश्व शक्ति के रूप में पेश कर रहा है और तेजी से अमेरिका से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहा है।

अब तक कई वैश्विक मानवाधिकार निकायों और संगठनों ने चीनी सरकार के वर्गीकृत निर्देशों का खुलासा किया है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नजरबंदी और अन्य मानव विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के

# ब्रेक्सिट समझौते के कारण जारी है संकट

**"ब्रेक्सिट समझौते की विफलता के कारण उत्तरी आयरलैंड में नया संकट पैदा हो रहा है।"**


**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अंतरराष्ट्रीय समझौता एक गंभीर मामला है। उनके लिए बातचीत करने में काफी समय और प्रयास लगता है तथा अंततः वे अंतरराष्ट्रीय कानून का हिस्सा बन जाते हैं। कोई राजनेता समझौते के लिए वार्ता करने के बाद विरले ही यह कहता है कि उसका देश इसके बारे में हमेशा थोड़े 'अस्थायित्व का अनुभव करते हुए इसे समीक्षा के योग्य' मानता था। लेकिन दो साल पहले ब्रेक्सिट होने के बाद ब्रिटेन के प्रमुख ब्रेक्सिट वार्ताकार लार्ड डेविड फ्रास्ट ने यही कहा था। इसका कारण यह था कि वे उस समय भी इस पर बातचीत जारी रखने का प्रयास कर रहे थे।

एक समय था जब उन्होंने ब्रेक्सिट समझौते को 'शानदार समझौता' की संज्ञा दी तथी प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन ने इसे 'असाधारण किस्म का समझौता' बताया था, लेकिन यह बात वर्ष के 2019 चुनाव से पहले की है। अब एक नया संकट उभर कर सामने आ रहा है क्योंकि समझौते का एक हिस्सा उत्तरी आयरलैंड इसका पालन नहीं कर रहा है। इससे ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के बीच व्यापार युद्ध छिड़ सकता है तथा उत्तरी आयरलैंड में असली युद्ध की शुरुआत हो सकती है। लेकिन समझौता मुख्यतः इस कारण विफल हो रहा है क्योंकि कंजरवेटिव नेतृत्व वाली ब्रिटिश सरकार 2019 में समझौते के समय झूठ बोल रही थी। 2019 में बोरिस जान्सन अपने पद पर नए थे और वे 'ब्रेक्सिट समझौता करने' के लिए बहुत उतावले थे। ऐसा होने पर ही वे चुनाव करवा कर संसद में बहुमत की उम्मीद कर सकते थे।

इसलिए उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्सिट-पश्चात व्यापार संबंध समझौता किया जिसका संबंध मुख्यतः उत्तरी आयरलैंड से था। लेकिन वास्तव में यह




उनकी सरकार की इच्छा के अनुकूल नहीं था। एक साल पहले सत्ता के संघर्ष में पराजित होने के पहले जान्सन का दाहिना हाथ समझे जाने वाले डोमिनिक कमिंग्स ने पिछले सप्ताह कहा कि वे तथा कुछ अन्य सहयोगियों ने जान्सन से ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करवाये जिसका पालन करने का उनका कोई इरादा नहीं था। उनके अनुसार, 'यूरोपीय संघ से वार्ताओं के दौरान हम सर्वोत्तम विकल्पों से दूर हो गए। हमने जान्सन को थोड़ा धोखा देने को कहा क्योंकि वे लेबर पार्टी नेता जेरेमी कार्बिन के सामने झुकने को तैयार नहीं थे।' जल्दी चुनाव की स्थिति में ऐसा हो सकता था, अतः जान्सन इसके लिए तैयार हो गए।

कंजरवेटिवों ने कार्बिन को दिसंबर, 2019 चुनाव में भारी पराजय दी तथा ब्रिटेन ने अंततः जनवरी, 2020 में यूरोपीय संघ छोड़ दिया या अधिकांश सीमा तक ऐसा किया। समझौते के बारे में जो चीज नापसंद थी उसका संबंध अधिकांशतः उत्तरी आयरलैंड से था जो कस्टम के उद्देश्य से यूरोपीय संघ में बना रहा। इसका कारण यह था कि समझौते के समय ब्रिटेन तथा आयरिश गणतंत्र यूरोपीय संघ के सदस्य थे अतः दोनों के बीच सीमायें खुली रह सकती थीं। वहां कोई चेकपोस्ट नहीं थे, आवागमन पर कोई नियंत्रण नहीं था तथा कोई कस्टम ड्यूटी नहीं थी। इसके कारण राष्ट्रवादी अपनी इच्छा से आवागमन करते हुए स्वयं को आयरिश नागरिक मान सकते थे, जबकि उनके विरोधियों का विश्वास था कि वे ब्रिटेन में रहते हैं। अब वहां पूर्ण स्वतंत्रता के लिए जनता का आंदोलन जारी रह सकता है, जबकि उत्तरी आयरलैंड में ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ से आने वाली वस्तुओं व सेवाओं पर उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर यूरोपीय संघ की कस्टम जांच होगी। वर्तमान में यही स्थिति है।

इस कारण उत्तरी आयरलैंड के बंदरगाहों पर कस्टम में भारी विलंब हो रहा है तथा यूरोपीय संघ ने केवल खाद्य पदार्थों और दवाइयों को सभी नियंत्रणों से मुक्त रखा है। यह अच्छी बात थी, पर जान्सन ने हाल ही में नई मांग की है। वे चाहते हैं कि यूरोपीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार अब संधि के संभावित उल्लंघनों से समाप्त कर दिया जाए। लार्ड फ्रास्ट ने धमकी दी है कि यदि यूरोपीय संघ ऐसा नहीं करता है तो वे पूरी संधि 'स्थगित' कर देंगे।

यूरोपीय संघ के अधिकारियों को संदेह है कि जान्सन संधि को समाप्त करने के लिए यह बहाना बना रहे हैं ताकि वे व्यापार युद्ध का दोष यूरोपियनों पर डाल कर उनको उत्तरी आयरलैंड में युद्ध का दोषी भी ठहरा सकें।

ब्रिटेन में अनेक मोर्चों पर मामला और खराब हो रहा है तथा वह जनता का ध्यान दूसरी ओर भटकाना चाहता है। क्या वह वास्तव में ऐसा करने में सफल होगा? संभवतः वह स्वयं भी अभी इसका जवाब नहीं जानता है।

## आप की बात

### लज्जाजनक घटना

**2012** में निर्भया कांड ने देश की बदनामी सारी दुनिया मे कर दिया। बलात्कारी पकड़े गए। लंबी कानूनी प्रक्रिया में 8 वर्ष बाद उनको मौत की सजा मिली।उस समय भी अस्पतालों पर इलाज में कोताही बरतने के आरोप लगे थे। शुक्रवार को दिल्ली में पुनः रंजीत नगर इलाके में एक सात वर्षीय मासूम लड़की जो लंगर लेने गई थी। उसके साथ एक युवक ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बच्ची को मारपीट कर लहूलुहान कर भाग निकला। खून से लथपथ लौटी अपनी बेटी को चिकित्सकीय उपचार के लिये दिल्ली के अलग अलग अस्पतालों ने मारा मारा फिरता रहा, लेकिन किसी ने इलाज नही किया। पुलिस का मामला बता कर सभी दूसरे अस्पतालों में टालते रहे। देश के कर्णधारों को सोचना चाहिये।देश एक अरब कोरोना वैक्सीन लगा कर गौरवान्वित हो रहा है। वहीं सरकारी अस्पतालों में गरीब लोगों को इलाज नही मिलता। पीड़ितों को टरकाया जाता है। मानवीय संवेदनाएं शायद मर चुकी है। जो बीमार और पीड़ित का इलाज न कर उनको टरकाया जाता है। सबसे देश के लिये लज्जा का विषय है। कोई भी नेताशाह और नौकरशाह लाखो रुपये महीने वेतन लेने के बाद जमीन पर नही चलता। यदि हमारा सक्रिय तन्त्र होता तो इस तरह की घटनाएं न होतीं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सुकर्णोपुत्री की घर वापसी

**इंडोनेशिया** के बाली के सिंगराजा शहर में सुकमावती सुकर्णोपुत्री 26 अक्टूबर को औपचारिक रूप से इस्लाम छोड़ कर अपने पूर्वजों के मूल धर्म में वापसी करेंगी। सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया के संस्थापक राष्ट्रपति सुकर्णो और उनकी तीसरी पत्नी फातमावती की बेटी हैं। वह इंडोनेशिया की 5वीं राष्ट्रपति मेगावती सोकर्णोपुत्री की बहन भी हैं। उनके इस फैसले की काफी सराहना हो रही है। इस अवसर को 'सुधी वधानी' नाम से बड़े धूम धाम से मनाया जाना है। सुकमावती का यह फैसला उन्हें देश के दिग्गज लोगों में से एक बनाता है। यह कदम उन लाखों करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो इस्लाम छोड़ वापस अपने मूल (हिंदू) धर्म को अपनाना चाहते हैं। ख़ास बात यह है कि वर्ष 2018 में उनके द्वारा एक कविता पाठ को इस्लाम की तौहीन बता उन्हें सार्वजनिक माफी मांगने पर मजबूर किया गया था। इसके अतिरिक्त उनकी दादी न्योमन राय सिरिम्बेन ने भी उन्हें हिंदू धर्म में वापसी के लिए प्रभावित किया है, जो एक हिंदू हैं। उनके इस धर्म परिवर्तन को प्राचीन हिंदु संत की भविष्यवाणी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जिसके तहत इंडोनेशिया को इस्लाम के चंगुल से मुक्त होने और पुनः उसके मूल हिंदू धर्म के वर्चस्व की बात कही गई है।

– **युवराज पल्लव,** हापुड़


### अनगिनत उत्सव

**जितने** उत्सव और त्योहार हमारे देश में मनाए जाते हैं संभवत: किसी मुल्क में नहीं मनाए जाते। हमारे पूर्वज कुछ काम ऐसे कर गए हैं, जो हमारे डीएनए में उत्सव और त्योहार बनकर बह रहे हैं। हमें समझना चाहिए कि ये केवल हुड़दंग नहीं है। त्योहार हमें आपस में जोड़ते हैं और विश्राम के लिए पड़ाव देते हैं। आज व्यावसायिक जगत में इतनी चुनौतियां व प्रतिस्पर्द्धा हो गई है कि यदि शीर्ष पर पहुंचकर थक गए तो आप सफलता की दुनिया में भूतपूर्व ही नहीं, स्वर्गीय हो जाएंगे। कुछ लोगों के मन में तो यह बात बैठ गई है कि आगे बढ़ना है तो दूसरे को पीछे नहीं छोड़ना, उसे समाप्त ही कर देना है। ऐसे प्रतिस्पर्द्धी माहौल में त्योहार विराम देते हैं, शांति देते हैं। रचनात्मक सोचने का मौका और दूसरों के साथ खिलवाड़ न करने का संदेश देते हैं। खासतौर पर यह संदेश देते हैं कि जो भी करें, पूरी तरह डूबकर करें। भक्ति ऐसा ही उत्सव है जो हमें डूबो देता है। जैसे ही हम तल्लीन होते हैं, कर्म और कर्ता एक हो जाते हैं! हमें आगामी दीपावली का त्यौहार इसी भावना के साथ मनाना है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**नीतीश** कुमार प्रदेश की जनता का सामना करने से डरते हैं। इसीलिए वह चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर से यात्रा करते हैं।

– **तेजस्वी यादव**
राजद नेता

**जो** देश वहां (अफगानिस्तान में) 20 साल से लड़ रहे थे, वहां जो हो रहा है उसके लिए प्राथमिक जिम्मेदारी वहन करते हैं।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति





**जब** आप पेट्रोल-डीजल खरीदते हैं तो याद रखें कि मोदी सरकार ने टैक्स के जरिए 23 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

# ठा. बीर सिंह जाने जाते हैं स्पष्टवादी व निर्भीक राजनेता के रूप में : सिंह

## केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत एवं ओमप्रकाश धनखड़ ने किया वर्चुअली संबोधित

### महाराणा प्रताप युवा सेना ने विशेष तौर पर अपने सैंकड़ों साथियों के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**पूर्व वित्त** एवं सहकारिता मंत्री ठाकुर बीर सिंह की जयंती धूमधाम से एवं बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में प्रदेश भर के कोने-कोने से हजारों लोगों ने पहुंचकर बड़े ही उत्साह के साथ पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप युवा सेना ने विशेष तौर पर अपने सैंकड़ों साथियों के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित किया। वही इस मौके पर समारोह की अध्यक्षता पाटन




महाराजा दिग्विजय सिंह ने की एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर भिवानी-महेंद्रगढ़ से भाजपा सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पाटन महाराजा दिग्विजय सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह का व्यक्तित्व समाज हित में रहा है, जिन्होंने बेरोजगारों, किसानों व ग्रामीणों को हमेशा आगे रखा। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री ठा. बीर सिंह ने किसानों के हितों को देखते हुए प्रदेश में अपने मंत्री काल के समय चैक प्रणाली की शुरूआत की, जिसका लाभ किसानों का मिला। उन्होंने बताया कि उनको आज भी एक स्पष्टवादी व निर्भिक राजनेता के रूप में याद किया जाता है।

सांसद रेडमैन धर्मबीर सिंह ने कहा कि ठाकुर बीर सिंह ने सहकारिता मंत्री रहते हुए फसली ऋण पर चक्रवर्ती ब्याज को समाप्त किया था। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि बाऊजी के नाम से विख्यात स्व. ठाकुर बीर सिंह नकल रहित परीक्षा के पक्षधर थे। बोर्ड में चेयरमैन पद पर रहते हुए वर्ष 1991 में परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए चार तरह के प्रश्नपत्र लेकर आए थे, जो आज भी जारी है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा सुमित्रा चौहान ने कहा कि पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह एक राष्ट्रवादी व 36 बिरादरी के नेता थे। उन्होंने हमेशा जनहित व किसान हित में बड़ी योजनाएं अपने कार्यकाल में लागू करवाई थी।

# लखीमपुर खीरी हत्याकांड के पांच शहीद किसानों का पहुंचा अस्थि कलश

## कितलाना टोल और दादरी से सैंकड़ों किसान पहुंचे टिकरी बार्डर पर

### सांगवान खाप चालीस के सचिव नरसिंह सांगवान डीपीई ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर रविवार 24 अक्टूबर को कितलाना टोल व दादरी से सैकड़ों किसान टिकरी बार्डर पहुंचे, वहां लखीमपुर खीरी हत्या कांड के पांच शहीद किसानों के अस्थि कलश विभिन्न प्रदेशों की यात्रा करवाते हुए ले जाए गए हैं। अपने शहीदों की कुर्बानी से प्रेरणा लेकर अब किसान आन्दोलन को और ज्यादा मजबूत किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए कितलाना टोल जत्थे का नेतृत्व कर रहे सांगवान खाप चालीस के सचिव नरसिंह सांगवान डीपीई ने दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार बातचीत करके इस आन्दोलन का समाधान नहीं निकाल रही है, जबकि 750 किसान शहीद हो चुके हैं, 11 महीने से किसान रोड़ों पर बैठने के लिए मजबूर हैं, फिर भी सरकार हठधर्मिता अपनाकर आन्दोलन को कमजोर करने पर उतारू है, उसमें फूट डालकर बदनाम करके खत्म करवाना चाहती है, इसके लिए तरह तरह के ओच्छे हथकंडे अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़े-बड़े कारपोरेट के हाथों में खेलकर किसानों, मजदूरों व आम जनता के हकों के विरुद्ध कानून बना रही है और देश की बहुमूल्य सम्पतियों को कोड़ी के भाव बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भयंकर मंहगाई, खाद संकट, बर्बाद फसलों ने किसानों एवं आम जनता की कमर तोड़ कर रख दी है और भाजपा नेता व मन्त्री घमन्ड में चूर होकर जनता के हितों की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 26 अक्टूबर को दादरी भिवानी में किसानों का भारी प्रदर्शन होगा, जिसमें केन्द्रीय गृह राज्य मन्त्री को बर्खास्त करने, उन्हें गिरफ्तार करने की मांग के साथ किसानों की स्थानीय समस्याएं भी प्रशासन के सामने उठाई जांएगी।

### महिलाओं ने संभाली मुंढ़ाल धरने की कमान

**भिवानी।** तीन कृषि कानूनों के विरोध में गांव मुंढ़ाल में जारी किसानों के धरने की कमान रविवार को महिला किसानों ने संभाली। इस दौरान महिला किसानों ने कहा कि एक तरफ तो किसानों व महिलाओं के लिए विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर इनकी दशा सुधारने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ आज महिला किसान ही अपने हकों के लिए सड़कों पर बैठने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की दशा व स्थिति समझते हुए तीन कृषि कानूनों को रद्द करने चाहिए तथा अपना किसान हितैषी होने का परिचय देना चाहिए। रविवार को धरने की अध्यक्षता दीना देवी ढुल ने की। गांव मुंढ़ाल में जारी किसानों का धरना रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए महिला किसान दीना देवी ढुल ने कहा कि किसान ही देश व प्रदेश का गौरव है तथा भाजपा सरकार देश के गौरव को प्रताड़ित करने में जुटी हुई है, जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को मारने पर तुली हुई है। पिछले 11 माह से किसान लगातार तीन कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर धरनारत्त है, लेकिन किसानों की मांग सुनने की बजाए कभी उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं तो कभी गाड़ियां चढ़ाई जाती हैं।



# किसानों ने भाजपा सरकारों का पुतला फूंका

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आक्रोशित किसानों ने शहीद भगत सिंह चौक भिवानी में भाजपा सरकारों का पुतला फूंका। आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। किसानों ने लोहारू में राज्य के कृषि मंत्री को शान्तिपूर्ण तरीके से काले झण्डे दिखाने के दौरान सैंकडों किसानों को हिरासत में लेने, डराने, धमकाने की पुलिस कार्यवाही की कड़ी निंदा की है। सरकार को आगाह किया है कि उसके इन औच्छे हथकंडों से आन्दोलन को दबाया नहीं जा सकता।

किसान सभा के कामरेड ओमप्रकाश, युवा कल्याण संगठन के कमल सिंह प्रधान, जाटू खाप के कार्यवाहक प्रधान रोहताश पहलवान व संयुक्त किसान मोर्चा के दलिप सिंह सांगवान ने प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार व उसके नेता किसान आन्दोलन की सुनाई करने की बजाए, उसमें फूट डालने व हिंसात्मक बनाने की कुचेष्ठा कर रहे हैं और जातिवादी टकराव पैदा करवाना चाह रहे हैं। इसलिए मोर्चा ने सूझ बूझ के साथ किसी के घर पर आयोजित कार्यक्रम में न जाकर अन्य सार्वजनिक जगह पर भाजपा नेताओं के शामिल होने के विरोध स्वरूप सरकार का पुतला फूंका है, किसान भाजपा नेताओं का भिवानी आगमान का विरोध करते हैं, परन्तु किसानों द्वारा हमारे सम्मानित ठाकुर बीर सिंह जयंती के समारोह में कोई दखल देने का उद्देश्य नहीं था, क्योंकि ठाकुर बीरसिंह हमारे सभी के सम्मानित नेता रहे हैं और सभी किसान मजदूर उनको आदर के साथ नमन करते हैं। इस दौरान चौक पर भारी पुलिस बल तैनात रहा, सरकार का पुतला जलाने के बाद सभी किसान बस व अन्य साधनों में बैठकर दिल्ली टिकरी बार्डर के लिए रवाना हो गए।

### लोहारू में कृषि मंत्री को काले झण्डे दिखाने पर गिरफ्तारी की निंदा की

## संक्षिप्त समाचार

### हम फाउंडेशन ने किया ई-पत्र का विमोचन



ई-पत्र का विमोचन करते हम फाउंडेशन के स्वयंसेवक।

**कुरुक्षेत्र।** हम फाउंडेशन सामाजिक संस्था के ई-पत्र का विमोचन संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। ई-पत्र की सम्पादक शशी पालिया ने बताया कि त्रैमासिक पत्र में संस्था के तीन माह के सामाजिक कार्यों को सचित्र संकलित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाज में जागरूकता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का है। संस्था पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य पर समाज में काम कर रही है। संस्था के संयोजक विधु सिंगला ने कहा कि संस्था का ई-पत्र अन्य लोगों को भी समाज के लिए प्रेरित करेगा। समाज की तरफ से संस्था को हमेशा समर्थन मिलता रहा है। संस्था ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक अभियान आरंभ किए, जिनका अन्य लोग भी अनुसरण कर रहे हैं। विमोचन कार्यक्रम में संजय चौधरी, डॉ पंकज शर्मा, विकास शर्मा, राजीव मोदगिल दिलावर सगवाल, अतुल ग्रोवर, राकेश वर्मा, सतीश सैनी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत में पाएं सभी समस्याओं का समाधान



**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में उपस्थित कृष्ण प्रेमी परिवार व उपस्थित समस्त भक्तों को भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने बताया कि भागवत कथा अमृत को प्रदान करती है। अत: इस ज्ञानात्मक सत्संग को मनुष्य अपने जीवन में आत्मसात करने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए। श्रीमद्भागवत महापुराण के अंदर समस्त धर्म शास्त्रों का तथा वेद उपनिषद सभी का सार समाहित है, इसलिए मनुष्य को प्रयत्न करके भागवत रूपी तत्व को जीवन में अपनाना चाहिए। श्रीमद् भागवत महापुराण में मनुष्य के सभी समस्याओं का समाधान है। अगर मनुष्य भागवत जी के अनुसार अपना जीवन यापन करता है तो उसका जीवन सफल हो जाते है।

### भाजपा सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम: बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आमजन का जीना मुहाल है। आए बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बयान जारी किया है कि कांग्रेस पार्टी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ लगातार आंदोलन करेगी। इसके तहत 14 नवंबर से 29 नवंबर तक बड़े पैमाने पर भाजपा सरकार के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। 14 से 29 नवंबर तक विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पदयात्रा निकाल कर किया जाएगा। बवेजा ने बताया कि इसके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला बढ़ती महंगाई व खाद की किल्लत को लेकर लगातार सरकार पर हमला बोल रहे हैं। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ 14 नवंबर से 29 नवंबर तक बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पदयात्रा निकाल कर पेट्रोलियम पदार्थी की वृद्धि को लेकर रोष जताया जाएगा। बवेजा ने कहा कि सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। भाजपा की सरकार में महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। भाजपा सरकार को लोगों की कोई चिंता नही है। गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए इस महंगाई में गुजारा करना भी मुश्किल हो गया है।

### प्रधानमंत्री आज लांच करेंगे पीएमएसबीवाई

**कुरुक्षेत्र।** उप सिविल सर्जन डा. अनुपमा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से 25 अक्टूबर को पीएमएएसबीवाई योजना को लांच करेंगे। उन्होंने रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र के सभी एसएचसी, पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच, डीएच, मेडिकल कालेज एवं अस्पताल सहित अन्य अस्तपाल भी ऑनलाईन इस कार्यक्रम के साथ जुडेंगे। इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए सभी अधिकारियों को लिंक भी शेयर कर दिया गया है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के लिए पीपीटी भी भेज दी गई है।

# देश, समाज और विश्व की शांति के लिए करें काम: संदीप अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**संयुक्त** राष्ट्र संघ दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम संदीप अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान विश्व की शांति के लिए राष्ट्रीय ध्वज के साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज भी लगाया गया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में एसडीएम अग्रवाल ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व के देशों ने विचार किया कि विश्व स्तर पर एक ऐसा मंच बनाया जाए, जो पूरे विश्व में शांति के लिए कार्य करे। जिसके माध्यम से मानव के अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि जिसके लिए 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर 1948 से संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

# बर्खास्त कर्मचारी 31 को डालेंगे सीएम आवास पर डेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**बर्खास्त** कर्मचारी अपनी मांग व मुद्दों को लेकर 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास पर डेरा डालकर कुम्भकर्णी नींद में सो रही सरकार को जगाने का काम करेंगे। ये बात सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक प्रधान लोकेश कुमार ने यहां संघ कार्यालय में कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी विभागों से कर्मचारियों की हालत खस्ता होने का प्रमाण आए दिन नजर आ रहा है। प्रदेश में लगातार जन संख्या बढ़ने के साथ सरकारी कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है। जहां प्रदेश में एक करोड़ की आबादी थी उस समय 5 लाख कर्मचारी काम कर रहे थे, लेकिन आज 4 करोड़ के लगभग जन संख्या होने के बावजूद भी आउट सोर्सिंग कर्मचारी लगभग एक लाख 60 हजार और स्थाई कर्मचारियों की संख्या लगभग दो लाख 30 हजार के आस-पास है। अनुमान लगाया जाये तो 2025 तक रोड़वेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पालिकाओं सहित अनेक महकमों में लगभग 20-30 प्रतिशत और रिटायर हो जायेंगे।




# मोटापे से बढ़ता है स्तन कैंसर का खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**व्यस्त** जीवनशैली के कारण अक्सर लोगों को बाहर खाने-पीने और जंक फूड के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह जीवनशैली मोटापे का शिकार बनाती है, जिससे कैंसर समेत कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मधुकर रेनबो हॉस्पिटल की सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. नेहा खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे कई प्रमाण मिल चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि मीनोपॉज के बाद मोटापा स्तन कैंसर का खतरा बढ़ाता है। डॉ. नेहा ने बताया कि मीनोपॉज के बाद मोटापे का शिकार होने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा 20 से 40 प्रतिशत बढ़ जाता है। हालांकि युवा महिलाओं के मामले में ऐसा नहीं पाया गया है। कई अध्ययनों में ज्यादा बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) और स्तन कैंसर के बीच संबंध सामने आ चुके हैं। यही नहीं, मोटापे के कारण कैंसर से जान जाने का खतरा भी बढ़ जाता है। मोटापे के कारण स्तन कैंसर का खतरा बढ़ने के बारे में डॉ. नेहा ने कहा कि वजन ज्यादा होने से महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन का स्तर बढ़ जाता है, जो स्तन कैंसर का खतरा बढ़ाता है। एस्ट्रोजन ऐसा हार्मोन है जो कैंसर के विकास में सहायक होता है। यही नहीं, ज्यादा वजन वाली महिलाओं में इंसुलिन का बढ़ा हुआ स्तर भी स्तन कैंसर का कारण बन सकता है। इसी तरह प्लाज्मा कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से ट्यूमर बनने की गति बढ़ती है।

मोटाने से क्रोनिक लो-लेवल इनफ्लेमेशन भी होता है, जिससे इम्यून सिस्टम की प्रक्रिया को बिगाड़ता है। यह डीएनए डैमेज का कारण बनता है, जिससे स्तन कैंसर की आशंका बढ़ जाती है।

डॉ. नेहा ने कहा कि मोटापे और स्तन कैंसर का संबंध बहुत सीधा नहीं है। सभी अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि वयस्क होने के बाद मोटापे का शिकार होने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है, जबकि बचपन से ज्यादा वजन वालों में ऐसा नहीं पाया गया। इसी तरह कमर पर चर्बी बढ़ने पर खतरा ज्यादा रहता है, निचले हिस्से व जांघों पर चर्बी बढ़ने से ज्यादा खतरा नहीं रहता। एक अहम बात यह भी है कि मोटापा स्तन कैंसर का इलाज करा चुकी महिलाओं में दोबारा इस बीमारी का कारण बन सकता है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060719687061 **स्वामी इंडस्ट्रीज (ऋणी),** अनिल कुमार (सह-ऋणी), ईश्वर दास (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) | 23 अप्रेल 2021 ₹ **1488292/-** अक्षरे चोदह लाख अठयासी हजार दो सौ बानवे मात्र दिनांक 21 अप्रेल 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित खाता नं. 140/99, तडादी 7-1, 0-2 (2 बिस्वा), ग्राम तागरा, कंगन एचबी नं. 141, एमओ, पंचकुला, जोन कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा. **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** पर स्थित है। जिसकी चारो सीमाएं :- पूर्व : अन्य मालिक, पश्चिम : गली, उत्तर : अन्य मालिक, दक्षिण : अन्य मालिक | 19 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001061121116452 **स्वामी इंडस्ट्रीज (ऋणी),** अनिल कुमार (सह-ऋणी), ईश्वर दास (सह-ऋणी) | 10 जुलाई 2021 ₹ **215848/-** अक्षरे दो लाख पन्द्रह हजार आठ सौ अड़तालीस मात्र दिनांक 7 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित ख नं. 140/99(7-1) ईश्वर दास का प्लॉट हदबस्त नं. 141 खेवट खतोनी नं. 11 स्थित ग्राम टागरा कंगन पंचकुला, हरियाणा 133302 **क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट** पर स्थित है। | 19 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060718205964 **तरविन्दर कुमार (ऋणी),** श्रीमती निर्मल कौर (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | 24 मई 2021 ₹ **822285/-** अक्षरे आठ लाख बाईस हजार दो सौ पिच्यासी मात्र दिनांक 22 मई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित व्यवसायिक शॉप, म्यूनिसिपल परमानेन्ट प्रोपर्टी आईडी नं. 386C650U51, मौजा मुन्डा माजरा, अब ज्ञात आजाद नगर, फेज-2, जगधरी, यमुनानगर, हरियाणा, **क्षेत्रफल 12.5 वर्ग गज** पर स्थित है।. पूर्व : राम की दुकान, पश्चिम : सुमन बाला की शॉप, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सुरेश कुमार का मकान | 20 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060119713925 **शिव कुमार (ऋणी व बंधककर्ता),** हरीश शर्मा (सह-ऋणी) | 24 मई 2021 ₹ **677166/-** अक्षरे छः लाख सतत्तर हजार एक सौ छियासठ मात्र दिनांक 22 मई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित सम्पति स्थित अंदर आबादी, लाल डोरा / लाल लकीर, आउटसाइड एमसी, ग्राम बाब्याल तह. व जिला अम्बाला हरियाणा, **क्षेत्रफल 95 वर्ग गज** पर स्थित है। पूर्व : ओम प्रकाश का मकान, पश्चिम : पुरषोत्तम लाल का प्लॉट, उत्तर : गली, दक्षिण : अन्य की सम्पति | 20 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060119708785 **मैसर्स श्री लक्ष्मी ज्वैलर्स (ऋणी),** मनोज कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती शान्ति रानी (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | 24 मई 2021 ₹ **818204/-** अक्षरे आठ लाख अठारह हजार दो सौ चार मात्र दिनांक 22 मई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित सम्पति स्थित नं. 63, खसरा नं. 44/21/2, खेवट नं. 2187, खतोनी नं. 2999, ग्राम-बाब्याल, तहसील व जिला-अम्बाला, हरियाणा, **क्षेत्रफल 101 वर्ग फीट** पर स्थित है। पूर्व : रास्ता, पश्चिम : अन्य सम्पति, उत्तर : अन्य सम्पति, दक्षिण : अन्य सम्पति | 20 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001061121101018 **श्री लक्ष्मी ज्वैलर्स (ऋणी),** मनोज कुमार (सह-ऋणी), शान्ति रानी (सह-ऋणी) | 10 जुलाई 2021 ₹ **153539/-** अक्षरे एक लाख तिरेपन हजार पांच सौ उनतालीस मात्र दिनांक 7 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित सम्पति स्थित ख नं. 44/21/2 खेवट 2187 खतोनी 2999 शान्ति रानी का प्लॉट हदबस्त नं. 63 बाब्याल अम्बाला, हरियाणा 133001, **क्षेत्रफल 101 वर्ग गज** पर स्थित है। | 20 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060120502985 **मॉडल एज्यूकेशनल एसओ (ऋणी),** शिवम वर्मा (सह-ऋणी), विजय कुमार वर्मा (सह-ऋणी) | 26 जुलाई 2021 ₹ **1916459/-** अक्षरे उन्नीस लाख सोलह हजार चार सौ उनसठ मात्र दिनांक 22 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित सम्पति स्थित कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन वाका नन्दा कॉलोनी फरकपुर जगधारी यमुनानगर हरियाणा, **क्षेत्रफल 320 वर्ग फीट/वर्ग गज/वर्ग मीटर** पर स्थित है। | 20 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060118161782 **कवलजीत सिंह (ऋणी),** अमरजीत सिंह (सह-ऋणी), रन्जीत सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती चरणजीत कौर (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | 10 जून 2021 ₹ **861258/-** अक्षरे आठ लाख इकसठ हजार दो सौ अठावन मात्र दिनांक 8 जून 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित सम्पति स्थित खेवट नं. 2808, न्यू खेवट नं. 2888, खतोनी नं. 3863 (न्यू नं. 3917), रेक्ट. नं. 163, किला नं. 2/2/3(1-8) स्थित VIII आसंध, सिरसाल रोड, जिला करनाल, हरियाणा, **क्षेत्रफल 33.33 वर्ग गज** पर स्थित है। पूर्व : जिंटा काबडिया की सम्पति, पश्चिम : रातक रोड (सिरसल रोड), उत्तर : हरिन्दर कौर पत्नी कश्मीर सिंह की खाली जमीन, दक्षिण : सतीष पुत्र तारा चन्द की खाली जमीन | 21 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060115698952 **विक्रम (ऋणी),** श्रीमती कविता (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) | 24 जून 2021 ₹ **428549/-** अक्षरे चार लाख अठाइस हजार पांच सौ उनपचास मात्र दिनांक 24 जून 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित (सम्पत्ति आईडी नं. 76C293U188) मैन गेट, जाटों का मोहल्ला, हनुमान मन्दिर के पास, जिला कैथल, हरियाणा. **क्षेत्रफल 39 वर्ग गज** पर स्थित है। जिसकी चारो सीमाएं :- पूर्व : गली 15 फीट, पश्चिम : श्री इश्वरचन्द की सम्पत्ति, उत्तर : गली 15 फीट, दक्षिण : श्री ओम प्रकाश की सम्पत्ति | 21 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060718516525 **मैसर्स शर्मा कॉनफैक्शरी एण्ड किराणा स्टोर (ऋणी),** मोहित (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) | 07 जुलाई 2021 ₹ **841300/-** अक्षरे आठ लाख इक्तालीस हजार तीन सौ मात्र दिनांक 6 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित मकान नं. 86, वार्ड नं. 16, शिव कॉलोनी, खेवट नं. 767, तह. सामालखा, जिला पानीपत, हरियाणा **क्षेत्रफल 40 वर्ग गज** पर स्थित है। जिसकी चारो सीमाएं :- पूर्व : रामभज चुलकाने का प्लॉट, पश्चिम : गली, उत्तर : अन्य मकान, दक्षिण : कमलावती का प्लॉट | 21 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060120478108 **जतीन फर्निचर हाऊस (ऋणी),** बलिन्देर कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती बाला देवी (सह-ऋणी) | 13 जुलाई 2021 ₹ **412796/-** अक्षरे चार लाख बारह हजार सात सौ छियानवे मात्र दिनांक 7 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित खेवट नं. 582, खसरा नं. 332 1020 1021 1022 प्लॉट नं. बाला बिंग 823 4118 खतोनी नं. 713 गांव भाना विदे जमाबंदीकित्ता 04 गैर मुमकिन कैथल, हरियाणा 136043 **क्षेत्रफल 210 वर्ग गज** पर स्थित है। | 21 अक्टूबर 2021 |
| ऋण खाता सं.: L9001060120469639 **श्री किरपालु जी टीआर (ऋणी),** ओम प्रकाश (सह-ऋणी), महिन्द्रो महिन्द्रो (सह-ऋणी) | 26 जुलाई 2021 ₹ **516723/-** अक्षरे पांच लाख सोलह हजार सात सौ तेईस मात्र दिनांक 22 जुलाई 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर स्थित मकान नगरनिगम कॉरपोरेशन एमसीके नं. 420 2 दोगरान गेट आवासीय कैथल, हरियाणा **क्षेत्रफल 116 वर्ग फीट/गज/मीटर** पर स्थित है। | 21 अक्टूबर 2021 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरयाणा** **दिनांक: 23-अक्टूबर-2021** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## आखिर क्यों कूड़ेदान में फेंक दी जाती हैं देवी-देवताओं की खंडित प्रतिमाएं

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



**वृद्ध** आश्रमों में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि आज के युग में बुजुर्गों के सम्मान में कमी आई है।

बेशक आज धर्म की मान्यता बहुत अधिक है, लेकिन ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो अपने देवी-देवताओं की पूजा तो करते हैं, लेकिन अपने बुजुर्गों की ही तरह उनकी प्रतिमाएं खंडित होने अथवा पुरानी हो जाने पर उन्हें पानी में विसर्जित करने तक की जेहमत उठाने की बजाय उन्हें पेड़ के नीचे अथवा कूड़ादान में डालने से भी नहीं चूकते। हालांकि बहुत से विद्वानों ने इसे गलत बताया है, लेकिन ये पब्लिक है, जो अपनी इच्छा से ही काम करती है। आमतौर पर देखने को मिल रहा है कि आज के युवा अपने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। बुजुर्गों की सेवा बहुत से ऐसे युवाओं के लिए मुसीबत बन गई है। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो अपने बुजुर्गों को वृद्ध आश्रमों में भेजने से भी नहीं चूकते, या फिर ऐसी स्थिति पैदा कर देते हैं, कि परेशान होकर बुजुर्ग स्वयं ही वृद्ध आश्रम की ओर अपना रुख कर लेते हैं।

# किसानों और महिलाओं पर अत्याचार बंद करे हरियाणा की गठबंधन सरकार : सुधा भारद्वाज

### चूल्हा चौका छोड़ महिलाओं को डीएपी के लिए लाइन में लगाने पर भड़की महिला कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने प्रदेश में डीएपी की किल्लत के मुद्दे पर मनोहर सरकार को घेरते हुए कहा है कि खट्टर व दुष्यंत की जोड़ी मिलकर किसानों पर और कितने अत्याचार करेगी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार के राज में महिलाओं को घर का चूल्हा-चौका छोड़कर डीएपी के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है।



महेंद्रगढ़, भिवानी समेत प्रदेश के कई जिलों में डीएपी को लेकर हो रही मारा मारी तथा महिलाओं की लंबी कतारों पर सरकार की आलोचना करते हुए सुधा भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च संस्थाओं ने निर्देश दे रखे हैं कि महिलाओं को पुलिस थानों में न बुलाया जाए लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने महिलाओं को अपमानित करते हुए उन्हें पुलिस थानों में बंट रही डीएपी के लिए लाइनों में बैठने के लिए मजबूर कर दिया है।

सरकार की डीएपी वितरण व्यवस्था अगर सही हो तो महिलाओं को पुलिस थानों पर नहीं बैठना पड़ेगा। हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने डीएपी के मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने पहले अन्नदाता की राह में गड्ढे खुदवाए, फिर लाठीचार्ज करवाया और अब डीएपी के लिए भूखे-प्यासे किसानों को कई-कई घंटों तक लाइनों में लगाया जा रहा है। क्या यही अच्छे दिन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान करें और करवाने को चलाएं मुहिम : मासूम शर्मा



**भिवानी।** मौसम मे आए बदलाव के कारण शहर और गांवों मे दिन प्रतिदिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसके कारण रक्त की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। लेकिन अज्ञानता वश अब भी लोग रक्तदान करने से डर रहे है। जिसके कारण लोग रक्त के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। रक्त के महत्व को समझते हुए कुछ सामाजिक संस्थाएं व समाजसेवक दिन रात निस्वार्थ भाव से रक्त की कमी को पूरा करने मे जुटे हुए हैं। आज इसी कड़ी में भिवानी जिले के गांव भानगढ़ में राष्ट्रीय रक्तदान संगठन द्वारा कश्मीर में हुए शहीद फौजी भाइयों व रक्त वीर साथी अनुज बुरा को श्रद्धांजलि देने के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शोभा बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार मासूम शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने डेंगू महामारी के प्रकोप को देखते हुए युवाओं से प्लेटलेट्स डोनेशन करने की अपील की। साथ ही मासूम शर्मा ने जगह-जगह रक्तदान शिविर लगवाने का अनुरोध किया। शिविर में रक्तवीर साथी राजेश हुडेजा ने रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेवी गो रक्षक कालू कुडल ने रक्तदान किया है तथा 2021 में सात कैंप पूरे किये जायेंगे।

### करवा चौथ : चांद को देख तोड़ा निर्जला व्रत



**कुरुक्षेत्र।** पति की लंबी आयु की कामना करने के लिए रखा जाने वाला करवाचौथ का व्रत रविवार को जिला भर में धूमधाम से मनाया गया। चांद के दीदार के बाद, सुहागिनों ने पूरे रीति रिवाज के साथ व्रत खोला। सुहागिनों ने चांद को देखने के बाद अपने पति को देखा और उनकी लंबी आयु की कामना चौथ मां से की। पतियों ने भी उनकी दीर्घायु के लिए दिनभर कठिन उपवास करने वाली अर्धांगिनी को पानी पिलाकर व्रत तुड़वाया। अधिकतर स्थानों पर महिलाओं ने अपने घरों में ही यह रस्म निभाई तो कुछ स्थानों पर सामूहिक रूप से समारोह आयोजित किए गए, जहां पर सुहागिनों ने अपने पति के दीदार करके उनके हाथों से व्रत खोला। इस अवसर पर महिलाओं ने एक दूसरे को सुहाग की सामग्री भी भेंट की। सभी महिलाओं ने अपने घर के नजदीक मंदिरों में जाकर माता गौरी की पूजा अर्चना की और अपने से उम्र में बड़ी महिलाओं को फल, फ्रूट और मिष्ठान आदि देकर आशीर्वाद लिया।

### मौसम ने ली करवट, बारिश से ठंड में हुआ इजाफा



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी में रविवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली। रविवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे वहीं दोपहर बाद बारिश होने से तापमान में भी गिरावट हुई। दोपहर बाद लगभग आधा घंटा बरसात हुई। तापमान में गिरावट होने से ठंड मौसम में ठंडक बढ़ने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 22 व न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभरी चली ठंडी हवाओं ने आमजन को सर्दी का एहसास करवाया। ठंडी तेज हवाएं चलने के कारण लोग अपने घरों में बैठने को मजबूर हो गए। जिसके चलते अन्य दिनों की अपेक्षा सायं के समय पार्कों में लोगों की चहल- कदमी कम ही रही। रविवार को करवा चौथ के त्योहार के चलते बाजार खुले रहे। बूंदाबांदी और तेज हवाओं के चलते के कारण बाजार में भी कारोबार पर असर दिखाई दिया। सायं के समय बाजार में लोगों की आवाजाही काफी कम ही रही।

### मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए बना यूएनओः आश्री

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री ने कहा कि विश्व भर में मानवाधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से ही संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ यूनाईटेड नेशन आर्गेनाईजेशन) का गठन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 में की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री रविवार को राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संयुक्त राष्ट्र संगठन के स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री, प्रधानाचार्य सचिंद्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# केंद्र ने बढ़ाया हरियाणा का डीएपी कोटा : मनोहर लाल

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय मंत्री से बात कर बढ़वाए छह रैक

**पिछले साल से 11 हजार मीट्रिक टन अधिक उपलब्ध**

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**प्रदेश** में डीएपी खाद की कमी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दावा किया है कि प्रदेश में पिछले साल के मुकाबले 11 हजार मिट्रिक टन अधिक डीएपी उपलब्ध है। केंद्र सरकार हरियाणा को छह रैक अतिरिक्त डीएपी देने के लिए तैयार हो गई है।

हरियाणा के विभिन्न जिलों से डीएपी खाद के संकट की खबरें आ रही हैं। विपक्षी राजनीतिक दल भी डीएपी के संकट को मुद्दा बना रहे हैं। जिसके चलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री से बातचीत करके हरियाणा के लिए छह अतिरिक्त रैक को मंजूरी भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजार में इस साल डीएपी खाद पिछले साल की तुलना में 11 हजार मिट्रिक टन अधिक मात्रा में उपलब्ध है फिर भी किसानों की मांग को देखते हुए उन्होंने केंद्रीय केमिकल एवं फर्टिलाइजर मंत्री मनसुख मांडविया से फोन पर बातचीत कर 6 अतिरिक्त रैक बढ़ाने की मांग की है जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सहमति जता दी है। उन्होंने किसानों से धैर्य बनाए रखने के लिए अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसानों के लिए 24 रैक डीएपी उपलब्ध हैं, 5 रैक और आएंगे। आज केंद्रीय मंत्री से बात करने के बाद 6 अतिरिक्त रैक आने पर 31 अक्टूबर तक प्रदेश के पास कुल 11 रैक और उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री की ओर से राज्य की सीमाओं पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं ताकि प्रदेश से डीएपी की अन्य राज्यों में कालाबाजारी न की जा सके।

मुख्यमंत्री ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें डीएपी खाद की उपलब्धता व डिमांड पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों ने रबी फसलों के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है, उसके अनुसार ही किसानों को डीएपी खाद का वितरण किया जाए ताकि असल किसानों को समय पर डीएपी उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डिमांड के अनुसार डीएपी की सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिस क्षेत्र के किसानों को पहले डीएपी की जरूरत है वहां पहले सप्लाई किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राज्य में जहां 24 अक्टूबर तक 87,000 मीट्रिक टन डीएपी की बिक्री की गई थी वहीं इस वर्ष आज तक 98,000 मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे आवश्यता के अनुसार ही डीएपी की खरीद करें, अतिरिक्त भंडारण न करें ताकि सभी किसानों को समान रूप से वितरित किया जा सके।

### छह जिलों में तैनात किए एसीएस, पुलिस चलाएगी सर्च आपरेशन

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के सीमावर्ती जिलों रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, नूंह तथा झज्जर के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में नाके लगाकर प्रदेश से बाहर जाने वाले वाहनों की जांच-पड़ताल करें ताकि डीएपी खाद को प्रदेश से बाहर अवैध तौर पर न ले जाया जा सके। डीएपी की मांग से बनी परिस्थितियों पर नजर रखने के लिए उक्त छह जिलों के लिए तुरंत प्रभाव से प्रशासनिक सचिवों को इंचार्ज नियुक्त कर दिया है, वह संबंधित जिलों में 25 से 27 अक्टूबर तक मौजूद रहेंगे और डीएपी वितरण पर निगाह रखेंगे।

## खरीद एजेंसियों ने मंडियों व खरीद केंद्रों से की 9 लाख 12 हजार 805 मीट्रिक टन धान की खरीद : मुकुल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों में 23 अक्टूबर तक खरीद एजेंसियों ने 9 लाख 12 हजार 805 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से फूड एंड सप्लाई ने 690166 एमटी, हैफेड ने 222181 एमटी और एफसीआई ने 457 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। अब तक खरीदी गई धान में से मंडियों से 782014 मीट्रिक टन धान का उठान कार्य पूरा कर लिया गया है। अहम पहलू यह है कि अब तक कुल 116981 किसानों की धान की फसल खरीदी जा चुकी है।

उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि जिले में खरीद केंद्रों पर धान की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। खरीद केंद्रों पर किसान अपनी फसलों को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लेकर पहुंच रहे है। जिला कुरुक्षेत्र के सभी मंडियों व खरीद केंद्रों से सभी एजेंसियों के खरीद कार्य व उठान कार्य से सम्बंधित रिपोर्ट डीएफएससी द्वारा एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक की रिपोर्ट के आधार पर जिला कुरुक्षेत्र के अजराना कलां मंडी में 4806, बाबैन मंडी में 55198 एमटी, भौर सैयदां में 3022 एमटी, चढुनी जाटान में 2639 एमटी, गुमथला गढु में 24293 एमटी, इस्माईलाबाद में 107500 एमटी, झांसा में 27373 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 179125 एमटी, लाडवा मंडी में 119653 एमटी, लुखी मंडी में 526 एमटी, मलिकपुर मंडी में 3827 एमटी, नलवी मंडी में 4706 एमटी, पिपली मंडी में 58354 एमटी, पिहोवा मंडी में 160753 एमटी, शाहबाद मंडी में 128641 एमटी, ठोल मंडी में 27860 एमटी, थाना में 4349 एमटी धान की फसल खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया है। अब तक खरीदी गई कुल 912805 एमटी धान में से 782014 एमटी धान का उठान कार्य पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है, अगर कोई दिक्कत आती है तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जा रहा है। सभी मंडियों में बारदाना पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर 2021 तक जिला कुरुक्षेत्र की मंडियों व खरीद केन्द्रों से 9 लाख 12 हजार 805 मीट्रिक टन धान आवक हो चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों व एसडीएम को निर्देश दिए गए है कि अपनी-अपनी मंडियों में मौके पर जाकर प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करें। फील्ड में जाकर किसानों, व्यापारियों की समस्याओं को सुनें और उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास करें। इसके साथ-साथ सभी नोडल अधिकारी मंडियों में कानून एवं व्यवस्था पर भी नजर रखे।

## फॉगिंग के नाम पर हो रही खानापूर्ति, प्रशासन दे ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



**डेंगू** का डंक जिले में बढ़ता जा रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या बहुत अधिक नहीं बताई गई है, लेकिन यदि लोगों की बात पर विश्वास करें तो मरीजों की संख्या काफी हो गई है और लगातार इसमें वृद्धि हो रही है। इधर डेंगू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद को शहर में फॉगिंग कराने के निर्देश जारी किए हुए हैं, लेकिन कहना गलत नहीं होगा कि इस मामले में केवल खानापूर्ति ही हो रही है। मोटरसाइकिल पर सवार होकर नगर परिषद का कर्मचारी केवल सड़कों पर धूआं छोड़कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहा है।

बदलते मौसम के चलते इस बार मच्छरों की भरमार होने से डेंगू व मलेरिया का प्रकोप काफी बढ़ गया है। निजी अस्पतालों में भारी संख्या में मरीज आ रहे हैं। छोटे से छोटे क्लीनिक में भी मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इनमें से ज्यादा मरीजों को डेंगू की शिकायत बताई जा रही है। हालांकि प्रशासन ने डेंगू के मरीजों की संख्या बहुत अधिक नहीं बताई है, लेकिन प्राईवेट क्लीनिकों व अस्पतालों से मिल रही खबर के अनुसार डेंगू के मरीजों की संख्या अब चिंताजनक होती जा रही है। चिकित्सक डेंगू, मलेरिया व वायरल तीनों ही बीमारियों के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। इधर प्रशासन ने निश्चित रूप से डेंगू के बढ़ते रोगियों को देखते हुए शहर व गांवों में फॉगिंग कराने के निर्देश दिए हुए हैं। नगर परिषद व अस्पताल प्रशासन की ओर से फॉगिंग भी कराई जा रही है, लेकिन जिस तरह से काम किया जा रहा है, लगता है कि इस मामले में केवल खानापूर्ति ही की जा रही है।

## एसटीएफ की टीम ने 25 हजार के ईनामी धर्मेंद्र को किया गिरफ्तार

### पहचान बदलकर बिहार में रह रहा था कुख्यात धर्मेंद्र

**लूट, हत्या, डकैती और रंगदारी के आरोपी किया गिरफ्तार**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**एसटीएफ** पुलिस सोनीपत को बड़ी सफलता मिली है। बहादुरगढ़ के जूता व्यापारी से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाले मोस्ट वांटिड इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस पर एक दर्जन से भी अधिक हत्या लूट डकैती की वारदातों को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस आरोपी धर्मेंद्र को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

एसटीएफ सोनीपत इंस्पेक्टर सतीश देशवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि एसटीएफ पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी धर्मेंद्र उर्फ शास्त्री जो रोहतक जिले के गांव रुड़की का रहने वाला है। आरोपी बिहार में सुल्तान खान बन कर रह रहा था। वहां पर इसने एक महिला से शादी भी कर ली थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की कि आरोपी हरियाणा के पलवल में आने वाला है। पुलिस की एक टीम वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। जिस पर सरकार द्वारा 25 हजार का इनाम भी रखा हुआ है। इंस्पेक्टर सतीश देशवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी द्वारा वर्ष 2017 में बहादुरगढ़ के एक जूता व्यापारी से 5 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की गई थी। जिन पर दो हत्या, जिनमें एक हत्या वर्ष 2003 में गोहाना के रेवाड़ा गांव में अजीत की हत्या की थी और उसके बाद में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2002 में जयपुर में भी एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी।

एसटीएफ सोनीपत इंस्पेक्टर सतीश देशवाल ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र पैरोल पर 2015 में बाहर आया था, उसके बाद फरार होकर अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया था। आरोपी ने बहादुरगढ़ के जूता व्यापारी से साल 2017 में 5 करोड़ की फिरौती मांगी थी, उस समय जो काफी चर्चा में रही थी।

### डेंगू पीड़ितों के लिए प्लेटलेट्स दान के लिए आगे आएं युवा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य की एसटीबी में नियुक्त उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा 10 दिनों में दो बार प्लेटलेट्स दे चुके हैं। शनिवार रात को उन्हें करनाल से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक के लिए प्लेटलेट्स की बहुत अधिक आवश्यकता है तो सूचना मिलते ही वे करनाल पहुंचे और चावला लेबोरेटरी में प्लेटलेट्स दान किए। दूसरी और कुरुक्षेत्र में प्लेटलेट्स किट न होने के कारण उपचाराधीन एक दूसरे युवक के लिए भी उन्होंने कल्पना चावला में प्लेटलेट्स दान करवाए।

### टीम इंडिया किट के प्रायोजक एमपीएल स्पोर्ट्स की

## बिलियन चीयर्स जर्सी अब उड़ान पर उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** बनाम पाकिस्तान टी-20 मैच अब काफी करीब आ गया है, जिसका लोगों को बहुत दिनों से इंतजार भी था। इस मैच के दौरान क्रिकेट प्रशंसक पहले से ही टीम इंडिया के रंगों में खुद को रंगते हुए टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

कुमार सौरभ, हेड लाइफ स्टाइल बिजनेस, उड़ान, ने कहा, हमें प्रसन्नता है कि हमने एमपीएल स्पोर्ट्स के आधिकारिक क्रिकेट मर्चेंडाइज की पेशकश, एक्सक्लूसिव रूप से पूरे भारत के अपने रिटेलर्स के लिए की है। हम अपने तकनीक-सक्षम व्यापक रिटेल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि पूरे भारत में रिटेलर्स और ग्राहकों की किफायती मूल्य एवं उच्च गुणवत्ता वाले वास्तविक मर्चेंडाइज तक पहुंच बने। हम क्रिकेट प्रशंसकों से आग्रह करते हैं कि वे टीम इंडिया की जर्सी पहनकर मैच देखें, क्योंकि यह पहली बार है जब वे असली मर्चेंडाइज उनके लिए इतनी सस्ती कीमतों पर उपलब्ध हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के आधिकारिक किट के प्रायोजक एथलीजर ब्रांड, एमपीएल स्पोर्ट्स का लक्ष्य सभी प्रशंसकों के लिए मैच देखने के अनुभव को अधिक यादगार बनाना है। ब्रांड के आधिकारिक टीम इंडिया मर्चेंडाइज अब भारत के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, उड़ान, जिसमें टियर-2 और 3 शहरों तथा उससे बाद के शहरों पर ध्यान है, के जरिये उपलब्ध होंगी। कलेक्शन में हाल ही में लॉन्च की गई बिलियन चीयर्स जर्सी भी शामिल है। जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में सबसे बड़ा और सबसे किफायती कलेक्शन है तथा प्रशंसकों के लिए आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध है।एमपीएल स्पोर्ट्स देश के कोने-कोने में अपने उत्पादों की रेंज पहुंचाने के लिए उड़ान के विशाल डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क का लाभ उठाएंगे। उड़ान के पास देश के 900 से अधिक शहरों में 30 लाख से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स और 25,0000-30,000 विक्रेताओं का नेटवर्क है, जिसके दायरे में 12,000 से अधिक पिन कोड क्षेत्र शामिल हैं। प्लेटफॉर्म 17 लाख से अधिक रिटेलर्स, केमिस्ट, किराना दुकानों, होरेका, किसानों आदि की जरूरतों को पूरा करता है। प्रति माह 45 लाख से अधिक लेनदेन करता है। इस वजह से उड़ान बी2बी ईकॉमर्स बिजनेस में अग्रणी है। मर्चेंडाइज सभी प्रमुख स्पोर्ट्स रिटेल स्टोर्स जैसे लुलुफैशन, ऑल डे स्पोर्ट्स, सेंट्रो, चैंपियन स्पोर्ट्स, शक्ति स्पोर्ट्स, किटको, स्पोर्ट्स स्टेशन और कई अन्य पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा।

घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, शोभित गुप्ता, हेड-एमपीएल स्पोर्ट्स, ने कहा भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल भर नहीं है, बल्कि पूरे देश के लोगों को जोड़ने वाली भावना है। क्रिकेट सीजन पूरे जोरों पर है, और हमारा उद्देश्य भारतीय क्रिकेट टीम के आधिकारिक उत्पादों को सभी के लिए किफायती और सुलभ बनाना है। हमें उम्मीद है कि हम उड़ान के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए भारत के एक अरब प्रशंसकों को हमारी टीम का समर्थन करने का अवसर प्रदान करेंगे, ताकि क्रिकेट प्रशंसक गर्व से टीम भावना का प्रदर्शन कर सकें।

# अंतर्राष्ट्रीय शांति बनाए रखने के लिए बना संयुक्त राष्ट्र संगठन

### संयुक्त राष्ट्र दिवस पर लघु सचिवालय पर लहराया यूएनओ का ध्वज

**डीएसपी सुभाष चंद्र और नायब तहसीलदार हरीश रंगा ने दी सलामी**

पायनियर समाचार सेव। कुरुक्षेत्र

**डीएसपी** मुख्यालय सुभाष चंद्र ने कहा कि विश्व में शांति बनाने व सुरक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से ही संयुक्त राष्ट्र संगठन की स्थापना की गई। इस दिवस पर सभी समाज में शांति व भाईचारा कायम रखने का संकल्प लेने की जरूरत है।



वे रविवार लघु सचिवालय पर जिला प्रशासन की तरफ से संयुक्त राष्ट्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएसपी मुख्यालय सुभाष चंद्र, नायब तहसीलदार हरीश रंगा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी यशवीर सिंह ने परंपरा अनुसार लघु सचिवालय पर संयुक्त राष्ट्र व भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सभी अधिकारियों ने विधिवत रुप से संयुक्त राष्ट्र दिवस को मनाया गया। नायब तहसीलदार हरीश रंगा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यों में अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने, मानवाधिकारों की रक्षा करना, मानवीय सहायता पहुंचाना, सतत विकास को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय कानून का भली भांति कार्यान्वयन करना शामिल है। डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया के देशों में आपसी समन्वय और सामंजस्य का सद्भाव बुनियादी स्तर पर स्थापित करने के लिए 24 अक्टूबर के दिन ही 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई।

# कश्मीर बर्फबारी: अनंतनाग में दो की मौत, मृतक संख्या बढ़कर पांच हुई



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बर्फबारी में फंसे दो लोगों की मौत हो गई, जिससे खराब मौसम के चलते जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जबकि दो लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

अधिकारियों ने बताया कि बीती रात को दक्षिण कश्मीर के इस जिले में सिनथान दर्रा में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि नागरिक, पुलिस, सेना और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के अधिकारियों की बचाव टीम ने मशीनरी की मदद से बर्फ से ढंके और कोहरे वाले इलाकों को पार कर 30 किलोमीटर की दूरी तय की और घटनास्थल तक पहुंचने के लिए आठ किलोमीटर का सफर तय किया। उन्होंने बताया, 24 अक्टूबर को सुबह साढ़े पांच बजे मौके पर एक शव मिला, जबकि एक अन्य व्यक्ति की वापसी के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दो लोग सुरक्षित हैं और उनका हाइपोथर्मिया और सदमे का इलाज चल रहा है। घाटी के कुछ हिस्सों, खासकर दक्षिण कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को मध्यम से भारी हिमपात हुआ।

# उत्तराखंड में आपदा में मरने वालों की संख्या हुई 76

एजेंसी। देहरादून

**उत्तराखंड** में भारी बारिश के कारण मची तबाही से प्रभावित स्थानों पर लगातार जारी तलाश और बचाव अभियान के बीच रविवार को मृतकों की संख्या 76 तक पहुंच गई, जबकि मौके पर जाकर स्थिति का स्वयं जायजा ले रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी का दौरा किया। उत्तरकाशी के हर्षिल से लमखागा दर्रे से होकर हिमाचल प्रदेश के चितकुल की ट्रैकिंग के दौरान खराब मौसम के कारण लापता 11 में से सात लोगों के शव बरामद कर लिए गए जबकि दो अन्य अभी लापता हैं। इस दल के दो सदस्य घायल अवस्था में पहले ही मिल चुके हैं जिनका अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि उत्तरकाशी जिला अस्पताल में पांच ट्रैकर्स के शवों का पोस्टमार्टम किया गया जिनमें से चार पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और एक महिला दिल्ली की रहने वाली थी। पश्चिम बंगाल के ट्रैकर्स के शव उत्तरकाशी से उनके घर भेज दिए गए हैं, जबकि दिल्ली निवासी महिला ट्रैकर का उसके परिजनों द्वारा उत्तरकाशी में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस की टीम को हिमाचल प्रदेश के चितकुल से मिले दो अन्य शवों में से एक को उत्तरकाशी और दूसरे को दिल्ली भेजा जा रहा है जहां से उसे पश्चिम बंगाल भेजा जाएगा।


### प्रधानमंत्री मोदी बोले, पहले धारणा बन गई थी कि

# सेना और पुलिस जैसी सेवाएं केवल पुरुषों के लिए होती हैं, अब ऐसा नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

**महिला** पुलिसकर्मियों की संख्या में वृद्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2014 में जहां इनकी संख्या 1.5 लाख के करीब थी, वहीं 2020 तक इसमें दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उम्मीद जताई कि आगे और भी ज्यादा संख्या में महिलाएं पुलिस सेवा में शामिल होंगी और देश की पुलिस सेवा की नई पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी।

उन्होंने कहा, पहले यह धारणा बन गई थी कि सेना और पुलिस जैसी सेवा केवल पुरुषों के लिए ही होती है। लेकिन आज ऐसा नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या दोगुनी हो गई है। 2014 में जहां इनकी संख्या 1.5 लाख के करीब थी, वहीं 2020 तक इसमें दोगुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है और यह संख्या अब 2.15 लाख तक पहुंच गई है। ज्ञात हो कि मोदी 2014 में पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षाबलों में भी पिछले सात सालों में महिलाओं की संख्या लगभग दोगुनी हुई है और आज देश की बेटियां कठिन से कठिन कर्तव्य भी पूरी ताकत और हौसले से पूरा कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने सबसे कठिन माने जाने वाले प्रशिक्षणों में एक विशिष्ट जंगल युद्ध कमांडो के प्रशिक्षण का उल्लेख किया और कहा कि आगे जाकर यह प्रशिक्षित बेटियां कोबरा बटालियन का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने कहा कि आज हवाई अड्डों से लेकर मेट्रो स्टेशनों तक या सरकारी दफ्तरों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जांबाज महिलाएं हर संवेदनशील जगह की सुरक्षा करते दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा, इसका सबसे सकारात्मक असर हमारे पुलिस बल के साथ-साथ समाज के मनोबल पर भी पड़ रहा है। महिला सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी से लोगों में, विशेषकर महिलाओं में सहज ही एक विश्वास पैदा होता है। वे उनसे स्वाभाविक रूप से खुद को जुड़ा महसूस करती हैं। महिलाओं की संवेदनशीलता की वजह से भी लोग उन पर ज्यादा भरोसा करते हैं।



### महिला पुलिसकर्मी आज देश की लाखों और बेटियों के लिए बन रही हैं आदर्श

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी आज देश की लाखों और बेटियों के लिए भी आदर्श बन रही हैं। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों से अनुरोध किया कि वे स्कूलों के खुलने के बाद अपने क्षेत्रों के स्कूलों में जाएं और बच्चियों से बात करें। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस बातचीत से हमारी नई पीढ़ी को एक नई दिशा मिलेगी। यही नहीं, इससे पुलिस पर जनता का विश्वास भी बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि इससे आगे और भी ज्यादा संख्या में महिलाएं पुलिस सेवा में शामिल होंगी और पुलिस सेवा की भावी पीढ़ी का नेतृत्व करेंगी। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वैश्विक संस्था का एक अनोखा पहलू यह भी है कि उसका प्रभाव और उसकी शक्ति बढ़ाने में भारत की नारी शक्ति ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस कड़ी में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि रहीं हंसा मेहता और लक्ष्मी मेनन का उल्लेख किया और कहा कि लैंगिक समानता के लिए उन्होंने पुरजोर आवाज उठाई। उन्होंने विजया लक्ष्मी पंडित के संयुक्त राष्ट्र आम सभा की पहली महिला अध्यक्ष बनने का भी जिक्र किया।

### आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने दी जवानों को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के स्थापना दिवस पर रविवार को बल के कर्मियों को बधाई दी और कहा कि जब भी देश को उनकी जरूरत पड़ी उन्होंने अदम्य साहस व समर्पण के साथ जवाब दिया। आईटीबीपी की स्थापना चीन के साथ 1962 के युद्ध के बाद की गई थी और इसमें करीब 90,000 जवान हैं। मोदी ने आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस पर एक ट्वीट में कहा, अरूणाचल प्रदेश के घने जंगलों से लेकर हिमालय की बफीर्ली चोटियों तक हमारे आईटीबीपी के हिमवीरों ने देश के आह्वान पर अदम्य साहस व समर्पण दिखाया है। बल के कर्मियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, आपदा के समय बल की ओर से किए गए मानवीय कार्य सराहनीय हैं। आईटीबीपी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की पांच शाखाओं में से एक है। यह उत्तरी सीमाओं पर निगरानी रखता है और सीमा उल्लंघन को रोकता है। यह अवैध आव्रजन, सीमा पार से तस्करी इत्यादी की निगरानी करता है और देश में शांति बनाए रखने में अहम भूमिका का निर्वाह करता है।

# गोवा विस चुनाव में आप और तृणमूल कांग्रेस बस नाम के खिलाड़ी रहेंगे: चिदंबरम

आसिम कमाल। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस गोवा विधानसभा चुनाव में बस नाम के खिलाड़ी रहेंगे और कांग्रेस ही भाजपा को हराने और अगली सरकार बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है। गोवा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चिदंबरम कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक हैं।

उन्होंने कहा कि गोवा में तृणमूल कांग्रेस का प्रवेश पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा थोपा जाना प्रतीत होता है, क्योंकि मुख्य रूप से यह पश्चिम बंगाल की पार्टी है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का अन्य पार्टियों से दलबदल कराकर गोवा में इकाई शुरू करने के पीछे क्या मकसद है। उन्होंने एजेंसी को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी छोटी पार्टी के साथ गठबंधन तभी संभव है, जब वह यह स्वीकार करे कि गैर भाजपा गठबंधन में कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, गोवा उन पांच राज्यों में से एक है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने वाले हैं। सभी राज्य समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और उस दृष्टिकोण से गोवा भी महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और गोवा के लोगों के बीच एक लंबा और विशेष संबंध रहा है। कांग्रेस यह जानती है कि गोवा, गोवा के लोगों का और गोवा की एक अनोखी जीवनशैली है। उन्होंने कहा, हम 2022 का चुनाव जीतने और कांग्रेस की सरकार बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी की तैयारी मजबूत और विधिवत है।

गोवा में कांग्रेस और भाजपा को मुख्य पार्टियां बताते हुए चिदंबरम ने कहा कि छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन तभी संभव है, जब वे यह स्वीकार करेंगी कि गैर भाजपा गठबंधन में कांग्रेस की केंद्रीय भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अगर छोटी पार्टियों का गठबंधन के प्रति झुकाव हो, तो उन्हें कुछ सीटें दी जा सकती हैं।

हालांकि, वह किसी भी पार्टी के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते। वहीं, गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बारे में चिदंबरम ने कहा कि ये दोनों पार्टियां 2022 के चुनाव में बड़ी भूमिका नहीं निभाने जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि आप 2017 के चुनाव में उतर चुकी है, लेकिन कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाई। तृणमूल कांग्रेस ने सितंबर, 2021 में गोवा में कदम रखा है और यहां उनके पास स्थानीय और जमीनी कार्यकर्ता नहीं हैं। चिदंबरम ने कहा, जहां तक कांग्रेस की बात है, तो हमारा मानना है कि हम भाजपा को हराने और सरकार बनाने के मामले में अच्छी स्थिति में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार को आतंकियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बीच गोलीबारी में कथित रूप से एक आम नागरिक की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान शाहिद अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया, सुबह करीब साढ़े 10 बजे अज्ञात आतंकियों ने शोपियां में बाबापोरा में सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के नाका दल पर हमला किया। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ ने गोलीबारी का जवाब दिया और दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### चीन में गैस विस्फोट में दो की मौत, सात घायल

**बीजिंग।** चीन के बंदरगाह शहर डालियान में एक आवासीय इमारत में हुए गैस विस्फोट में रविवार को दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी सीजीटीएन-टीवी की खबर के मुताबिक विस्फोट के बाद भयंकर आग लग गई थी जिस पर अब काबू पा लिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट की वजह का पता लगाया जा रहा है। एक हफ्ते में यह ऐसा दूसरा विस्फोट है। चीन के उत्तर-पूर्वी लियाओनिंग प्रांत की राजधानी शेनयांग में 21 अक्टूबर को एक रेस्त्रां में गैस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई थी और 47 अन्य घायल हो गए थे। ऑनलाइन साझा की गई वीडियो फुटेज में तीन मंजिला इमारत को ध्वस्त होते और इलाके में मलबा बिखरे हुए देखा जा सकता था। विस्फोट से आसपास की इमारतों पर भी असर पड़ा और रेस्त्रां के पास खड़ी गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

### बलूचिस्तान में अलग-अलग अभियानों में 15 आतंकी मारे

**क्वेटा।** पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठनों के 15 आतंकियों को मार गिराया। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि बलूचिस्तान के मास्तुंग इलाके में अलग-अलग प्रतिबंधित संगठनों के नौ आतंकवादियों को मार गिराया और उनके पास से हथियारों तथा गोला बारूद का भारी जखीरा बरामद किया गया। प्रांत के हरनई जिले में एक अन्य तलाश अभियान में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के एक कमांडर समेत छह आतंकवादियों को मार गिराया। सीटीडी के प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए नौ आतंकवादी बीएलए, बलूच लिबरेशन फ्रंट और यूनाइटेड बलूच आर्मी से जुड़े हुए थे और वे मास्तुंग के पर्वतीय क्षेत्र रोशी में छिपे हुए थे। उन्होंने कहा, ये आतंकवादी रोशी में प्रशिक्षण लेने के बाद क्वेटा में हमले करने की योजना बना रहे थे। पुलिस बलों ने प्रशिक्षण शिविर भी ध्वस्त कर दिया। बीएलए और बलूच लिबरेशन फ्रंट ने प्रांत में हाल के महीनों में सुरक्षाबलों, पुलिस और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हुए कई आतंकवादी हमलों की जिम्मेदारी ली है।

### यूगांडा में रेस्तरां में विस्फोट, एक की मौत, सात घायल

**कंपाला।** यूगांडा की राजधानी कंपाला के उपनगर में एक रेस्तरां में शनिवार को विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक बयान में बताया कि स्थानीय समयानुसार रात नौ बजे विस्फोट के बाद बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया। जांच टीम यह पता लगाएगी कि विस्फोट को किसी ने जानबूझकर अंजाम दिया या यह दुर्घटनावश हुआ। युगांडा अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण देश है और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों के तहत पूरे देश में रात के समय कर्फ्यू लागू है। हालांकि ब्रिटेन सरकार ने अक्टूबर में जारी यात्रा परामर्श में कहा था कि चरमपंथी इस पूर्वी अफ्रीकी देश में हमले कर सकते हैं, जो पहले भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। परामर्श में कहा गया था, विदेशियों के आगमन वाले स्थानों को निशाना बनाया जा सकता है। शनिवार को जिस रेस्तरां में विस्फोट हुआ, उस इलाके में आम तौर पर भीड़ भाड़ रहती है।

### मैक्सिको में प्रशांत तट पर तूफान रिक ने जोर पकड़ा

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर शनिवार को तूफान रिक ने जोर पकड़ा और इसके सोमवार को मैदानी इलाकों की ओर बढ़ने की संभावना है। यूएस नेशनल हरिकेन सेंटर ने बताया कि मैदानी हिस्से से टकराने से पहले रिक 120 मील प्रति घंटे (195 किलोमीटर प्रति घंटा) की रफ्तार वाले भीषण तूफान का रूप ले सकता है। तूफान के लाजारो कार्डेनास और मंजानिलो बंदरगाह के बीच कहीं टकराने की आशंका है। तूफान की पहचान तटीय रिसॉर्ट जिहुआतानेजो के दक्षिण में लगभग 195 मील (315 किलोमीटर) की दूरी पर हुई। हवाओं की रफ्तार 85 मील प्रति घंटे (135 किलोमीटर प्रति घंटे) थी और यह उत्तर-उत्तर-पश्चिम में सात मील प्रति घंटे (11 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से बढ़ रहा था।

# केंद्र ने त्वरित सुनवाई अदालतों का संचालन शुरू करने को लेकर राज्यों पर जोर दिया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र ने यौन अपराधों के मामलों में पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने के लिए दो साल पहले गांधी जयंती पर शुरू की गई त्वरित सुनवाई अदालतों को संचालित करने को लेकर कुछ राज्यों पर नए सिरे से जोर दिया है। केंद्र सरकार ने 2018 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम के पारित होने के बाद, 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1,023 त्वरित सुनवाई विशेष अदालतें (एफटीएससी) गठित करने का निर्णय लिया था। इनमें से 389 अदालतें विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित मामलों से निपटारे के लिए थीं।

कुल इच्छित एफटीएससी के मुकाबले, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 367 पोक्सो अदालतों सहित 674 ने काम करना शुरू कर दिया। वहीं इस साल अगस्त तक इन अदालतों ने कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के बावजूद 56,267 मामलों का निपटारा किया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एफटीएससी योजना के लिए अपनी सहमति दे दी है। पश्चिम बंगाल, जिसके लिए 123 ऐसी अदालतें निर्धारित की गई थीं।

## अपोलो टायर्स ने भारत में व्रेडेस्टीन ब्रांड उतारा

**नई दिल्ली।** भारत में अपने उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करते हुए अपोलो टायर्स लिमिटेड ने देश में यूरोपीय टायर ब्रांड व्रेडेस्टीन उतारा है। कंपनी का यह उत्पाद महंगी कारों तथा सुपरबाइक खंड की जरूरतों को पूरा करेगा।

घरेलू टायर कंपनी की अगले दो साल में इस खंड में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। व्रेडेस्टील श्रृंखला का उत्पादन स्थानीय स्तर पर शुरुआत में कंपनी के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश संयंत्रों में किया जाएगा। कंपनी शुरुआत में इस ब्रांड की बिक्री रिप्लेसमेंट बाजार में करेगी। बाद में कंपनी वैश्विक मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ अपने संबंधों के जरिए इस ब्रांड का मूल उपकरणों में प्रयोग कर सकती है।

## कांग्रेस ने ईंधन की बढ़ती कीमतों पर सरकार की निंदा की

# राहुल गांधी ने लगाया टैक्स डकैती का आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पेट्रोल की कीमतों पर टैक्स डकैती बढ़ रही है और अगर कहीं चुनाव होते हैं, तो इससे कुछ राहत मिल जाएगी।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता को कष्ट देने के रिकॉर्ड बनाए हैं। कांग्रेस महासचिव ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट को टैग किया



जिसमें कहा गया है कि इस साल पेट्रोल की कीमतों में रिकॉर्ड 23.53 रुपये की वृद्धि हुई है। प्रियंका गांधी ने एक ट्वीट में कहा, मोदीजी की सरकार ने जनता को कष्ट देने के मामले में बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। सबसे ज्यादा बेरोजगारी : मोदी सरकार में, सरकारी संपत्तियां बिक रहीं : मोदी सरकार में, पेट्रोल की कीमतें एक साल में सबसे ज्यादा बढ़ीं : मोदी सरकार में।

वहीं राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, पेट्रोल दामों पर टैक्स डकैती बढ़ती जा रही है। कहीं चुनाव हों तो थोड़ी रोक लगे। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ हैशटैग टैक्स एक्सटॉर्शन का इस्तेमाल किया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी प्रियंका गांधी द्वारा साझा की गई उसी मीडिया रिपोर्ट को टैग करते हुए अच्छे दिन का नारा ट्वीट कर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया। रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन 35 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जिससे देश भर में पेट्रोल पंप पर ईंधन की दरें नई ऊंचाई पर पहुंच गईं।

# कोरोना का कोई भी स्वरूप हो टीका व बचाव के उपायों से उसे फैलने से रोका जा सकता है: गुलेरिया

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोविड-19** रोधी टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक देने की उपलब्धि हासिल करने और कुछ यूरोपीय देशों में बढ़ते संक्रमण के मामलों के बीच देश में इस महामारी की तीसरी लहर को लेकर कई प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। आने वाले पर्व व त्योहारों के मौसम के मद्देनजर क्या यह जानलेवा वायरस फिर अपना स्वरूप बदल सकता है, दूसरी लहर की तरह क्या जनजीवन को प्रभावित कर सकता है और यदि हां तो ऐसी किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने की क्या तैयारी है, इन्हीं मुद्दों पर नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

***सवाल:*** *राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 101.30 करोड़ कोविड-19 रोधी टीके लगाए जा चुके हैं और देश में रोजाना 16 हजार के करीब संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं। इस स्थिति को आप कैसे देखते हैं?*

**जवाब:** टीकाकरण अब तो बहुत तेजी से हो रहा है और हम 100 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर चुके हैं। वैज्ञानिकों, स्वास्थ्यकर्मियों और प्रशासकों की बदौलत हम इतनी जल्दी इस आंकड़े को पार कर पाए। अब हमारे यहां संक्रमण के मामले भी कम हो रहे हैं। अगर हम टीकाकरण अभियान को तेजी से बढ़ाते रहें और कुछ हफ्तों के लिए कोविड से बचाव के उपायों को अपनाते रहें तो वायरस को फैलने का मौका नहीं मिलेगा। हम ऐसी स्थिति में पहुंच सकते हैं कि इस महामारी से जल्दी ही बाहर आ जाएं। हमें बहुत सतर्क रहने की भी जरूरत है। क्योंकि वायरस अगर अपना रूप परिवर्तित कर ले तो हमारी स्थिति थोड़ी सी बिगड़ सकती है। इसलिए वायरस की निगरानी के साथ ही संक्रमण के मामलों की निगरानी करना भी जरूरी है। इसलिए टीकाकरण के साथ-साथ यदि बचाव के सभी एहतियातों को बरतें तो हम इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में काफी अच्छी स्थिति में हो सकते हैं।

***सवाल:*** *जिस प्रकार से यूरोपीय देशों में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं और वायरस के नए स्वरूप भी सामने आ रहे हैं, भारत को कितना सतर्क रहने की आवश्यकता है?*

**जवाब:** डेल्टा वायरस के नए स्वरूप एवाई.4.2 को लेकर कुछ लोगों को आशंका है कि वह कुछ ज्यादा संक्रामक है। हमारे यहां जो आंकड़े उपलब्ध हैं, उसमें कहीं भी यह नहीं देखा गया कि एवाई.4.2 के मामले बढ़ रहे हैं। फिर भी, पूरी तरह से सतर्क रहने की जरूरत है। कोई भी स्वरूप (वेरिएंट) हो, अगर हम कोविड से बचाव अनुकूल व्यवहार करेंगे तो उसको हम हम आगे फैलने नहीं देंगे। साथ ही टीका भी लगाते रहें। जहां भी मामले बढ़ रहे हैं, वहां अस्पतालों में भर्ती होने वालों और मरने वालों की संख्या में वृद्धि नहीं देखी जा रही है। इसका यह मतलब है कि जिन्होंने टीके लगवाए हैं, उनको सुरक्षा मिली है। जिन लोगों ने टीके नहीं लगवाए हैं, उन्हें ही अस्पतालों में भर्ती होने की जरूरत पड़ी है। यूरोप में और रूस में टीकों को



लेकर लोगों में अब भी हिचक देखने को मिल रही है। इसलिए टीके लगवाना और बचाव करना बहुत जरूरी है।

***सवाल:*** *वायरस के स्वरूप बदलने के खतरे को देखते हुए क्या किसी प्रकार के बूस्टर डोज की आवश्यकता महसूस करते हैं आप?*

**जवाब:** अभी तक जो आंकड़े हैं, उनमें देखा जा रहा है कि जहां पर भी टीके लगे हैं वहां मृत्यु के मामले नहीं बढ़ रहे हैं। इसका मतलब है कि टीके अभी तक हमें सुरक्षा दे रहे हैं। लेकिन जैसे-जैसे वेरिएंट्स आएंगे, हमें हो सकता है कि नए टीकों की जरूरत पड़े। चाहे हम उसे बूस्टर डोज कहें या नया टीका कहें, उसकी जरूरत पड़ सकती है। इस पर अब भी शोध हो रहा है। कोरोना के नए स्वरूपों में भी कारगर होने वाले टीकों को लेकर कई कंपनियां शोध कर रही हैं। जैसे इन्फ्लुएंजा के नए स्ट्रेंस के अनुरूप उसके टीके बदलते रहते हैं, उसी प्रकार हो सकता है कि कोरोना की अगली पीढ़ी के टीके भी आ सकते हैं। सेकेंड या थर्ड जेनरेशन टीके जो मल्टीपल वेरिएंट्स में भी सुरक्षा दे पाएं। हो सकता है कि अगले साल तक ऐसे टीके आ जाएं जो बिल्कुल नए प्रकार का होगा।

***सवाल:*** *तीसरी लहर को लेकर लोगों में आशंका बनी हुई है। आप क्या कहेंगे?*

**जवाब:** अगर हम तेज गति से टीकाकरण करते रहें और नियमों का पालन करते रहें तो हम तीसरी लहर को या तो आने नहीं देंगे और अगर आए भी तो इतने ज्यादा मामले नहीं होंगे जितनी पहली और दूसरी लहर में आए थे। हमें यह देखना है कि वायरस के स्वरूप में किस प्रकार का परिवर्तन होता है। इसके लिए थोड़ा सा सतर्क रहें। लेकिन अभी तक जो आंकड़े उपलबध हैं उनसे लगता नहीं है कि संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़गी या मृत्यु दर बढ़ेगी।

***सवाल:*** *अगर तीसरी लहर आती है, तो क्या हम इसके लिए तैयार हैं कि लोगों को दूसरी लहर के दौरान जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा था वह फिर से न करना पड़े?*

**जवाब:** इस दफा हमने पूरी तैयारी की हुई है। ऑक्सीजन संयंत्र लगे हैं व ऑक्सीजन भंडारण टैंक भी बने हैं ताकि ऑक्सीजन की कमी न हो। चिकित्सकों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। बच्चों में मामले बढ़ते हैं तो इसका भी प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही दवाइयों की कमी न हो, इसका भी ध्यान रखा गया है। तैयारी तो पूरी की गई ताकि कोई बड़ी लहर आए तो इस दफा हम बिल्कुल तैयार रहें। लेकिन साथ ही हमें पूरा प्रयास करना चाहिए कि लहर को आने ही न दें।

# नोएडा प्राधिकरण में दलालों पर नजर रखेगी तीसरी आंख

## शिकायत मिली तो ओएसडी होंगे जिम्मेदार : सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी अपने शहर की हर एक छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए हमेशा सतर्क रहती हैं। नोएडा का अगर कोई भी व्यक्ति प्राधिकरण में समस्या लेकर आता है तो उसकी समस्या का निस्तारण अवश्य करने की कोशिश की जाती है लेकिन प्राधिकरण में बैठे कुछ अधिकारी और कर्मचारी लोगों की समस्या का समाधान करने के एवज में दलालगिरी करते हैं। अब इसको रोकने के लिए सीईओ ऋतु महेश्वरी ने खास कदम उठाया है।

नोएडा सेक्टर-6 में स्थित प्राधिकरण के दफ्तर में हर एक कोने पर कैमरों से निगाह रखी जाएगी। सीईओ ऋतु महेश्वरी की इस पहल से दलालों और विभाग में कार्यरत बाबू पर नजर रखी जाएगी। इससे भ्रष्टाचार में भी अंकुश लगाया जाएगा। प्राधिकरण में 50 स्थानों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। अभी तक 20 स्थानों पर कैमरे लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी 30 स्थानों पर जल्द ही कैमरे लगा दिए जाएंगे। यह कैमरे खासकर विशेष स्थानों पर लगाए गए हैं। जहां पर भूमि, आवास योजना, औद्योगिक वित्तीय भूलेख नियोजन सामान्य प्रशासन आदि के कार्यालय हैं। वहां पर ज्यादा ध्यान रखा गया है।

इसके अलावा निकास और प्रवेश पर पर सख्ती बरती गई है। सीसीटीवी कैमरे लगने का पता चलते ही नोएडा प्राधिकरण के बाबुओं ने अपने पास अनावश्यक रूप से खड़े होने वाले लोगों को जल्द हटाना शुरू कर दिया है। व्यवस्था के तहत बाबुओं के पास जाने पर भी पूरी तरह से रोक है। नोएडा प्राधिकरण आने वाले लोग संबंधित विभाग के ओएसडी से ही मिल सकते हैं। वहीं विभाग में प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड और पुलिसकर्मी भी बैठे हुए हैं। ये सिर्फ पास वाले लोगों को ही प्रवेश देते हैं।

ऋतु महेश्वरी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में कैमरे से निगरानी शुरू कर दी गई है। जल्द ही और कैमरे लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं। खासतौर से दलालों पर नजर रखी जाएगी।

इससे बाबुओं की कार्यप्रणाली में भी और सुधार आएगा। नियोजन विभाग में एक शख्स के पकड़े जाने पर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में प्रवेश पर सख्ती बरती जा रही है। सीईओ ने सभी ओएसडी को निर्देश दिए हैं वह अपने से संबंधित विभागों में दलालों पर पूरी तरह से सख्ती बरतें। अगर निरीक्षण के दौरान या किसी के माध्यम से शिकायत आती है तो ओएसडी जिम्मेदार होंगे और उनसे जवाब मांगा जाएगा।

### गोल्ड मेडल विजेता निखिल तोमर का सम्मान

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-1 में रविवार को नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले निखिल तोमर का सम्मान किया गया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारी और सेक्टर के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। सभी ने निखिल का हौसला बढ़ाया और भविष्य में भी ऐसे शानदार खेल दिखाने के लिए प्रेरित किया। निखिल तोमर ने इसी महीने 20 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। वह सेक्टर डेल्टा-1 के रहने वाले हैं और रियान इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा में 11वीं के छात्र हैं। निखिल की जीत पर पूरे सेक्टर के लोगों में खुशी जताई है।

**सरफाबाद के पहलवान ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक**

नोएडा। सेक्टर 73 सरफाबाद महर्षि दयानंद अखाड़े के विकल पहलवान ने मुजफ्फरनगर में आयोजित दंगल में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। विकल पहलवान ने 68 किलोग्राम में गोल्ड मेडल हासिल किया है। पहलवान को मिली इस जीत के बाद गांव के लोगों में काफी खुशी है।

# महीनों से रजिस्ट्री के लिए भटक रहे सोसाइटी के सैकड़ों निवासी

● बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन कर जताया रोष

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्लैट रजिस्ट्री की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन लोग प्राधिकरण और बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं लेकिन शर्म की बात यह है कि प्रदर्शन करने के बावजूद भी निवासी परेशान हैं। उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो रही है।

रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित पंचशील ग्रीनवन हाउसिंग सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया है। सोसाइटी के निवासी हरप्रीत सिंह ने बताया कि वह काफी सालों से अपने परिवार के साथ पंचशील ग्रीन.वन हाउसिंग सोसायटी के पिनेकल टावर 2 में रहते हैं। उन्होंने फ्लैट का सारा पैसा बिल्डर को जमा कर दिया है। उसके बावजूद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है। हरप्रीत सिंह ने बताया कि 2 टावर में 240 परिवार रहते हैं।

पिछले करीब 3 महीनों से वो लगातार बिल्डर से फ्लैट रजिस्ट्री की मांग कर रहे हैं लेकिन बिल्डर सुनने को तैयार नहीं है। काफी बार सोसाइटी के लोग प्राधिकरण पहुंचे और रजिस्ट्री को लेकर शिकायत की है लेकिन प्राधिकरण की तरफ से भी कोई मदद नहीं मिल पा रही है।

### केंद्रीय मंत्री ने सुनी मोदी के मन की बात

गाजियाबाद। केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने रविवार को पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रशांत चौधरी के राजनगर स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 82वें मन की बात सुन। मन की बात को सुनने के लिए सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह राजनगर के बूथ संख्या 345 पर बतौर पन्ना प्रमुख पहुंचे। मन की बात सुनने के बाद वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने देश में वैक्सीनेशन की रिकॉर्ड रफ्तार और 100 करोड़ टीके लगने का जिक्र किया। साथ ही दीपावली समेत अन्य त्योहारों के दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। ताकि कोरोना को फैलने से रोका जा सके।

# पीएम ने की गाजियाबाद में तालाब के कार्यों की प्रशंसा

● निगम के सहयोगी पौंड मैन रामवीर तंवर के काम को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तालाबों के संरक्षण के लिए कराए गए कार्यों के लिए प्रशंसा की। खासतौर पर निगम के साथ जुड़कर तालाबों के संरक्षण के लिए काम करने वाले रामवीर तंवर का नाम लेकर प्रशंसा भी की। मेयर व नगर आयुक्त ने तंवर को बधाई दी।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि नगर निगम ने शहर वासियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, तालाबों को पुनर्जीवित किया। जिससे शहर में जलस्तर में भी काफी वृद्धि आई है कई करोड़ लीटर पानी एक साथ तालाब में मानसून के दौरान एकत्र हुआ। जिसका गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों को काफी फायदा मिला। मेयर आशा शर्मा व पार्षद गण, गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी तथा क्षेत्रीय निवासियों के सहयोग से तालाबों की सफाई की गई तथा कई तालाबों को भूमाफिया से कब्जा मुक्त कराया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने सुनी मोदी के मन की बात

गाजियाबाद। केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने रविवार को पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रशांत चौधरी के राजनगर स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 82वें मन की बात सुन। मन की बात को सुनने के लिए सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह राजनगर के बूथ संख्या 345 पर बतौर पन्ना प्रमुख पहुंचे। मन की बात सुनने के बाद वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने देश में वैक्सीनेशन की रिकॉर्ड रफ्तार और 100 करोड़ टीके लगने का जिक्र किया। साथ ही दीपावली समेत अन्य त्योहारों के दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की।


गाजियाबाद के एक तालाब के पानी में खड़े होकर अपने साथियों के साथ विजय चिन्ह दिखाते हुए रामवीर तंवर।

### अदम्य साहस का परिचय देने वाले 20 जवान वीरता पदक से सम्मानित

नोएडा। पिछले साल मई-जून में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ हुई हिंसक झड़प और दोनों देशों के बीच जारी सैन्य गतिरोध के दौरान असाधारण वीरता तथा अदम्य साहस का परिचय देने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 20 जवानों को पुलिस वीरता पदकों से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने रविवार को आईटीबीपी के 60वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर इन जवानों के सीने पर पदक लगाकर और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इन पुलिस पदकों की घोषणा इस साल 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। आईटीबीपी के जवान 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा के अपने प्राथमिक उद्देश्य के तहत सेना के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तैनात हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता ने बताया कि महानिदेश पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले 20 में से आठ जवानों को पिछले साल 15 जून को गलवान नाला में मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके वीरतापूर्ण कार्य,

# सिख समाज को दी दशमेश वाटिका की सौगात

## समाज के लोगों ने जताया गाजियाबाद नगर निगम का आभार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पिछले करीब 20 वर्षों से चल रहे संघर्ष का फल शनिवार शाम को साहिबाबाद के सिख समाज को मिल गया। नगर निगम ने रविवार को इंदिरा प्रदर्शनी पार्क के सामने दशमेश पिता के नाम से बनी दशमेश वाटिका को सिख समाज को सौंप दिया। अब समस्त सिख समाज इस वाटिका का न केवल रखरखाव करेगा बल्कि उसका सौन्दर्यकरण भी कराएगा।

इस अवसर पर सिख समाज ने शुकराने के रूप में भंडारा भी लगाया। जिसका शुभारंभ महापौर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने संयुक्त रूप से किया। यह वाटिका गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया एवं साहिबाबाद -गाजियाबाद गुरुद्वारे के सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटीओं के संघर्ष व सहयोग के कारण सिख समाज को मिल सकी। इसके लिए महापौर ने सिख समाज को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जिन भी सम्मानित लोगों ने अपने-अपने रूप से वाटिका को बनाने में अपना सहयोग दिया है उनको एक टीम के रूप में साथ लेकर दशमेश वाटिका को इस आशा और उम्मीद के साथ नगर निगम के द्वारा सौंपा गया है कि पूरा समाज मिलकर एक टीम बनाकर इसको एक सुंदर रूप दिया जाएगा जो बाहर से भी लोग आकर इसको देखें। गुरुद्वारा सिंह सभा बजरिया के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया कि इसके लिए 31 लोगों की टीम बनाई गई है। जिसमें सभी गुरुद्वारों के प्रधान व अन्य प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं।

इस अवसर पर पार्षद सुनील यादव, रविंदर सिंह जोली, लवली कौर समेत सिख समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


रविवार को प्रियदर्शनी पार्क में हुए कार्यक्रम के दौरान महापौर व नगर आयुक्त को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते सिख समाज के लोग।

# व्यापारी की गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर ले गए नकदी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो वेस्ट में अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गाड़ी का शीशा तोड़कर चोरी, लूटपाट यहां आम बातें हो गई हैं। बीती रात को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी विवेक रमन की गाड़ी का शीशा तोड़कर बदमाश बैग उड़ाकर ले गए।

व्यापारी विवेक रमन पिछले 7 सालों से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहते हैं। विवेक रमन गौर सिटी के 4.एवेन्यू में अपने परिवार के साथ रहते हैं। विवेक रमन ने बताया कि बीती रात को वह अपने परिवार के साथ 11.एवेन्यू में अपने दोस्त से मिलने गए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी सोसाइटी के बाहर मुख्य गेट से 20 मीटर की दूरी पर खड़ी की थी। विवेक रमन ने बताया कि जब वह अपने दोस्त से मिलकर वापस गाड़ी के पास आए तो उनकी गाड़ी के पिछले हिस्से के सीधी तरफ का शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी में एक बैग रखा हुआ था। जिसमें कुछ कपड़े और 20 हजार रुपए नगद रखे हुए थे।

### बिल्डर ने किया मेंटेनेंस जारी रखने का वादा

नोएडा। पंचशील ग्रीन्स वन के निवासियों की समस्या का संज्ञान लेते एसएचओ बिसरख ने बिल्डर के जीएम से बात की। उन्होंने निवासियों को आश्वस्त किया है कि 25 अक्टूबर के बाद भी मेंटेनेंस सेवाएं जारी रहेंगी। इन्हें बंद नहीं किया जाएगा। निवासियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। पंचशील ग्रीन्स 1 एओए के पदाधिकारियों ने रविवार को चेरी काउंटी के चौकी प्रभारी शिवकुमार से भेंट की। एसएचओ के आदेश पर उन्होंने पंचशील बिल्डर के जीएम से बात की और मेंटेनेंस सर्विस बंद नहीं करने के लिए कहा।

# सोसायटी मेंटेनेंस की जिम्मेदारी एओए को सौंपें

## गौर सिटी के निवासियों ने पीएम, सीएम और डीएम को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गौर सिटी 5जी एवेन्यू अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई को एक खत लिखकर बड़ी मांग की है। एसोसिएशन ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि हजारों निवासियों को प्रमोटर से बचाया जाए।

गौर सिटी फि फ्थ एवेन्यू के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी एओए को सौंपी जाए। बिल्डर इसे अच्छी तरह निभाने में असफल रहा है। विरोध करने पर अक्सर तकरार की स्थिति पैदा हो जाती है। गौर सिटी 5जी एवेन्यू के महासचिव संजय राजपूत ने बताया कि, गौर संस हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पजेशन देने के 6 साल बाद भी प्रोजेक्ट वर्क पूरा नहीं करा रहे हैं। न ही 2 वर्ष 10 माह से रजिस्टर्ड एओए को सोसाइटी के मेंटेनेंस का नियमानुसार ट्रांसफर कर रहे हैं। साथ ही एओए पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह किसी भी तरह के ऑडिट की मांग ना करे।

महासचिव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रमोटर अपनी ही एक मेंटेनेंस कंपनी आईपी स्टेट प्राइवेट लिमिटेड से यहां का मेंटेनेंस और सुरक्षा व्यवस्था कराती है। लेकिन यह बेहद निम्न स्तर का है। प्रमोटर अपनी मेंटेनेंस कंपनी के जरिए समय-समय पर एकतरफा निर्णय से शुल्क बढ़ाकर निवासियों को प्रताड़ित कर रहा है। बिजली बिल की आड़ में अवैध वसूली की जा रही है। शिकायत पर मेंटेनेंस एजेंसी मीटर खराब बताकर 7500 रुपए की अवैध मांग कर निवासियों का उत्पीड़न कर रही है।

# महर्षि बाल्मीकि सामाजिक समरसता के बड़े हस्ताक्षर : दिनेश

## हिंडन विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में महर्षि बाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विश्व के सबसे बड़े पवित्र ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि सामाजिक समरसता के सबसे बड़े हस्ताक्षर थे,उनके आश्रम में ही माता सीता ने लव कुश को जन्म दिया और उनकी शिक्षा भी वहीं पर संपन्न हुई। महर्षि के जीवन दर्शन से ही देश में जात पात का भेदभाव समाप्त किया जा सकता है। यह विचार विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक दिनेश ने व्यक्त किए।

वह हिंडन विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद की गाजियाबाद महानगर इकाई के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन दर्शन आज के परिवेश में पूरे तरह से प्रासंगिक हो सकता है और हम उन्हीं के जीवन दर्शन से से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और जात पात के भेद को खत्म करना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आलोक गर्ग ने कहा कि हिंदुत्व की विचारधारा और दर्शन आज के परिवेश में पूरी तरह से प्रासंगिक है यही कारण है कि आज विश्व के 180 देशों में हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार चल रहा है।

इस अवसर पर महंत गिरिश आनंद और महंत महेंद्र पुरी भी मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने भी हिंदुत्व की विचारधारा को पूरे विश्व में फैलाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज हिंदुत्व की विचारधारा से ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रेरित होकर जातपात के भेद को मिटा सकते हैं और सभी जातियों में समरसता का माहौल बना सकते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदू विचारक महेश वशिष्ट ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि के जीवन और संघर्ष


जीटी रोड हिंडन विहार स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव दिवस के मौके पर मंचासिन विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

# करोड़ों की चोरी करने वाले गैंग का सरगना चढ़ा पुलिस के हत्थे

● कई राज्यों में कर चुका है वारदात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर पुलिस ने करोड़ों की चोरी करने वाले चोर इरफान उर्फ उजाले को गिरफ्तार किया। यह गिरोह का सरगना है। इरफान के पास से भारी मात्रा में सोने और डायमंड की ज्वेलरी बरामद हुई है। पुलिस ने पूर्व में इरफान के 11 साथियों को पकड़कर जेल भेजा दिया है।

इरफान उर्फ उजाला मूल रूप से बिहार का रहने है। इरफान पत्नी को चुनाव लड़वाने के लिए हाईप्रोफाइल लोगों के घरों में अकेले ही प्रवेश करके चोरी करता था। इरफान ने दिल्ली, पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटका, केरल, तेलंगाना, बिहार, गोवा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस अधीक्षक नगर (प्रथम )निपुण अग्रवाल ने बताया कि कविनगर क्षेत्र में तीन अक्टूबर की रात को एक कारोबारी के यहां सवा करोड़ की चोरी हुई थी। जिसका खुलासा आज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इरफान के कई गर्ल फ्रेंड है। वह लक्जरी गाड़ियों में गर्ल फ्रेंड के साथ घूमने का शौकीन है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आज खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जो थोड़ी परेशानी दे सकती है। विदेश जाने की संभावना भी बन सकती है। विरोधियों पर ध्यान देने की जरूरत होगी। शारीरिक थकान महसूस हो सकती है। जीवन साथी से दिल की बातें करेंगे। प्रेम जीवन बिता रहे लोग खुश नजर आएंगे। मन में धार्मिक विचार भी बहुतायत से आएंगे। मंदिर जाने का मन करेगा। परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भाग्यांक: 2

विशेष: शिवलिंग पर चावल अर्पित करें।

### वृष

कन्फ्यूजन की स्थिति से निपटने की कोशिश में सफल हो सकते हैं, ज्यादातर समस्याएं सुलझ सकती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कोई अच्छी खबर मिल सकती है। नौकरी में अधिकारी आपसे खुश हो सकते हैं। नई जिम्मेदारी भी मिलने की भी संभावना है। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। गृह कार्य की दिशा में सफलता मिलेगी। धन को कहीं सही से निवेश करें।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

भाग्यांक: 4

विशेष: मांस मदिरा का त्याग कर दे।

### मिथुन

मन प्रसन्न रहेगा। निजी कार्य में भागदौड़ अधिक रहेगी। आलस्य को आप पर हावी न होने दें। परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग और स्नेह मिलेगा। जीवनशैली में कुछ बदलाव लाएंगे। आर्थिक रूप से यह एक अच्छी अवधि है। निवेश के रूप में संपत्ति के मामले फायदेमंद होंगे। दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य सुख में बाधा रहेगी। बिजनेस के लिहाज से दिन अच्छा है।

(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

भाग्यांक: 8

विशेष: भगवान शिव को मिश्री का भोग लगाएं।

### कर्क

भाग्य साथ देगा। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है। कोई सौदा अटका है, तो पूरा हो सकता है। व्यापार में दिन अच्छा रहेगा। सुदूर क्षेत्रों से जुड़ने का मौका मिल सकता है। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन में खुश रहेंगे। प्रेम जीवन बिता रहे लोग उदास हो सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी और ऑवर कॉन्फिडेंट होने से बचें। निजी जीवन को लेकर स्थितियां सामान्य रहेंगी।

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्यांक: 3

विशेष: चांदी का कड़ा धारण करें।

### सिंह

आज भरोसेमंद लोगों से समय पर सही सलाह और मदद मिल सकती है। प्रतिभा दिखाने में सफल हो सकते हैं। पढ़ने में रुचि होगी। नौकरी के काम से यात्रा हो सकती है। संयम रखेंगे और खुद के लिए कुछ अच्छा काम भी होगा। सोचे हुए काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। कर्ज से मुक्ति पाने में सफल हो जाएंगे। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत ठीक रहेगी। कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

भाग्यांक: 1

विशेष: अस्पताल में रोगियों की मदद करें।

### कन्या

नौकरी में कुछ अच्छा होने के इशारे मिल सकते हैं। किसी खास मामले को लेकर परिवार में बातचीत हो सकती है। अपना समय और ऊर्जा दूसरों की मदद करने में लगाएं, कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग योजना से काफी प्रभावित होंगे। प्रमोशन या नई नौकरी जल्दी ही मिल सकती है। कोई नया काम भी शुरू हो सकता है।

(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

भाग्यांक: 8

विशेष: भगवान शिव की आराधना करें।

### तुला

आज मानसिक रूप से बहुत भावुक महसूस करेंगे। रिश्तों को संभालने की कोशिश करते नजर आएंगे। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर संतुष्ट नजर आएंगे। जीवन साथी के साथ प्रॉपर्टी को खरीदने का सौदा कर सकते हैं। प्रेम जीवन बिता रहे लोग शांत रहेंगे और उन्हें अपने प्रेम जीवन से पूर्ण संतुष्टि महसूस होगी। सेहत अच्छी रहेगी। काम के सिलसिले में दिन आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

भाग्यांक: 2

विशेष: ऊँ नमः शिवाय का जाप करें।

### वृश्चिक

मेहनत कम करेंगे और फायदा ज्यादा हो सकता है। किसी के साथ बहुत खास बातचीत हो सकती है, साथ काम करने वाला कोई व्यक्ति, करियर से जुड़े मामले में बहुत मदद कर सकता है। कार्यक्षेत्र के बड़े काम संयम से करें। दूसरे लोग फेवर में हो सकते हैं। कार्यस्थल पर स्थितियां अच्छी हो सकती है। व्यापार में चल रही परेशानियों का अंत होगा। किसी से प्रेम करते हैं तो दिन थोड़ा सा तनावपूर्ण रहेगा। काम में पूरा मन लगाने की कोशिश करेंगे।

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

भाग्यांक: 4

विशेष: गोमाता की सेवा करें।

### धनु

आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। पार्टनर बात समझने की कोशिश करेंगे। पदाधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावनाएं बन सकती हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं। दुश्मनों पर जीत मिल सकती है। ऑफिस में मेहनत ज्यादा हो सकती है। नौकरी में प्रोग्रेस होगी। आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आज कार्य मन लगाकर करेंगे। अपने आप पर भरोसा रखें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग व समर्थन मिलेगा।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

भाग्यांक: 1

विशेष: शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

### मकर

सेहत में सुधार देखने को मिलेगा। कर्ज चुकाने के लिए अच्छा मौका है। दोस्तों से संबंध बढ़िया होंगे। आर्थिक मदद भी करेंगे। बाहर घूमने की प्लानिंग हो सकती है। अचानक कोई बड़ा खर्च करेंगे। नौकरी को लेकर काफी सजगता दिखाएंगे। व्यापार करते हैं, तो दिन बहुत अच्छा रहेगा। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन खुबसूरत रहेगा। प्रेम जीवन बिता रहे लोग प्यार में निरंकुशता का भाव महसूस करेंगे। खर्चों पर हल्का हाथ रखें।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्यांक: 1

विशेष: कच्चे चावल जल में प्रवाहित कर दें।

### कुंभ

बिजनेस करने वाले लोग कामकाज से संतुष्ट हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों से भी बातचीत होने की संभावना है। दुश्मनों पर जीत मिलेगी। संबंधों का फायदा मिल सकता है। संतान से सुख मिलेगा। कारोबार में सफलता के योग हैं। अधिकारी कामों की तारीफ कर सकते हैं। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य रहेगा। अंदर झांकने की कोशिश करेंगे और खुद को समय देंगे। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

भाग्यांक: 7

विशेष: चांदी के सर्प का जोड़ा शिवलिंग पर अंकित करें।

### मीन

आज मानसिक शांति रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिल सकती है। सोचे हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। अपने विचारों और कार्यों को फिर से व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। अनुशासित और व्यवस्थित होने की आवश्यकता है। जीवनसाथी मूड को परखने में असफल हो सकते हैं। भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होगी। कामकाज में सुधार करने का दिन है।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

भाग्यांक: 5

विशेष: माता-पिता का आशीर्वाद लें।



# फैशनेबल ढंग से करें संवाद

**डॉ. सुनीता गुप्ता कोंवर कहती हैं कि विक्रेता ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए सर्च एडवरटाइजिंग, ईमेल मार्केटिंग और सर्च इंजन मार्केटिंग जैसे डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।**

फैशन मार्केटिंग वो जगह है जहां फैशन और व्यवसाय ब्रांड के मूल दर्शन और उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने, लक्षित दर्शकों से जुड़ने, बिक्री और राजस्व बढ़ाने के कोशिश में सक्रिय रहते हैं। फैशन उद्यमियों को विपणन संचार प्रवृत्तियों के बारे में पूर्णतया अवगत होना चाहिए और अपने ब्रांड को शीर्ष विकल्प के रूप में ग्राहकों के लिए स्थापित करना चाहिए। अन्य क्षेत्रों के विपरीत, फैशन संचार अभियान अपने लक्ष्यों व उद्देश्यों को उनकी शुरुआत के बाद कम समय में हासिल करने में सक्षम होना चाहिए। इस कारण, शार्ट सर्किल फैशन मार्केटिंग अभियानों की मुख्य विशेषता है।

फैशन उद्योग अत्यधिक गतिशील है, जिसमें रुझान तेजी से विकसित हो रहे हैं। कई नए ब्रांडों के प्रवेश से प्रतिस्पर्धा भी कड़ी है। फैशन उद्योग को पुन: परिभाषित करने वाले कुछ विपणन संचार रुझान यहां दिए जा रहे हैं।

डिजिटल बदलाव की तीव्रता ने फैशन संचार परिदृश्य को पुन: परिभाषित किया है। ब्रांड जागरूकता और स्मृति में बने रहने के लिए मार्केटिंग पेशेवर तेजी से डिजिटल टूल जैसे सर्च विज्ञापन, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग आदि का लाभ उठा रहे हैं। फिर भी, किसी अन्य चैनल पर मोबाइल उपकरणों से बढ़ते ट्रैफिक के कारण मोबाइल-अनुकूल वेबसाइट, विज्ञापन और लैंडिंग पेज फैशन उद्योग के शीर्ष रुझानों में से एक बन गए हैं।

मोबाइल मार्केटिंग ग्राहकों को चलते-फिरते वैयक्तिक, स्थान और समय के प्रति संवेदनशील जानकारी प्रदान करती है। फिर भी, डिजिटल मंच का उदय किसी भी तरह से पारंपरिक मार्केटिंग के लिए मौत की घंटी नहीं है। जहां डिजिटल मंच जुड़ाव और पहुंच को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, वहीं पारंपरिक मीडिया जागरूकता और याद्दाश्त का निर्माण करता है। दोनों माध्यम एक साथ फलेंगे-फूलेंगे क्योंकि फैशन ब्रांड मूर्त परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी संचार रणनीतियों को बढ़ाते हैं।

कोविड-19 ने डिजिटलीकरण को उत्प्रेरित किया है, जिससे फैशन शो के डिजिटल होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। डिजाइनर नए कलेक्शन को प्रदर्शित करने के लिए कंप्यूटर एडेड मॉडल का उपयोग करने के लिए तकनीकी कंपनियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इन आयोजनों की मुख्य विशेषता संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग करना है ताकि क्यूरेटेड अनुभव प्रदान किए जा सकें। उदाहरण के लिए, द फैब्रिक ऑफ रियलिटी ने प्रदर्शनी हॉल की ओर एक फ्यूचरिस्टिक संग्रहालय में नीचे जाने वाले मेहमानों को बैंगनी कालीन का तजुर्बा कराया।

> ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

फैशन, संगीत और ग्राफिक्स के मिश्रण समेत, शो का हॉलमार्क 360-डिग्री का जबरदस्त अनुभव था। इसने एनिमेटेड वीडियो बनाने के लिए डिजिटल विशेषज्ञों और डिजाइनरों के बीच सहयोग की शक्ति का भी लाभ उठाया। दक्षता बढ़ाने, सस्ती लागत सुनिश्चित करने और फैशन संचार अभियानों पर निवेश करने पर लाभ (आरओआई) को अधिकतम करने के लिए प्रौद्योगिकी भी रामबाण के रूप में उभरी है। एआई जैसी प्रौद्योगिकियां विपणक को अपने लक्षित दर्शकों के व्यवहार और खरीद पैटर्न की समझ हासिल करने , उन्हें विभाजित करने और तदनुसार अपनी रणनीति बनाने में में मदद करती हैं।

सामाजिक खरीदारी अपेक्षाकृत नए फैशन मार्केटिंग रुझानों में से एक है। फैशन ब्रांड अपने सोशल मीडिया हैंडल को अपनी वेबसाइटों से जोड़ रहे हैं ताकि दर्शक एक क्लिक पर कभी भी और कहीं भी खरीदारी कर सकें।

फैशन ब्लॉगर/ व्लॉगर्स नए बाजारों तक पहुँचने, अग्रणी पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यवसायों के लिए बिक्री बढ़ाने में मदद करते हैं।

लाइव स्ट्रीमिंग एक और निरंतर विकासशील तरीका है। लाइव स्ट्रीमिंग वीडियो फैशन ब्रांडों को उसी समय में अपने उपकरणों से घटनाओं को देखने में नेटिजन्स को सक्षम बनाकर अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद करते हैं। फैशन संचार रणनीति को तीसरे पक्ष के खिलाड़ियों पर निर्भर होने के बजाय अपने आधिकारिक लाइवस्ट्रीम चैनल स्थापित करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए, यूट्यूब के अलावा, इंस्टाग्राम लाइव, फेसबुक लाइव, वीमियो लाइवस्ट्रीम, स्ट्रीमशार्क और यूस्ट्रीम शानदार लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हैं।

ई-कॉमर्स की पैठ, उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रसार और सोशल मीडिया की बढ़ती खपत ने विपणक को मौजूदा प्लेटफार्मों को अधिक प्रभावी ढंग से मुद्रीकृत करने और उनसे अपने आरओआई को अधिकतम करने के लिए अपनी मार्केटिंग संचार रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है। फिर भी, सशक्त कहानी कहने और भावनाओं के साथ शानदार सामग्री सफल मार्केटिंग अभियानों का प्रमुख घटक बनी रहेगी।

# डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करें इंजीनियरों को

**नारायण महादेवन का कहना है कि देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है।**

ऑक्सफोर्ड लैंग्वेज डिक्शनरी के अनुसार, इंजीनियर शब्द का अर्थ उस व्यक्ति से है जो इंजन, मशीनों या संरचनाओं का डिजाइन, निर्माण या रखरखाव करता है। इसी तरह, इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो इंजन, उपकरणों और सुविधाओं के डिजाइन, निर्माण और उपयोग से संबंधित है। इस शब्द की उत्पत्ति संरचनात्मक या भवन चमत्कारों से जुड़े लोगों के बारे में बताने, उन्हें परिभाषित करने के लिए हुई थी। हालांकि, समय के साथ, इंजीनियर की परिभाषा का विस्तार हुआ है। आज, हमारे पास इंजीनियरिंग के कई क्षेत्र हैं - सिविल से लेकर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सॉफ्टवेयर तक। हर क्षेत्र में तीव्र डिजिटलीकरण होने से, प्रत्येक इंजीनियरिंग क्षेत्र से भविष्य के इंजीनियरों को डिजिटल भूमिकाओं के लिए तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारत में, इंजीनियरिंग कोर्स सिद्धांतों, रटंत शिक्षण और उच्च अंक प्राप्त करने तक सीमित हैं, जिनमें से कोई भी नौकरी पाने में फायदेमंद नहीं है बल्कि उन्होंने इंजीनियरिंग स्नातकों की नौकरी की संभावनाओं को सीमित ही कर दिया है। पूरे भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है। कंपनियां आजकल ऐसे कर्मचारियों की तलाश करती हैं जो अपनी भूमिकाओं के साथ नवीन और प्रयोगधर्मी हों। व्यावहारिक ज्ञान की कमी के कारण, भारत में इंजीनियर उपलब्ध जॉब प्रोफाइल के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह उन कारणों में से एक है कि इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों को पैदा करने के बावजूद भारत ने तकनीकी नवाचार का नेतृत्व करने में पीछे है क्योंकि यहां प्रयोगात्मक होने को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, पाठ्यक्रम को बदलने के अलावा, भारतीय इंजीनियरों को भावी तकनीकों के लिए तैयार करने हेतु उन्हें कौशल प्रदान करना और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इंजीनियरिंग संस्थानों को अपने प्रशिक्षण- आधार को परियोजना-आधारित शिक्षा में स्थानांतरित करके समस्या-समाधान व महत्वपूर्ण चिंतन-कौशल को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। भविष्य के भारतीय इंजीनियरों को तकनीक-प्रेमी बनाने के लिए कुछ अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।

### बूट कैम्प

ज्यादातर इंजीनियर अपने कॉलेज के दौरान बूट कैंप के लिए जाते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण है जिनमें अक्सर इंजीनियरिंग स्नातकों को डिग्री के दौरान बूट कैंप और इंटर्नशिप में अधिक सीखने के अवसर मिलते हैं। यही कारण है कि कुछ कंपनियां ऐसे सीवी पसंद करती हैं जिनके पास बूट कैंप का अनुभव है क्योंकि इसका मतलब बेहतर कौशल है।



**नारायण महादेवन**
**फाउंडर, ब्रिजलैब्ज**

इसलिए, इंजीनियरों के लिए अधिक बूट कैम्प को प्रोत्साहित करना एक और विकल्प है।


### आईटी लैब

जब प्रतिभा के निर्माण और पोषण की बात आती है, तो यह केवल इंजीनियरिंग संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं होती है। कंपनियों को ऐसे अवसरों के साथ आगे आने की जरूरत है जहां छात्र शुरू से अंत तक अनुप्रयोगों के निर्माण की प्रक्रिया सीख सकें। यह उन्हें तकनीक-आधारित उत्पाद बनाने की यात्रा के अन्य हिस्सों के साथ-साथ एक विचार के साथ उभरने, इसे डिजाइन करने और परियोजना प्रबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराएगा। इसलिए, युवा इंजीनियरों को आईटी प्रयोगशालाओं में ले जाना उन्हें बेहतर कार्यबल बनाने का एक तरीका है।

कल के इंजीनियरों के लिए, समूची शिक्षा और प्रशिक्षण प्रक्रिया के भीतर से बदलाव आना होगा। संक्षेप में, जिस तरह से इंजीनियरिंग और इंजीनियर अन्य क्षेत्रों में शामिल हो गए हैं, इन क्षेत्रों के बेहतर भविष्य के लिए तकनीकी प्रगति को शामिल करना महत्वपूर्ण है। भारत ने गूगल और फेसबुक जैसे तकनीक दिग्गजों को सीईओ दिए हैं। अब समय आ गया है कि हम उस स्तर के इंजीनियरिंग उत्पाद बनाना शुरू करें जो दुनिया भर के बाजारों की जरूरतों को पूरा करते हों।

# डिजिटल रूप से समृद्ध होने का समय

**डिजिटल पाठ्यक्रम के उपयोग ने अगले कुछ वर्षों में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु ऋण और वाणिज्य जैसे विभिन्न वर्गों में आमूलचूल बदलाव की उम्मीदें बढ़ा दी हैं**



हमने हाल ही में भारत में इंटरनेट सेवाओं के शुभारंभ की 26वीं वर्षगांठ मनाई है। पिछले 26 वर्षों में, हमारे देश ने अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी आयामों को छुआ है। इंडियास्टैक उनमें से एक है, जो समग्र डिजिटल विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह देश को एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा प्रदान करने हेतु अनेक डिजिटल प्रौद्योगिकी परियोजनाओं का एक संयोजन है। आज भी इसने देश की कई जटिल समस्याओं का समाधान किया है। इंडियास्टैक का मंत्र है कागज रहित, गैर-उपस्थिति, गैर-मुद्रा सेवा और लेनदेन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना।

स्टैक सूचना प्रौद्योगिकी में एक आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जिसमें सॉफ्टवेयर, वेब ऐप या मोबाइल ऐप बनाने वाली संगत प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। स्टैक के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम, सर्वर, प्रोग्रामिंग भाषा, डेटाबेस और अन्य संबंधित तकनीकी पहलुओं का सुसंगत होना आवश्यक है। भारत सरकार ने इंडियास्टैक को पहचान, सत्यापन और भुगतान सहित विभिन्न सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करते हुए पूरे देश के लिए विकसित किया है। वर्तमान में उपलब्ध बुनियादी सेवाएं हैं आधार प्रमाणीकरण, आधार ई-केवाईसी, इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर, डिजिलॉकर, यूपीआई और डिजिटल सहमति (वर्तमान में विकास के अधीन)। इसकी सेवाओं ने हमारे देश को फिनटेक में अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। यह लॉन्च किया जाने वाला एकमात्र स्टैक है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है, और जिसमें शासन, प्रौद्योगिकी और नियामकों का उचित संयोजन है। साल 2009 में दो संस्थानों - भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)- की स्थापना के साथ फिनटेक अस्तित्व में आया। 2012 में, यूआईडीएआई ने ई-केवाईसी को सक्षम करके व्यवसायियों के लिए उपभोक्ता सत्यापन की सुविधा प्रदान की। 2015 में, सीसीआई ने आधार धारकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर की सुविधा के लिए एक ई-साइन एपीआई की शुरुआत की। एनपीसीआई द्वारा 2016 में डिजिटल सार्वजनिक भुगतान प्रणाली यूपीआई की शुरुआत एक क्रांतिकारी कदम साबित हुई। उसी वर्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक संगठन, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (छमळक) ने भी आम जनता को डिजिलॉकर सेवाएं प्रदान करके दस्तावेजों व प्रमाणपत्रों का डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित किया। इस विकास की मेहरबानी है कि अब भौतिक दस्तावेजों को ले जाना अनावश्यक हो गया है। ये सभी सेवाएं भारत सरकार की इंडियास्टैक योजना का हिस्सा हैं। इसमें शामिल सेवाओं के कारण योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा। किसान, वरिष्ठ नागरिक, या बीपीएल परिवार, सभी को 100 फीसदी भत्ता, पेंशन और अन्य लाभ सीधे उनके खातों में मिलते हैं। अब दूर-दराज के इलाकों के लोग यूपीआई एप की मदद से अपने मोबाइल फोन से वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं।

**- प्रभात सिन्हा, आईटी विशेषज्ञ और इनोवेट एंड सीज योर सक्सेस के अमेजॅन बेस्टसेलर लेखक हैं।**



# सभी के लिए शिक्षा

**आंचल जैन का कहना है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस युवाओं को मान्यता और समर्थन देने वाली नीतियों और प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता उन्हें शारीरिक व मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालती है, जिससे उनकी शिक्षा में उन्नति प्राप्त करने की क्षमता सीमित हो जाती है**

आज के समय में, स्कूल समानता को प्राथमिकता दे रहे हैं और एक ऐसा वातावरण प्रदान करने पर काम कर रहे हैं जहां सभी बच्चे सीख सकें, आगे बढ़ सकें और सफल हो सकें। यह सुनिश्चित करने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण या अभिन्न हो सकती है कि एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों को उनके लिए समर्थन और वकालत करके एक सुरक्षित वातावरण में बढ़ने और सीखने का समान अवसर मिले। शोध के आधार पर, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस के लगभग 96 प्रतिशत छात्रों का मानना है कि उनके शैक्षणिक संस्थान में कम से कम एक वयस्क समर्थन, समझ और आश्वासन देता है।

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस युवाओं को मान्यता व समर्थन देने वाली नीतियों व प्रथाओं की कमी और मौजूदा सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफलता का मतलब है कि इन छात्रों को अपने बड़े होने के सबसे प्रभावशाली वर्षों के दौरान बदमाशी, बहिष्करण और भेदभाव का लगातार सामना करना पड़ेगा। यह उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक जोखिम में डालता है जिससे उनकी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। इसलिए, समावेशी स्कूलों के महत्व के बारे में दिशानिर्देशों को उजागर करना महत्वपूर्ण है जो एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के अधिकारों का समर्थन करते हैं।

### समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना

इतिहास और घटनाओं में लेस्बियन, गे , उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, क्वीर / क्वेश्चनिंग, इंटरसेक्स, एजेंडर/ एरोमेंटिक / ́असेक्सुअल व्यक्तियों के प्रति पूर्वाग्रह को खत्म करने और सकारात्मक प्रतिनिधित्व करने वाले पाठ विकसित करके एक तरह से शिक्षक एक सकारात्मक क्लासरूम वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। यूनिसेक्स या लिंग-तटस्थ या जेंडर न्यूट्रल नामों की एक और विशेषता हो सकती है! कक्षा में क्वीर वैज्ञानिकों, ऐतिहासिक शख्सियतों या गणितज्ञों के बारे में बातचीत को सामान्य बनाएं। उस बातचीत को समावेशी पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र प्रतिकूल स्कूली अनुभवों से जोड़ सकते हैं और स्कूल समुदाय से संबंधित होने की अपनी भावना को मजबूत कर सकते हैं।

### भावनात्मक भलाई पर ध्यान दें

स्कूल सुरक्षात्मक कारकों को विकसित करने और समझने तथा एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों पर उनके प्रभाव संबंधी प्रयासों को अक्सर संस्थागत चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। स्कूल नेटवर्किंग, सहायक शिक्षकों, दबंग-रोधी रणनीतियों जैसे सुरक्षात्मक कारकों की भूमिका पर प्रारंभिक शोध ने एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के आशाजनक तरीके दिखाए हैं।

### सकारात्मक वातावरण विकसित करें

सहायक शिक्षक एलजीबीटीक्यूआईए प्लस बच्चों के लिए एक जीवन-रेखा हैं, और स्कूल अक्सर एकमात्र ऐसा स्थान होता है जहां वे ऐसे साथियों और वयस्कों से जुड़ सकते हैं जो अस्वीकृति को घटा सकते हैं और स्वीकृति प्रदान कर सकते हैं। जैसा कि जॉन डेवी ने बताया है, ''स्कूल हमारे समाज का प्रतिबिंब हैं'' यह महत्वपूर्ण है कि स्कूल एक सुरक्षित और सहायक शिक्षण का माहौल बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं। यह सरल तरीकों से किया जा सकता है जैसे गलियारों में ''सुरक्षित स्थान'' संकेत या इंद्रधनुष के झंडे लगाना। स्कूल स्कूल असेंबली में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बात कर सकते हैं, पुस्तकालय आदि में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस प्रतिनिधित्व के साथ किताबें प्रदर्शित कर सकते हैं। समय के साथ, ये छोटी चीजें दूसरों के दृष्टिकोण में बदलाव लाने में मदद करेंगी।



**Aachal Jain**
Pastoral Care Coordinator, Aditya Birla World Academy

### जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें

जब यौन रूझान और लिंग पहचान के बारे में छात्रों को पढ़ाने और एलजीबीटीक्यूआईए प्लस व्यक्तियों और परिवारों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात आती है, तो इसकी शुरूआत के लिए यौन शिक्षा एक सामान्य क्षेत्र है। फिलहाल, यौन शिक्षा कार्यक्रमों में शायद ही कभी, यौन रुझान और लिंग पहचान शामिल होते हैं, और जब वे ऐसा करते हैं, तो सामग्री अक्सर भ्रामक और बेहद नकारात्मक होती है। इसलिए, इस स्थान को एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समावेशी यौन शिक्षा को लागू करने के लिए समस्त हितधारकों की ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। इस पर काम करते समय हमें कानूनी पहलुओं पर भी गौर करने की आवश्यकता हो सकती है।

### छात्र सहायता समूहों को प्रोत्साहन दें

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों के लिए प्राइड क्लब और इसी तरह के अन्य छात्र समूह, विशेष रूप से मददगार वयस्कों के साथ छात्रों को जोड़ने का अत्यावश्यक मंच हैं। लगातार मिलते साक्ष्यों से पता चलता है कि कैंपस में गे-स्ट्रेट एलायंस (जीएसए) होने से छात्र के स्वास्थ्य, कल्याण और शैक्षणिक उपलब्धि पर एक लंबा और स्वस्थ प्रभाव पड़ता है। छात्र-नेतृत्व वाले जीएसए, एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्र-उत्पीड़न से निपटने में स्कूलों की सहायता कर सकते हैं, विविधता संबंधी संवाद को बढ़ावा दे सकते हैं और स्कूल में क्वीर और ट्रांस युवाओं के लिए एक संपन्न सुरक्षित स्थान-निर्माण को स्वीकृति दे सकते हैं।

### कर्मचारियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करें

स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके कर्मचारी एलजीबीटीक्यूआईए प्लस छात्रों को प्रभावित करने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए सांस्कृतिक कौशल प्रशिक्षण व सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे शिक्षण-अवसरों को लागू करने की क्षमता में प्रतिस्पर्धी और आश्वस्त हैं। स्कूलों को बदमाशी, भेदभाव और बहिष्करण से संबंधित अपनी उन नीतियों की भी जांच करनी चाहिए, जो कर्मचारियों के लिए सभी प्रकार के दुर्व्यवहार का जवाब देने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती हैं। स्कूलों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यावसायिक प्रशिक्षण में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस विविध और अतिव्यापी पहचान वाले छात्र शामिल हों, क्योंकि यह वास्तव में फर्क डालने में मदद कर सकता है!



# स्कॉटलैंड के खिलाफ टी–20 विश्वकप अभियान की शुरुआत करेगा अफगान

एजेंसी। शारजाह



**अफगानिस्तान** की क्रिकेट टीम रविवार को टी–20 विश्वकप में जब स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, तो उसे उम्मीद होगी कि वे स्वदेश में मुश्किल दौर से गुजर रहे लोगों को जश्न मनाने का मौका देगी। अगस्त में देश पर तालिबान के कब्जे के बाद से अफगानिस्तान के लोगों को मुश्किल दौर का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेश में हालात के कारण क्रिकेटरों को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला और टीम के चयन को लेकर भी विवाद हो गया जब स्टार स्पिनर राशिद खान ने टीम की घोषणा के तुरंत बाद कप्तानी छोड़ दी। अंतिम लम्हों में कुछ बदलाव किए गए और अनुभवी आलराउंडर मोहम्मद नबी को दोबारा टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गई।

टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले विवादों के बावजूद अफगानिस्तान ने दो अभ्यास मैचों में अपनी क्षमता का नजारा पेश किया। टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन उसने गत चैंपियन वेस्टइंडीज को हराया। अफगानिस्तान को सलामी बल्लेबाजों हजरतुल्लाह जजाई और मोहम्मद शहजाद से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी जबकि मध्यक्रम में तेजी से रन जुटाने की जिम्मेदारी नजीबुल्लाह जदरान और कप्तान नबी पर होगी। राशिद, नबी और मुजीब जदरान की स्पिन तिकड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को भी परेशान करने में सक्षम है और इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान शारजाह की धीमी और नीची रहती पिचों को देखते हुए उम्मीद है कि ये तीनों विश्वकप मुकाबले के लिए तैयार विकेट पर गेंदबाजी का लुत्फ उठाएंगे। दूसरी तरफ बांग्लादेश सहित पहले दौर के अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज करने के बाद स्कॉटलैंड की टीम आत्मविश्वास से भरी है। स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी क्षमता दिखाई और हार के कगार पर पहुंचने के बावजूद मजबूत विरोधी टीम को हराया। ब्रेडली व्हील और जोश डेवी की नई गेंद की जोड़ी ने प्रभावी प्रदर्शन किया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट बीच के ओवरों में प्रभावी रहे हैं। ओमान के खिलाफ जीत के बाद वॉट ने स्पष्ट कर दिया था कि स्कॉटलैंड की टीम सुपर 12 में कुछ उलटफेर करने के इरादे से उतरेगी।

### टीमें

**अफगानिस्तान:** राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजाई, उस्मान गनी, असगर अफगान, मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जदरान, हशमतुल्लाह शाहिदी, मोहम्मद शहजाद, मुजीब जदरान, करीम जनत, गुलबदीन नायब, नवीन–उल–हक, हामिद हसन और फरीद अहमद।

**स्कॉटलैंड:** काइल कोएत्जर (कप्तान), रिची बेरिंगटन, डायलन बज, मैथ्यू क्रॉस, जोश डेवी, एलेस्डेयर इवांस, क्रिस ग्रीव्स, माइकल लीस्क, कैलम मैकलियोड, जॉर्ज मुन्सी, साफयान शरीफ, हमजा ताहिर, क्रेग वॉलेस, मार्क वॉट और ब्रेडली व्हील।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 बजे से शुरू होगा।**

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

एजेंसी। शारजाह



**युवा** बल्लेबाज चरित असालांका के 49 गेंद में नाबाद 80 रन और भानुका राजपक्षा के आक्रामक अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने आईसीसी टी–20 विश्वकप सुपर 12 चरण ग्रुप एक के मैच में रविवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया। श्रीलंका का मध्यक्रम लड़खड़ा गया था, लेकिन समय पर वापसी करते हुए उसने 172 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। असालांका और राजपक्षा (31 गेंद में 53 रन) ने 8.4 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की।

इस मैच से पहले आठ वनडे और चार टी–20 खेल चुके असालांका ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। दसवें ओवर में आए 30 वर्ष के राजपक्षा ने 31 गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के जड़े। बांग्लादेश के लचर क्षेत्ररक्षण ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया। लिटन दास ने राजपक्षा और असालांका दोनों के कैच टपकाए। इससे पहले श्रीलंका की शुरुआत खराब रही थी और चौथी ही गेंद पर नासुम अहमद ने कुसल परेरा को पवेलियन भेजा। इसके बाद हालांकि असालांका ने महेदी हसन के साथ पारी को आगे बढाया।

शाकिब अल हसन ने पाथुम निसांका (24) और अविष्का फर्नांडो (0) को आउट करके श्रीलंकाई पारी को झटके दिए। श्रीलंका ने नौ रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद हालांकि असालांका और राजपक्षा ने पारी को संभाला। इससे पहले सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम और मुशफिकुर रहीम के अर्धशतकों की मदद से बांग्लादेश ने चार विकेट पर 171 रन बनाए।

बांग्लादेश का स्कोर आठवें ओवर में दो विकेट पर 56 रन था, जिसके बाद नईम और रहीम ने 8.3 ओवर में 73 रन की साझेदारी की। नईम ने 52 गेंद में छह चौकों की मदद से 62 रन बनाए जबकि रहीम 37 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों नईम और लिटन दास ने बड़े शॉट खेलने के लिए कुछ ओवरों तक इंतजार किया। दोनों की साझेदारी मजबूत होती दिख रही थी, लेकिन दास को छठे ओवर में लाहिरू कुमारा ने पवेलियन भेज दिया। फुल लैंग्थ गेंद को खेलने के प्रयास में दास ने दासुन शनाका को मिड आफ में कैच थमाया। इसके बाद गेंदबाज और बल्लेबाज में तीखी बहस हो गई और अंपायर को दखल देना पड़ा।

कुमारा आक्रामक अंदाज में दास की तरफ बढे। दोनों के बीच बहस हुई और सिर आपस में लगभग टकरा ही गए थे कि दोनों को अलग करना पड़ा। स्टार हरफनमौला शाकिब अल हसन ने सातवें ओवर में चरित असलांका को दो चौके लगाए, लेकिन अगले ओवर में चमिका करूणारत्ने की गेंद पर बोल्ड हो गए। पावरप्ले के आखिर में स्कोर एक विकेट पर 41 रन था और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 72 रन हो गया।

रहीम ने 11वें ओवर में वानिंदु हसरंगा को छक्का लगाया और 13वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो को छक्का जड़ा। नईम ने 14वें ओवर में 44 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। रहीम ने 15वें ओवर में हसरंगा को दो चौके लगाए। दोनों ने पांच ओवर में 46 रन जोड़े। बांग्लादेश ने आखिरी पांच ओवर में 53 रन बनाए। नईम 17वें ओवर में फर्नांडो को पूल शॉट खेलने के प्रयास में कैच दे बैठे।

### सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने शाकिब



**शारजाह।** बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर टी–20 विश्वकप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। शाकिब ने रविवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर 12 मैच में पथुम निसांका को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। शाकिब ने इस मैच से पहले 28 मैचों में 39 विकेट लिए थे। ओमान के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट लेने वाले शाकिब ने पहले निसांका को आउट करके अफरीदी को पीछे छोड़ा और फिर अविष्का फर्नांडो के रूप में अपना 41वां विकेट हासिल किया। अफरीदी ने 34 मैचों में 39 विकेट लिए थे। शाकिब टी–20 अंतरराष्ट्रीय में भी सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

# कोहली का अर्धशतक भारत ने पाक को दिया 152 रन का लक्ष्य

एजेंसी। दुबई



**कप्तान** विराट कोहली की सही समय पर फॉर्म में वापसी पर खेली गई अर्धशतकीय पारी से भारत ने शुरुआती झटकों के बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी–20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप दो मैच में रविवार को यहां सात विकेट पर 151 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। कोहली ने पहले ओवर में क्रीज पर कदम रख दिया था। उन्होंने 19वें ओवर में आउट होने से पहले 49 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है।

शाहीन शाह अफरीदी (31 रन देकर तीन) की शानदार गेंदबाजी के कारण भारत एक समय तीन विकेट पर 31 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। कोहली ने ऋषभ पंत (30 गेंदों पर 39 रन, दो चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की। भारत ने अब तक विश्व कप (वनडे और टी–20) में पाकिस्तान से प्रत्येक मैच जीता है। पिच की धीमी प्रकृति को देखते हुए पाकिस्तान के लिए 152 रन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। भारत के लिए शुरुआत किसी भी तरह से अनुकूल नहीं रही। कोहली ने टॉस गंवाया और भारत ने उसके बाद 13 गेंद और छह रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (शून्य) और केएल राहुल (तीन) के विकेट गंवा दिए। रोहित की बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के सामने कोण लेकर अंदर आती गेंद पर कमजोरी फिर खुलकर सामने आई। अफरीदी ने उन्हें पहले ओवर में पगबाधा आउट करने के बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर राहुल की गिल्लियां बिखेरी।

सूर्यकुमार यादव (आठ गेंदों पर 11) ने अफरीदी पर बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छक्का जड़कर आत्मविश्वास जगाया लेकिन हसन अली (44 रन देकर दो) की गेंद पर मोहम्मद रिजवान ने विकेट के पीछे शानदार कैच लेकर उनकी पारी लंबी नहीं खिंचने दी। पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन। कोहली का अफरीदी पर कॉउ कार्नर पर लगाया गया छक्का दर्शनीय था, लेकिन सूर्यकुमार के आउट होने के बाद उन्हें भी संभलकर खेलना पड़ा। पंत के शादाब खान पर शार्ट फाइन लेग पर लगाए गए चौके से भारत नौ ओवर में 50 रन के पार पहुंचा।

# मेलबर्न रेनेगेड्स की जीत में हरमनप्रीत चमकीं

एजेंसी। मेलबर्न

**भारत** की टी–20 कप्तान हरमनप्रीत कौर के हरफनमौला खेल से मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया। हरमनप्रीत ने अपने चार ओवरों में 17 रन देकर दो विकेट लेने के बाद नाबाद 35 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने जीत के लिए मिले 119 रन के लक्ष्य को 18 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच 32 साल की हरमनप्रीत ने 29 गेंदों की नाबाद पारी में एक चौका और दो छक्के जड़े।

सिडनी की टीम ओर से खेल रही भारत की युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के लिए हालांकि यह निराशाजनक दिन रहा। वह खाता खोले बगैर मेलबर्न की कप्तान सोफी



### डब्ल्यूबीबीएल में शेफाली के लिए निराशाजनक दिन

मोलिनेक्स की गेंद पर आउट हो गई। सिडनी सिक्सर्स में शेफाली की भारतीय टीम की साथी राधा यादव ने दो ओवर में 12 रन खर्च कर एक विकेट लिया, लेकिन यह मेलबर्न को रोकने के लिए काफी नहीं था। दिन के एक अन्य मैच में पूनम यादव ने दो ओवर में 19 रन लुटा दिए लेकिन उनकी टीम ब्रिसबेन हीट बारिश से प्रभावित मैच में एडिलेड स्ट्राइकर्स को पांच विकेट से हराने में सफल रही।

### खालिद किसी आईएसएल क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने

**गुवाहाटी।** खालिद जामिल को आगामी सत्र से पहले नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस तरह से वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इतिहास में किसी क्लब के पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। जामिल ने पिछले सत्र में गोंड नुस से जिम्मेदारी संभाली थी और उनके अंतरिम कोच रहते हुए नार्थईस्ट की टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी। इस बीच टीम लगातार नौ मैचों में अजेय रही थी। पूर्व मिडफील्डर 44 वर्षीय जामिल इससे पहले मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के भी कोच रह चुके हैं। उनकी अब तक की सबसे बड़ी सफलता आईजोल एफसी को 2017 में आई लीग का खिताब दिलवाना है। इससे पहले वह सात साल तक मुंबई एफसी के कोच रहे थे।

पुरुष मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप

# नए चेहरों वाली भारतीय टीम की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

एजेंसी। बेलग्रेड

**अधिकतर न**ए चेहरों के साथ उतर रही भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम को सोमवार से यहां शुरू हो रही एआईबीए विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष मुक्केबाजों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। टीम को हालांकि उम्मीद है कि वे पिछले टूर्नामेंट में जीते दो पदक की बराबरी या इससे बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। विश्व चैंपियनशिप 2019 में भारत की ओर से अब तक का एकमात्र रजत पदक जीतने वाले दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज अमित पंघाल और उसी साल कांस्य पदक जीतने वाले मनीष कौशिक ओलंपिक में खराब प्रदर्शन से उबर रहे हैं और टीम का हिस्सा नहीं हैं। एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक कुमार (51 किग्रा), शिप थापा



(63.5 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल हैं।

संजीत गत एशियाई चैंपियन हैं जबकि दीपक पूर्व रजत पदक विजेता हैं। शिव थापा इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में रिकॉर्ड पांच पदक जीत चुके हैं। इन सभी खिलाड़ियों में सिर्फ शिव को विश्व चैंपियनशिप में इससे पहले भी हिस्सा लेने का अनुभव है। उन्होंने 2015 में कांस्य पदक जीता था। टीम में शामिल बाकी 10 खिलाड़ी हाल में राष्ट्रीय चैंपियन बने हैं और अपनी छाप छोड़ने को बेताब हैं। मुक्केबाजों के साथ गया सहयोगी स्टाफ भी नया है। सहयोगी स्टाफ की अगुआई हाई परफोर्मेंस निदेशक सेंटियागो नीवा कर रहे हैं, जबकि उनके साथ नवनियुक्त मुख्य कोच नरेंदर राणा और अन्य सहायक कोच शामिल हैं। सहायक कोच में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता एल देवेंद्रो सिंह भी हैं। नीवा का भारतीय टीम के साथ यह आखिरी टूर्नामेंट होगा क्योंकि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने टोक्यो ओलंपिक के बाद लंबा अनुबंध नहीं देने का फैसला किया है। टोक्यो ओलंपिक में कोई भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सका था। चैंपियनशिप के लिए तैयारी आदर्श नहीं रही है क्योंकि राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद मुक्केबाजों को शिविर में सिर्फ 10 दिन अभ्यास का मौका मिला है।

# बीसीसीआई को नई आईपीएल टीमें से सात से 10 करोड़ मिलने की उम्मीद

एजेंसी। दुबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को सोमवार से यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो नई टीमों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रत्येक फ्रेंचाइजी से 7000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये तक मिलने की उम्मीद है। अभी हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई नीलामी की बोली का तकनीकी मूल्यांकन करने के बाद सोमवार को ही सफल बोली लगाने वालों की घोषणा करेगा या नहीं। ऐसी 22 कंपनियां हैं, जिन्होंने 10 लाख रुपये के निविदा (टेंडर) दस्तावेज लिए हैं। नई टीमों के लिए आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपये रखा गया है। ऐसे में केवल पांच से छह गंभीर बोली लगाने वालों के होने की उम्मीद है।

बीसीसीआई फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने के लिए तीन कंपनियों/व्यक्तियों के कॉन्सॉर्टियम (समूह) को भी अनुमति दे रहा है। इस नीलामी में बोली लगाने वाले




किसी व्यक्ति या कंपनी के मामले में, उस विशेष इकाई का वार्षिक कारोबार न्यूनतम 3,000 करोड़ रुपये होना चाहिए और कॉन्सॉर्टियम के मामले में तीनों संस्थाओं में प्रत्येक का वार्षिक कारोबार 2,500 करोड़ रुपये होना चाहिए। ऐसे में भारत के सबसे अमीर लोगों में शामिल गौतम अडानी और उनके अडानी समूह से अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाने की उम्मीद है। अडानी समूह अगर बोली लगाता है तो उसके नई फ्रेंचाइजी के मालिक बनने की संभावना अधिक होगी। इसी तरह, अरबपति संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह को भी एक नई फ्रेंचाइजी के लिए गंभीर बोली लगाने वाला माना जा रहा है। यह हालांकि अभी साफ नहीं है कि आरपीएसजी कॉन्सॉर्टियम के हिस्से के रूप में बोली लागाएगा या व्यक्तिगत तौर पर इसमें शामिल होगा। इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर एजेंसी से कहा, गौतम अडानी और संजीव गोयनका भारतीय उद्योग में सबसे बड़े नाम हैं। वे गंभीर बोली लगाने वाले होंगे। संभावित बोली लगाने वालों से 3,500 करोड़ रुपये की न्यूनतम बोली की उम्मीद है। यह मत भूलिए कि आईपीएल प्रसारण अधिकार से लगभग पांच बिलियन डॉलर (36,000 करोड़ रुपये) मिलने का अनुमान है। उन्होंने बताया, इसमें अर्थशास्त्र उसी के अनुसार काम करेगा क्योंकि फ्रेंचाइजी को टीवी राजस्व का हिस्सा समान रूप से मिलता है।

गोयनका दो साल के लिए पुणे फ्रेंचाइजी राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स (आरपीएस) के मालिक रहे हैं और वह आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) फ्रेंचाइजी एटीके मोहन बागान के मालिक भी हैं। ऐसी चर्चा है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के मालिक अवराम ग्लेजर के स्वामित्व वाले लांसर समूह ने भी बोली दस्तावेज लिया है। इस दौड़ में कोटक समूह, फार्मास्युटिकल (दवा बनाने वाली कंपनी) प्रमुख अरबिंदो फार्मा और टोरेंट समूह शामिल हैं। जहां तक शहरों का सवाल है तो अहमदाबाद और लखनऊ का दावा मजबूत नजर आ रहा है।

### एक पूर्व क्रिकेटर भी हो सकता है बोली में शामिल

अहमदाबाद के पास मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की क्षमता 1,00,000 से अधिक है, जबकि लखनऊ के इकाना स्टेडियम की क्षमता लगभग 70,000 है। इस दौड़ में हालांकि इंदौर, गुवाहाटी, कटक, धर्मशाला और पुणे जैसे बेहतर क्रिकेट स्टेडियम वाले शहर भी शामिल हैं। इस बोली में भारत का एक पूर्व क्रिकेटर कॉन्सॉर्टियम में शामिल हो सकता हैं, जिसके नई फ्रेंचाइजी के लिए गंभीरता से बोली लगाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, हां, भारत का एक पूर्व सलामी बल्लेबाज लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च करने और कॉन्सॉर्टियम में अल्प हिस्सेदारी खरीदने के लिए तैयार है। वह एक व्यापारिक परिवार से आते हैं और क्रिकेट टीम में निवेश करना चाहते हैं। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, वह अपने आप में एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं और यह भी समझते हैं कि फ्रेंचाइजी कैसे काम करती है। बॉलीवुड की जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर के कॉन्सॉर्टियम का हिस्सा होने के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है लेकिन वह किसी नई फ्रेंचाइजी के अल्प हिस्सेदार या ब्रांड दूत हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट के जरिए अफगानिस्तान में खुशियां लाना चाहते हैं नबी

**शारजाह।** अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी को विश्वास है कि टी–20 विश्वकप में उनकी टीम की सफलता स्वदेश में लोगों के चेहरों में फिर से मुस्कान लेकर आएगी। देश में तालिबान के शासन के बाद क्रिकेट उन कुछेक चीजों में शामिल है जो कि देशवासियों की खुशी का कारण है। अगस्त में तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की तैयारियां अच्छी नहीं रही। नबी ने स्कॉटलैंड के खिलाफ सुपर 12 के अपने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, तैयारियां आदर्श नहीं रही। हर कोई जानता है कि पिछले कुछ महीनों में अफगानिस्तान में काफी कुछ घटित हुआ, लेकिन क्रिकेट की दृष्टि से हर कोई विश्व कप के लिए तैयार है। राशिद खान और मुजीब उर रहमान के साथ मिलकर स्पिन तिकड़ी बनाने वाले नबी ने कहा, जब हम दुबई पहुंचे तो कुछ मसले थे लेकिन पिछले दो अभ्यास मैचों और अभ्यास सत्रों में टीम ने अच्छी तैयारी की। उन्होंने कहा, हमारे प्रशंसक वास्तव में इंतजार कर रहे हैं क्योंकि अफगानिस्तान में एकमात्र खुशी का कारण क्रिकेट है। अगर हम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और मैचों में जीत हासिल करते हैं तो हमारे प्रशंसक वास्तव में खुश होंगे और उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आएगी।

### एथलेटिक बिलबाओ ने विलारीयाल को हराया

**मैड्रिड।** विलारीयाल को स्पेनिश फुटबॉल लीग में शनिवार को एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 1–2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चैंपियन्स लीग में यंग ब्वायज के खिलाफ पिछले मैच में 4–1 की जीत दर्ज करने वाले विलारीयाल को स्पेनिश लीग में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है और टीम अंक तालिका में 13वें स्थान पर चल रही है। इस बीच विलारीयाल के गेरार्ड मोरेनो को मांसपेशियों में चोट के कारण पहले हाफ के बीच में ही मुकाबले से हटना पड़ा। डिफेंडर युआन फॉयथ भी मांसपेशियों में समस्या के कारण दूसरे हाफ में हट गए। एथलेटिक के लिए दोनों हाफ में राउल गार्सिया और इकेर मुनियन ने एक–एक गोल किया जिससे टीम 16 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है। वह शीर्ष पर चल रहे रीयाल सोसीदाद से चार अंक पीछे है। एथलेटिक के एलेक्स बेरेनगुएल की 82वें मिनट में पेनल्टी किक को विलारीयाल के गोलकीपर गेरोनिमो रुली ने रोक दिया। विलारीयाल की ओर से एकमात्र गोल फ्रांसिस कोकेलिन ने 32वें मिनट में किया। वेलेन्सिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल दागकर 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे मालोर्का को 2–2 से बराबरी पर रोका जबकि अलावेस ने केडिज को 2–0 से हराकर सत्र की दूसरी जीत दर्ज की। एल्शे ने इस्पानयोल के साथ 2–2 से ड्रॉ खेला।

### बोलोग्ना को हराकर एसी मिलान शीर्ष पर

**मिलान।** ज्लाटन इब्राहिमोविच और इस्माइल बेनेकर के अंतिम मिनटों में दागे गोल की बदौलत एसी मिलान की टीम सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में बोलोग्ना को 4–2 से हराकर शर्मसार होने से बच गई क्योंकि विरोधी टीम आधे घंटे से अधिक समय तक नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। मैदान पर अधिक खिलाड़ी होने के बावजूद ऐसा लग रहा था कि मिलान की टीम को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन बेनेकर ने 84वें और फिर इब्राहिमोविच ने 90वें मिनट में गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले राफेल लियाओ ने 16वें मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जबकि डेविड कैलेब्रिया ने 35वें मिनट में स्कोर 2–0 कर दिया। बोलोग्ना के गोल का खाता 49वें मिनट में इब्राहिमोविच ने आत्मघाती गोल करके खोला जबकि मुसा बोरो ने 52वें मिनट में स्कोर 2–2 कर दिया। बोलोग्ना की टीम ने 20वें मिनट में ही एक खिलाड़ी गंवा दिया जब डिफेंडर एडामा सुमाओरो को लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। बोलोग्ना को 58वें मिनट में एक और झटका लगा जब रॉबर्टो सोरियानो को भी लाल कार्ड दिखाया गया और टीम को बाकी बचा मुकाबला नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस जीत से मिलान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और उसने नेपोली पर एक अंक की बढ़त बना रखी है जो रविवार को एएस रोमा से भिड़ेगा।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग में चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी जीते

**लंदन।** खिताब के दावेदारों में शामिल चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल मुकाबलों में शनिवार को अपने मुख्य स्ट्राइकरों के बिना खेलते हुए जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने कुल मिलाकर 11 गोल दागे। चेल्सी की टीम अपने चोटिल स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु और टिमो वर्नर के बिना उतरी लेकिन इसके बावजूद मेसन माउंट की हैट्रिक की बदौलत नॉर्विच को 7–0 से रौंदकर सत्र की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। माउंट के अलावा चेल्सी की ओर से कैलम हडसन ओडोई, रीसी जेम्स और बेन चिलवेल ने भी एक–एक गोल किया। नॉर्विच के मैक्स आरोन्स ने दूसरे हाफ में एक आत्मघाती गोल भी दागा। सिटी की टीम सत्र ब्रेक के दौरान सर्जियो एगुएरो की जगह समान स्तर के खिलाड़ी से अनुबंध करने में नाकाम रही थी और स्टार स्ट्राइकर के बिना खेल रही है लेकिन टीम को ब्राइटन को 4–1 से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे। सभी प्रतियोगिताओं के पिछले 14 मैचों में यह छठा मौका है जबकि सिटी ने किसी मैच में तीन या उससे अधिक गोल दागे हैं। सिटी की तरफ से फोडेन के अलावा इकाय गुनडोगन और रियाद माहरेज ने भी एक–एक गोल किया। ब्राइटन की ओर से एकमात्र गोल एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पेनल्टी पर दागा।

### लिली को ब्रेस्ट ने बराबरी पर रोका

**पेरिस।** गत चैंपियन लिली को फ्रेंच फुटबॉल लीग में शनिवार को ब्रेस्ट ने 1–1 से ड्रॉ पर रोका। मैच के दोनों गोल पहले हाफ में हुए। कनाडा के फारवर्ड जोनाथन डेविड ने 18वें मिनट में मेजबान टीम लिली को बढ़त दिलाई जब उन्होंने जोस फोंटे के थ्रो इन को गोल में पहुंचाया। रोमेन फेवरे ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर ब्रेस्ट को बराबरी दिलाई। मौजूदा सत्र में लिली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और टीम 11 मैचों के बाद शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन से 12 अंक पीछे है। पीएसजी ने अभी एक मैच कम खेला है और टीम रविवार को मार्सेल से भिड़ेगी। लिली की टीम अंक तालिका में नौवें जबकि ब्रेस्ट की टीम 18वें स्थान चल रही है। शनिवार के एक अन्य मैच में नांतेस ने क्लेयरमोंट को 2–1 से हराया।

### मात्सुयामा ने जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता

**चीबा ( जापान )।** मास्टर्स चैंपियन हिदेकी मात्सुयामा ने चौथे दौर के आखिरी नौ होल में तीन बर्डी और एक ईगल लगाकर पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ रविवार को यहां पीजीए टूर जोजो गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 18वें होल में ईगल लगाकर पांच शॉट के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 15 अंडर 265 रहा। जापान में पीजीए टूर में यह उनका पहला खिताब है। अमेरिका के दो खिलाड़ी ब्रैंडन स्टील और कैमरन ट्रिंग 10 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। स्टील ने चौथे दौर में 66 जबकि ट्रिंग ने 69 का कार्ड खेला। ब्रिटिश ओपन चैंपियन कोलिंस मोरिकावा ने आखिरी दौर में 69 का कार्ड खेला और वह मात्सुयामा से 10 शॉट पीछे संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे। ओलंपिक चैंपियन जेंडर शॉफेले ने 68 का कार्ड खेला और पार स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 28वें स्थान पर रहे।

### पंजाब, नामधारी और मध्यप्रदेश सेमीफाइनल में

**भोपाल।** राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी, राजा करण हॉकी अकादमी, नामधारी एकादश और मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने रविवार को यहां पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने पहले क्वार्टर फाइनल में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) अकादमी कोलकाता को शूटआउट में 4–3 से हराया। नियमित समय तक दोनों टीमें 2–2 से बराबरी पर थी। राजा करण हॉकी अकादमी ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में लवप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से सैल्यूट हॉकी अकादमी को 7–1 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। नामधारी एकादश ने तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसजीपीसी हॉकी अकादमी को शूटआउट में 5–4 से पराजित किया। दोनों टीमें नियमित समय तक 4–4 से बराबरी पर थी। दिन के चौथे और अंतिम क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 5–1 से हराया।